जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Colours From Stones** — The available colours are ground on a stone slab or preferably by mortar & pestle (rubbing or grounding) to bring them in a powder form.

**Ronaldo Remains the Star**

**Asian Tigers' Exit was Disappointing** — Story of departure of Japan and Korea




*राजस्थान के नेताओं में सचिन पायलट लगातार राहुल गांधी के साथ पैदल चल रहे हैं और इस दौरान दोनों में लगातार चर्चा भी हो रही है। दूसरे दिन की यात्रा के दौरान राहुल गांधी सचिन पायलट के कंधे पर हाथ रखकर काफी देर तक चर्चा करते हुए नजर आए।*

# सोनिया गांधी 9 दिसम्बर को बच्चों के साथ जन्म दिन मनाने राजस्थान आ रही हैं

## इसीलिए 9 दिसम्बर, भारत जोड़ो यात्रा के लिये अवकाश का दिन है

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

झालावाड़ (राजस्थान), 6 दिसम्बर। सोनिया गांधी आगामी 9 दिसम्बर को अपना जन्मदिन अपने बच्चों के साथ मनाने के लिए पुत्री प्रियंका गांधी के साथ राजस्थान आ रही हैं।

सूत्र बताते है कि गांधी परिवार द्वारा "मिशन राजस्थान" को फायनल टच दिए जाने की उम्मीद है, जो कांग्रेस नेतृत्व के लिए सिरदर्द बन चुका है।

सूत्र कहते हैं कि राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन करने के लिए मूल रूपरेखा तय कर ली गई है और लम्बे समय से लम्बित

- **गांधी परिवार, उस दिन रणथम्भौर जायेगा, साथ-साथ छुट्टी बिताने**
- **उसी दिन सोनिया गांधी, राहुल व प्रियंका, "मिशन राजस्थान" को "फाइनल टच" देंगे। यह माना जा रहा है कि, नेतृत्व परिवर्तन कार्यक्रम का मोटा-मोटी प्रोग्राम तो तय हो गया है और अब क्रियान्वयन कार्यक्रम की बारीकियां तय होंगी।**
- **जानकार सूत्रों का कहना है कि, राजस्थान के प्रभारी के पद पर रंधावा की पद नियुक्ति इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई है। रंधावा "नो नॉन्सैंस" नेता हैं पंजाब के, तथा अमरिन्दर सिंह को मु.मंत्री पद से हटाने में उनकी अहम भूमिका थी।**
- **गहलोत ने पूर्व प्रभारी अजय माकन को टारगैट बना लिया था, अतः संतुलन बनाए रखने की छवि को प्रदर्शित करते हुए रंधावा को नया प्रभारी बनाया गया है।**
- **रंधावा मंगलवार शाम को जयपुर पहुंच गये हैं, तथा कल से भारत जोड़ो यात्रा में शरीक होंगे।**

राहुल गांधी पहले से ही कोटा में हैं और उम्मीद है कि तीनों ही रणथम्भौर जाकर एक-दूसरे के साथ समय बिताएंगे। इसीलिए राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोडो यात्रा में 9 दिसम्बर का अवकाश घोषित किया गया है।

इस निर्णय पर अब अमल करने का समय है। सूत्र कहते हैं कि अजय माकन के स्थान पर रंधावा को ए.आई.सी.सी. महासचिव नियुक्त किया जाना इसी योजना का हिस्सा माना जा सकता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पायलट के उत्साही समर्थक पोस्टर लगा रहे हैं

## दूसरी ओर प्रशासन उन्हें उतारने में व्यस्त है

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

झालावाड़ 6 दिसम्बर। एक पुरानी कहावत है कि तेंदुए पर बनी चित्तियां कभी नहीं बदलती।

यह कहावत अशोक गहलोत के लिए सही है जो सचिन पायलट की छवि

- **यह उदयपुर के चिन्तन शिविर की पुनरावृत्ति हो रही है, तथा वेणुगोपाल से शिकायत भी दर्ज कराई गयी है।**
- **राहुल गांधी कोटा में नहीं रुक रहे, कोटा के बाहर रुकेंगे।**
- **यह प्रोग्राम परिवर्तन मंगलवार को ही किया गया है।**
- **राहुल गांधी व गहलोत की बातचीत नहीं के बराबर ही हो रही है, यात्रा के दौरान, तथा अल्पाहार आदि के लिये रुकते समय।**

खराब करने के काम में लगे हुए हैं।

भारत जोड़ो यात्रा 8 दिसम्बर की सुबह कोटा शहर में प्रवेश करेगी और सचिन पायलट के समर्थक उनके पोस्टर्स कोटा में चिपका रहे हैं, लेकिन अशोक गहलोत की सरकार पायलट के सभी पोस्टर्स को फाड़ने में व्यस्त है।

ये हरकतें उदयपुर में आयोजित चिन्तन शिविर के दौरान की गई कार्रवाईयों की यादें ताजा करती हैं जब गहलोत सरकार द्वारा सचिन पायलट के पोस्टर्स फाड़े गए थे।

जब बात सचिन पायलट की हो तो अशोक गहलोत स्वयं को भारी असुरक्षित पाते हैं।

सूत्र कहते हैं कि सचिन पायलट के पोस्टर हटाने और फाड़ने के सन्दर्भ में के.सी. वेणु गोपाल को शिकायत की गई है। अब वेणुगोपाल क्या करते हैं, यह तो भविष्य ही बताएगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी की यात्रा से जुड़ने के लिये भुगतान मिला?

## सिने स्टार स्वरा भास्कर ने कहा, "हाँ भुगतान मिला, जनता की शुभकामनाओं व पीठ ठोकने से, और भुगतान अभी भी मिल रहा है"

**-सुजीत चक्रबर्ती-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। सिने स्टार भास्कर ने जब यह कहा कि मध्य प्रदेश में राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिये उन्हें कुछ मिला था तो भाजपा ईकोसिस्टम के ट्रॉलिंग दिल एक क्षण के लिये बल्लियों उछल गया। लेकिन अगले ही क्षण उनका मन बैठ गया, जब स्वरा ने कहा कि "मुझे वहाँ अनेकानेक लोगों का असीम सम्मान, अपार प्यार एवं अपनापन मिला, जिनमें ऐसे लोग भी शामिल थे, जो कांग्रेसी नहीं थे।

भाजपा, जो इस बात से व्याकुल और हताश है कि अपने-अपने क्षेत्र के बहुत सारे सितारे राहुल गांधी की इस यात्रा में जुड़ रहे हैं, ने दावा किया था कि उसने एक ऐसी ट्वीट खोजी है जो यह सिद्ध करती है कि राहुल गांधी की कांग्रेस इन लोगों को उनकी यात्रा में शामिल होने के लिये बड़ी मात्रा में पैसा दे रही है।

भाजपा ने कहा, बल्कि अशिष्टता-पूर्ण संकेत दिया कि सिने स्टार तो अच्छी खासी धनराशि की खातिर 15 मिनट का कोई भी स्लॉट देने के लिये तैयार हो जाते हैं।

भाजपा के आई.टी. प्रकोष्ठ ने तो

- **भाजपा के आई.टी. सैल की बड़ी अटपटी स्थिति हुई इस कथन से, क्योंकि वह बार-बार कह रहा था कि, फिल्मी हस्तियों को भारी राशि दी जा रही है, यात्रा से जुड़ने के लिये।**
- **आई.टी. सैल ने आत्म रक्षा में कहा, "सिने स्टार तो होते ही हैं झूठे।"**

सत्तर वर्षीय कलामर्मज्ञ अमोल पालेकर को भी नहीं बख्शा, जिनका सारी दुनिया सम्मान करती है।

वस्तुतः रिया सेन, पूजा भट्ट, रितेश देशमुख तथा अन्य ऐसी हस्तियों के "लाइक्स" तो राहुल गांधी को काफी पहले ही मिल गये थे लेकिन जब पालेकर यात्रा में शामिल हुये और राहुल की बाँह थामे हुये उनके साथ पैदल चले, तो भाजपा बुरी तरह हड़बड़ा गई।

और इसमें संदेह की कोई गुंजाइश ही नहीं थी कि भाजपा के सभी पूर्व युक्तियों और संकेतों की तरह, उसका प्रस्तावित शोर-शराबा, गीली फुलझड़ी की तरह, निरर्थक साबित हुआ। ऐसा तो होना ही था।

सही बात तो यह है कि बॉलीवुड की किसी भाी हस्ती ने भाजपा के किसी भी निराधार आरोप का कोई जवाब नहीं दिया, उसे किसी प्रतिक्रिया लायक नहीं समझा। और इस प्रकार की अग्निपरीक्षा में बॉलीवुड खरा उतरा। यह बात उस समय साफ हो गई, जब टाइम्स टी.वी. पर एक वरिष्ठ महिला पत्रकार ने स्वरा का इन्टरव्यू लिया।

उन्होंने स्वरा से बहुत सारे सवाल पूछे, जैसे वे भारत जोड़ो यात्रा में क्यों शामिल हुई, उनके साथ पैदल चलते हुए उन्होंने क्या देखा, आदि-आदि। उनसे राहुल गांधी के बारे में भी प्रश्न किये गये।

और अन्त में, उस प्रश्न की बारी आई, जो इन्टरव्यू का सबसे अहम प्रश्न था, बल्कि जिसके कारण इन्टरव्यू लिया गया था। उनसे पूछा गया: भाजपा ने कहा है कि यात्रा में शामिल होने के लिये, कई फिल्मी सितारों को कांग्रेस बड़ी धन राशि दे रही है।" स्वरा भास्कर, क्या आपको आपका भुगतान मिल गया?"

स्वरा ने कहा, "हाँ, मुझे बहुत सारे लोगों जिनमें ऐसे भी हैं, जो कांग्रेसी नहीं हैं, का असीमित स्नेह, सम्मान एवं अपनत्व मिला!"

मेरे लिये यह एक पहेली है कि समाचार चैनल ने इन्टरव्यू के लिये स्वरा भास्कर को ही क्यों चुना। शायद इसलिये कि, इन तमाम सेलीब्रिटीज में, वे खुले एवं स्वतंत्र विचारों वाली कलाकार मानी जाती हैं। वे सी.ए.ए. की विरोधी तथा मोदी की नीतियों के खिलाफ हैं। लेकिन सत्य सदैव ही कल्पना/कहानी की अपेक्षा अजनबी/अपरिचित हुआ करता है।

स्वरा ने कहा कि उन्हें पारिश्रमिक मिला, और हवाई अड्डों पर अपरिचित लोगों से अब भी मिल रहा है, जो उन्हें "स्वरा" बने रहने के लिये तथा उन बातों को कह देने के लिये धन्यवाद दे रहे होते हैं, जिन्हें कहने में लोग डरते हैं लेकिन जिन्हें कहा जाना बहुत जरूरी है।

उन्हें "भुगतान मिला", उदाहरण के लिये, कॉफी शॉप पर काम करने वाले खालिद नाम के उस लड़के से, जिसने मुझे एक पत्र दिया और कहा: "आप नहीं जानती कि आप जैसे लोगों के कारण, हम भारत के मुसलमान स्वयं को कितना ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं।" बस, यही मेरा भुगतान है।"

ये सेलिब्रिटीज राहुल के साथ क्यों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डॉ. पूनिया का राहुल गांधी से दूसरा सवाल

नई दिल्ली/जयपुर 6 दिसम्बर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भारत जोड़ो यात्रा पर आए राहुल गांधी से दूसरा सवाल किया, उनका पहला सवाल था किसानों की कर्जामाफी कब होगी जो उन्होंने 2018 में वादा किया था।

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भारत जोड़ो यात्रा पर राजस्थान आए राहुल गांधी से दूसरा सवाल किया कि, राजस्थान की जनता को अपराधों से मुक्ति कब तक मिलेगी?**

उन्होंने राजस्थान शांतिपूर्ण प्रदेश है, लेकिन कांग्रेस सरकार के शासन में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद हिंसक हुआ

## कर्नाटक के वासियों ने महाराष्ट्र से आ रही बसों को रोका, पत्थर बाजी की

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। भाजपा शासित दो राज्य-कर्नाटक एवं महाराष्ट्र एक बहुत छोटे से भूभाग, बेलागावी को लेकर आपस में लड़ रहे हैं तथा दोनों ही राज्य इस पर अपना दावा जता रहे हैं। मंगलवार को, सीमा के दोनों तरफ दोनों राज्य का झगड़ा जोर पकड़ गया तथा कन्नड़ प्रदर्शनकारियों ने उन बसों और ट्रकों पर पत्थर फैंके, जिनके रजिस्ट्रेशन नम्बर महाराष्ट्र के थे।

- **विवाद छोटे से क्षेत्र बेलागावी से संबंध रखता है। यह क्षेत्र 1960 के दशक में राज्यों की सीमाएं निर्धारित करते हुए, कर्नाटक को दे दिया गया था, हालांकि, इस क्षेत्र की अधिकांश जनसंख्या मराठी है।**
- **शरद पवार ने धमकी दी कि, अगर महाराष्ट्र के वाहनों को हानि पहुंचाना जारी रहा तो, वो बेलागावी जाकर, आंदोलन का नेतृत्व करेंगे।**
- **कर्नाटक व महाराष्ट्र दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार है।**

इससे पहले कि पुलिस इन कन्नड़ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेती, उन्होंने महाराष्ट्र से आने वाले वाहनों को रोका, तथा उनमें से कुछ को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। लेकिन अब स्थिति नियन्त्रण में है, जबकि दोनों ही राज्यों के राजनेता एक-दूसरे पर भारी बयानबाजी कर रहे है। तथा बेलगावी पर अपने-अपने दावों को दोहरा रहे हैं। दरअसल, बेलागावी के अधिकांश लोग मराठी-भाषी हैं, लेकिन 1960 के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 16 दिसम्बर को होंगे हाई कोर्ट बार चुनाव

जयपुर, 6 दिसंबर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट बार के 16 दिसंबर को होने वाले चुनाव का रास्ता साफ कर दिया और इस मामले में चुनाव पर रोक लगाने की मांग करने वाली अपील को खारिज कर दिया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश बीसीआई व अधिवक्ता सुमेर

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने चुनाव रद्द करने की मांग करने वाली बी.सी.आई. की याचिका को खारिज कर दिया।**

सिंह ओला की अपील को खारिज करते हुए दिए।

अपील में एकलपीठ के गत 11 अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। जिसमें एकलपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'तू डाल-डाल मैं पात-पात'

## पश्चिमी देशों ने रूस को आर्थिक दृष्टि से बांधने का प्रयास किया, रूसी ऑयल पर "प्राइस कैप" लगाकर, पर रूस ने ऑयल का उत्पादन घटाकर, विश्व की इकॉनमी को असंतुलित करने की धमकी दी

**-अंजन राय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। तेल का वैश्विक बाजार एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहा है क्योंकि रूस के तेल की कीमत पर यूरोपीय यूनियन (ई.यू.) द्वारा तय की गई सीमा आज से लागू हो रही है। ई.यू. ने रूस के तेल के लिए 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत तय की गई है। तेल की कीमतें करीब 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं और ई.यू. द्वारा तय की गई कीमत वर्तमान कीमतों से अधिक कम नहीं है।

वैश्विक मंदी और सभी देशों की आर्थिक वृद्धि दर से कमी की गंभीर चुनौती के बीच यह कदम विश्व की अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को और बिगाड़ सकता है। उभरती (अर्थ व्यवस्था और अन्य कमजोर देश और अधिक गंभीर अनिश्चितताओं का सामना कर सकते हैं।

- **"प्राइस कैप" की बातचीत तो कई दिनों से चल रही थी, पर, इस बार सफल होती सी नज़र आ रही है, क्योंकि पश्चिमी देशों ने धमकी दी है कि, अगर कोई देश रूस के प्राइस कैप प्रतिबंध को तोड़ कर ऊंचे दाम पर तेल खरीदेगा तो उसे, ऑयल के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए आवश्यक सुविधाएं, जैसे इंश्यौरैंस, शिपिंग, ब्रोकरेज आदि, उपलब्ध नहीं कराई जायेंगी, जिन पर पश्चिमी देशों का स्वामित्व है।**
- **पश्चिमी देशों को आशा है कि, इन सुविधाओं के उपलब्ध न होने के भय से, कोई भी देश ऊंचे दाम पर रूस का ऑयल नहीं खरीदेगा, और रूस की आमदनी कम हो जायेगी, तथा रूस के पास यूक्रेन युद्ध चलाने के लिये पैसा नहीं बचेगा।**
- **पर, यह भी सच है कि, अगर रूस ने अपनी ऑयल की सप्लाई बंद कर दी अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार में तो, ऑयल उद्योग में भूचाल आ जायेगा, तथा ऑयल की कीमत आसमान छूने लगेगी।**
- **अगर अन्य ऑयल प्रोड्यूसर अपना प्रोडक्शन बढ़ा देते हैं तो यह भूचाल रोका जा सकता है। पर ऐसा होता नज़र नहीं आ रहा, क्योंकि अमेरिका के मित्र सऊदी अरब ने भी अमेरिका के दबाव के बावजूद ऑयल उत्पादन बढ़ाने से साफ इंकार कर दिया है।**

यूरोप के कीमत तय करने के परिणामस्वरूप अब कोई भी ई.यू. की तय कीमत से अधिक पर रूस से तेल खरीदेगा। उसे तेल इंश्योरेंस, शिपिंग और ब्रोकरेज जैसी सम्बद्ध सेवाएं और सुविधाएं नहीं नहीं मिल पाएंगी। जो कि ऑयल की ग्लोबल डील का हिस्सा होती हैं। यदि रूस से तय कीमत से अधिक तेल खरीदा जाता है तो इससे अन्य देश के साथ तेल का सौदा एक तरह से असंभव हो जाएगा।

भारत ने घोषणा की है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए डिस्काउन्ट रेट पर रूस का तेल खरीदना जारी रखेगा। इसका मतलब होगा कि तेल की खरीद की तय कीमत से कम पर होगी, या भारत को शिपिंग, इंश्योरेंस व अन्य सुविधाएं अपने-आप जुटानी होंगी।

ई.यू. और अमेरिका ने भारत पर दबाव डाला था कि वह रूस से तेल की खरीद में कमी करे। युद्ध की समाप्ति के बाद वर्तमान साल में चीन और भारत रूस के तेल के सबसे बड़े खरीदारों के रूप में उभरे हैं और उन्होंने अपने राजस्व को घाटे में जाने से बचाया है।

यूक्रेन में युद्ध छेड़ने और वहां के नागरिक ठिकानों पर मिसाइल हमले जारी रखने के कारण ई.यू. ने रूस को दण्ड देने के लिए तेल की कीमत तय करना प्रस्तावित किया है। पिछले कुछ समय से रूस के हमलों का केन्द्र बिन्दु यूक्रेन की इलैक्ट्रिसिटी और एनर्जी फैसीलिटीज़ रही हैं। इसका कारण यह है कि वह कड़ाके की ठण्ड के महीनों में यूक्रेन के नागरिकों को दण्डित करना चाहता है।

कीमत नियन्त्रण तेल की ब्रिकी से प्राप्त होने वाली रूस की आय को सीमित कर देगा। रूस अपनी बजट जरूरतों को पूरा करने के लिए तेल की ब्रिकी से प्राप्त होने वाली आय पर पूर्णतया निर्भर है। उसके तेल से प्राप्त राजस्व में भारी कमी होने से उम्मदी है कि इससे यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियान के लिए फण्ड जुटाने और युद्ध के खर्चे वहन करने की रूस की क्षमता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस विधायकों के इस्तीफों पर निर्णय क्यों नहीं?

जयपुर, 6 दिसंबर (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने कांग्रेस के 91 विधायकों की ओर से दिए इस्तीफों पर निर्णय नहीं करने पर विधानसभा स्पीकर डॉ. सी.पी. जोशी और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस वी.के. भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड की जनहित याचिका पर दिए।

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने विधानसभा स्पीकर डॉ.सी.पी. जोशी और सचिव को नोटिस भेज कर जवाब मांगा।**

याचिका में कहा गया कि कांग्रेस के 91 विधायकों ने गत 25 सितंबर को विधानसभा स्पीकर को अपने इस्तीफे सौंपे थे। इसके बाद 18 अक्टूबर, 19 अक्टूबर, 12 नवंबर और 21 नवंबर को याचिकाकर्ता ने स्पीकर को प्रतिवेदन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध**

# चुनावी बॉण्ड पार्टियों को चंदा देने का लोकप्रिय जरिया बने

गरीबों का देश होते हुए भी भारत में होने वाले चुनाव जबरदस्त महंगे होते हैं। अनुमान लगाया गया है कि पिछले 2019 के लोकसभा आम चुनावों में 55 हजार से 60 हजार करोड़ रुपये चुनाव प्रचार के दौरान खर्च हुए जिससे वे दुनिया के सबसे महंगे चुनाव साबित हुए। मुद्रास्फीति को जोड़ें तो अब होने वाले चुनावों पर खर्च का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। चुनाव पर खर्च होने वाला पैसा कहां से आता है इस पर हमेशा चर्चा होती रही है। यह भी किसी से छुपा हुआ नहीं है कि चुनावों में काला धन और बिना हिसाब-किताब वाला पैसा बेतहाशा खर्च होता है। वोट के लिये पैसा बंटता है, सामान बंटता है। पार्टियां कहां से पैसा लाती हैं इस पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। चुनावी खर्च में पारदर्शिता लाने के लिये चुनाव आयोग ने राजनैतिक दलों को मिलने वाले पैसे का हिसाब मांगना ही नहीं शुरू किया बल्कि उसे सार्वजनिक किए जाने की व्यवस्था की। राजनैतिक दलों को मिलने वाला पैसा बैंकिंग चैनल से आये ताकि उसके काला धन होने की गुंजाइश न हो और वह विधिवत हो इसके लिये चुनावी बॉण्ड की व्यवस्था लागू की गई थी। इसके लिए 2017 के वित्त विधेयक में चुनावी बॉण्ड की घोषणा की गई थी तथा 29 जनवरी 2018 को इसकी अधिसूचना जारी कर उसे चलन में ला दिया गया। इसी के चलते राजनैतिक दलों की आमदनी का बड़ा जरिया अब चुनावी बॉण्ड हो गये हैं। देखने की बात यह है कि चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक पार्टियों ने पिछले चार सालों में 10,000 करोड़ रुपये हासिल किये हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के मुताबिक तब तक कुल 10,246 करोड़ मूल्य के कुल 18,779 बॉन्ड बेचे जा चुके थे। हिसाब लगाएं तो यह विशाल धनराशि केंद्र सरकार की कई बड़ी योजनाओं के कुल आवंटन के बराबर है। चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाले एक गैर-सरकारी संगठन ने पार्टियों द्वारा चुनाव आयोग को दिए गये हलफनामों की जानकारी के आधार पर बताया है कि बीते एक साल में छह राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टियों की कुल आमदनी में 2,300 करोड़ रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। अब इलेक्टोराल बॉण्ड की नई 24 वीं किश्त पांच दिसंबर से शुरू हो गई है। इसमें कितना पैसा आया यह तो बाद में पता चलेगा। यह भी दिलचस्प बात है कि चुनाव नहीं होने पर भी राजनैतिक दलों को चंदे से कमाई होती रहती है। भारतीय स्टेट बैंक ने आरटीआई के जवाब में बताया कि एक से 10 जुलाई 2022 के बीच अलग-अलग पार्टियों ने 389.5 करोड़ मूल्य के 475 बॉण्ड भुनाये। यह ऐसे समय पर हुआ जब देश में न लोकसभा चुनाव थे और न किसी भी राज्य में विधानसभा चुनाव। अब जब दो राज्यों– गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधान सभा चुनावों के दौरान राजनैतिक दलों को इस तरह मिलने वाला दान कितना बढ़ गया होगा इसका अंदाज लगाया जा सकता है।

चुनावी बॉण्ड की योजना के तहत बॉण्ड पर खरीददार का नाम नहीं होता और उसे केवल राजनैतिक पार्टियां ही भुना सकती हैं। बॉण्ड एक प्रकार के प्रोमिसरी नोट हैं,यानी ये धारक को उतना पैसा देने का वादा करते हैं। बॉण्ड एक हजार, दस हजार, एक लाख, दस लाख और एक करोड़ की राशि में ही खरीदे जा सकते हैं। ये इलेक्टोरल बॉण्ड कोई अकेले, समूह में, कंपनी या फर्म या हिंदू संयुक्त परिवार के नाम पर खरीद सकता है। इन्हें खरीदने वाले का नाम गुप्त रहता है। ये बॉण्ड भुनाने के लिये सिर्फ उन्हीं पार्टियों को चंदे के रूप में दिये जा सकते हैं जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत पंजीकृत हैं और जिन्होंने पिछले लोक सभा या विधान सभा चुनावों में कम से कम एक प्रतिशत मत हासिल किए हों। इन बॉण्ड से दानदाताओं को जो गोपनीयता मिलती है, उसका मतलब यह भी है कि मतदाता यह नहीं जान पाते हैं कि किस व्यक्ति, कंपनी या संगठन ने किस पार्टी को और किस हद तक धन दिया है। इसीलिए चुनावी बॉण्ड का विरोध करने वाले विशेषज्ञों और ऐक्टिविस्टों का कहना है कि ये चुनावी फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ाने की जगह घटाते हैं। इलेक्टोरल बॉण्ड लाए जाने से पहले, राजनीतिक दलों को उन लोगों का विवरण देना पड़ता था जिन्होंने 20,000 रुपए से अधिक का चन्दा दिया हो। चुनावी केन्द्रीय बजट में चुनावी बॉण्ड योजना की घोषणा में इस बात पर जोर दिया गया था कि इससे राजनीतिक दलों के वित्तीय पोषण और चंदे में पारदर्शिता आएगी। सरकार की दलील थी कि इससे चुनावी फंडिंग में काले धन का इस्तेमाल खत्म होगा और चुनाव लड़ने वाली पार्टी साफ धन का इस्तेमाल कर पायेंगी। सरकार ने इस कदम को क्रांतिकारी करार दिया था। मगर बॉण्ड का विरोध करने वालों का कहना है कि यह व्यवस्था जानने के अधिकार का उल्लंघन करता है और राजनीतिक वर्ग को जवाबदेही से बचाता है। पार्टियां चंदे का जो ब्यौरा चुनाव आयोग को देती हैं उनमें चुनावी बॉण्डसे मिली रकम तो बताती हैं किन्तु वे यह जानकारी नहीं देती कि वह किस व्यक्ति या संस्थान से उनके पास पैसा आया हैं। कुछ गैर सरकारी संस्थाओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाऐं दायर कर चुनावी बॉण्ड पर रोक लगाए जाने की मांग की है, लेकिन इन याचिकाओं पर सुनवाई तीन साल से लंबित है।

**कई छोटे दलों का कहना है कि आमतौर पर लोग छोटे दलों को नकद में ही चंदा देते हैं और बॉन्ड की योजना की वजह से उन्हें चंदा मिलना कम हो जाएगा या बंद हो जाएगा। जब बजट में सरकार ने प्रति व्यक्ति नकद चन्दा देने की सीमा घटाई तो अधिकतर छोटे दलों ने सवाल उठाया था कि क्या इसका मकसद छोटे दलों को खत्म करना है। उनका तर्क था कि आमतौर पर लोग छोटे दलों को नकद में ही चंदा देते हैं।**

सार्वजनिक हुए आंकड़े दिलचस्प तस्वीर सामने रखते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने वित्त वर्ष 2019-20 में बिके इलेक्टोरल बॉण्ड के तीन चौथाई हिस्से पर कब्जा किया है। इस वित्त वर्ष में बेचे गए कुल 3,435 के बॉन्ड में से कांग्रेस को मात्र नौ फीसदी ही मिला है। कांग्रेस के खाते में 318 करोड़ रुपए गये। साल 2018-19 में बीजेपी को बॉण्ड के जरिए 1450 करोड़ रुपए मिले थे और कांग्रेस को 383 करोड़ रुपए मिले थे। इसी प्रकार इन बॉण्ड के जरिए बीजेपी की हिस्सेदारी 2017-18 वित्त वर्ष में 21 फीसदी से बढ़कर 2019-20 में 75 फीसदी हो गई है। बीजेपी को 2017-18 में कुल 989 करोड़ रुपए में से 210 करोड़ रुपए और 2019-20 में 3,427 करोड़ रुपए में से 2,555 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। बाकी दलों का हाल इस प्रकार है:– राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने बॉण्ड के जरिए 29.25 करोड़ रुपए जुटाए, टीएमसी ने 100.46 करोड़ रुपए, डीएमके ने 45 करोड़ रुपये, शिव सेना ने 41 करोड़ रुपये, आरजेडी ने 2.5 करोड़ रुपये और आम आदमी पार्टी ने 18 करोड़ रुपए बॉण्डके जरिए जुटाए। इस प्रकार हम देखते हैं कि केवल तीन साल के भीतर इलेक्टोरल बॉण्ड ने दानदाताओं को गुमनामी के साथ लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों धन देने का प्रमुख विकल्प दिया है। दूसरी तरफ पार्टियों के खर्च की तरफ ध्यान दें तो वहां भी दिलचस्प नज़ारा सामने आता है कि वे आने वाले पैसे को खर्च करने में किफायत बरतती नज़र आती हैं। बीजेपी ने अपनी 2410.08 करोड़ रुपये की आय में से सिर्फ 41.71 प्रतिशत यानी 1005.33 करोड़ रुपये खर्च किए बताए। वहीं कांग्रेस ने अपनी कुल आय में से 51.19 प्रतिशत, तृणमूल कांग्रेस ने महज 5.97 प्रतिशत और सीपीएम ने अपनी कुल आय का 75.43 प्रतिशत खर्च किया। दो विधानसभाओं के वर्तमान चुनावों में हुए खर्च का ब्यौरा आने के बाद ही पता चलेगा कि अब उनके पास कितनी बचत है। यह भी काम दिलचस्प बात नहीं है चुनावी बॉण्ड योजना पर चिंता जताने तथा उसकी कड़ी आलोचना करने वाली राष्ट्रीय पार्टियों ने भी चुनावी बॉण्ड के जरिये चंदा उगाया है। कई छोटे दलों का कहना है कि आमतौर पर लोग छोटे दलों को नकद में ही चंदा देते हैं और बॉन्ड की योजना की वजह से उन्हें चंदा मिलना कम हो जाएगा या बंद हो जाएगा। जब बजट में सरकार ने प्रति व्यक्ति नकद चन्दा देने की सीमा घटाई तो अधिकतर छोटे दलों ने सवाल उठाया था कि क्या इसका मकसद छोटे दलों को खत्म करना है। उनका तर्क था कि आमतौर पर लोग छोटे दलों को नकद में ही चंदा देते हैं। समाजवादी पार्टी, बीएसपी, टीएमसी तथा डीएमके समेत बड़े दल जैसे कांग्रेस और वाम दल अलग-अलग मौकों पर इलेक्टोरल बॉण्ड पर सवाल उठाते रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषक इस बात से सहमत नहीं हैं कि बॉण्ड से राजनीति स्वच्छ होगी। उनका मानना है कि जो भी दल सत्ता में रहेगा, उसके खाते में ही अधिक राशि जाने की संभावना हमेशा बनी रहेगी। राजनीति में चंदा देने वाले अक्सर बड़े कारोबारी, कॉरपोरेट घराने होते हैं, कई बार सरकार बदलने से इस बात की आशंका अधिक बढ़ जाती है कि क्या खास पार्टी को चंदा देने वाले को परेशान किया जा सकता है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि हो सकता है कि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार मोटे चंदे देने वालों पर दबाव डाल सकती है या फिर यह भी संभव है कि उन्हें परेशान भी कर सकती है। मगर यह भी सच है कि भारत के नागरिकों को पता नहीं चलता कि किसने किस पार्टी को कितना पैसा दिया है। पहले यह कानूनी व्यवस्था थी कि कोई कंपनी अपने नेट मुनाफे का साढ़े साथ प्रतिशत हिस्सा तक ही दान कर सकती थी। मगर बाद में सीमा की यह व्यवस्था हटा दी गई। कंपनियों को अपने लाभ और हानि के खातों में अपने राजनीतिक योगदान को प्रकट करने की बाध्यता नहीं है। महात्मा गांधी राजनीति में जो पवित्रता लाए थे वह उनके साथ ही चली गई। जब राजनीति सिर्फ राज करने के लिये रह गई हो तब कोई क्या करे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# गैंगस्टर ग्रुप्स व माफिया बने शेखावाटी क्षेत्र के युवाओं के लिए अभिशाप

आनंदपाल हत्याकांड व उसके बाद बने माहौल से तथा अब राजू ठेहट की हत्या से विभिन्न समाजों के लोगों को सबक लेना चाहिए। किसी ने हिसाब किताब बराबर के लिए ठेहठ की हत्या कर दी। आनंदपाल सिंह हो, देवा गुर्जर हो या कोई राजू ठेहठ सब एक से गैंगस्टर ही थे। हत्याएं की थी। सबका ऐसे ही अंत हुआ। गैंगस्टर्स अपनी जाति के लिए कोई मैडल नही जीतते हैं। अपितु समाज में बहुत से बच्चों को इस गैंगवार की गंदगी में धकेलते हैं। विभिन्न समाजों के लोग इनको हीरो मानें या समाज के पथभ्रष्टक, वह उनका अपना विवेक है।

गैंगस्टरस लोगों को भय दिखाकर अवैध धंधा करते है। इनको राजनैतिक सरंक्षण भी मिलता रहता है। उपयोग के बाद राजनेता इनको किनारे कर देते है।इसके बाद गैंगस्टर्स बारी-बारी ये आपसी वर्चस्व की लड़ाई में या पुलिस एनकाउंटर्स में निपटते रहते हैं।

विचारणीय प्रश्न यह है कि सीकर, झुंझुनू, चुरू, नागौर-डीडवाना क्षेत्र के किसानों के बेटों को अल्प आयु में अपराध की दुनिया में कोन लोग धकेल रहे है? क्या शराब माफिया, खान माफिया, ड्रग माफिया, डोडा-पोस्त माफिया, जमीन माफिया और इनको शह देने वाले राजनीतिज्ञ शॉर्ट तरीके से धन कमाने का लालच देकर इन निरीह गरीब किसानों के लडको को इस खेल के रिंग में तो नही उतार रहे हैं?

गैंगस्टर्स की आपसी हत्याओं को लेकर बाजार बंद करवाने जैसे कदमों से बचा जाना चाहिए। वर्तमानं में शादियों का सीजन है। सैंकडों शिक्षकों की दशकों की तपस्या से सीकर शैक्षिक नगरी बना है। भय का माहौल शीघ्र खत्म किया जाना चाहिए।

किसी भी समाज के लिए आदर्श साहित्यकार, शिक्षक, लेखक, बुद्धिजीवी, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता आदि होते है। गैंगस्टरों को



महावीर सिंह

आदर्श मानना किसी भी समाज के लिए कलंक समान है।

अगर किसी ने अपराध किया है, हत्या की है तो कानून के मुताबिक सजा मिलनी चाहिए। कानून के मुताबिक हत्यारों को सजा मिले इसके लिए दबाव बनाने के लिए धरना, जुलूस, प्रदर्शन व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचने के विकल्प मौजूद है।

बाजार बंद करवाना, हिंसा करना, शवों को लेकर बैठना उचित नहीं है। ऐसा करके ही विभिन्न समाजों के लोग गैंगस्टर्स को महिमा मंडित करते है । विभिन्न समाजों ने, अज्ञानतावश, अपराधियों को अपनी-अपनी जाति समुदाय के हिसाब से गैंगस्टर्स को अपना-अपना आइकॉन (हीरो) बना रखे है। पढ़ने वाली उम्र के युवा बच्चे अपने-अपने समाज के हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की फोटो अपने मोबाइल में डालकर घूमते है। उनको कोई कहने डांटने वाला क्यों नही कि वे यह क्या कर रहे हो?

उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के मामले में और ताराचंद कडवासरा की हत्या में क्या अंतर है? राजस्थान की सरकार ने कन्हैया लाल के मामले में तुरंत कदम उठाते हुए मृतक कन्हैयालाल के दोनों बेटों को सरकारी नौकरी देकर व आर्थिक सहायता देकर परिवार को संभाला था। ताराचंद प्रकरण में भी उसके परिवार के दो योग्य जनों को नौकरी देनी चाहिए। उसके नाबालिग पुत्र, दो पुत्रियों की पढ़ाई की पूर्ण व्यवस्था करना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की चुनी हुई सरकार का कोई भी कदम समस्त नागरिकों के लिए बराबर होना चाहिए।


उपरोक्त सारे विचार, विभिन्न समाजों के लोगों ने, लोगों मिडिया पर डाल रखे है। सरकार को निष्पक्ष भाव से उन पर शीघ्रता से विचार करना चाहिए। भूमि विशेषत: शहरी भूमि कानूनों, माइनिंग से जुडे कानूनों, शराब-डोडा-पोस्त ठेकों का ओर अधिक सरलीकरण कर, इनमें पारदर्शिता लाई जा सकती, अवैध धंदे कम किए जाकर, माफियों का प्रभाव कम किया जा सकता है।

**महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# 23वें जोधपुर पोलो सीजन की रंगारंग शुरुआत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में आज से शुरु हुए 23वें जोधपुर पोलो सीजन में मंगलवार को उम्मेद भवन पैलेस कप अरीना पोलो (4 गोल) टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। रॉयल बग्गी में बैठकर मैदान में पहुंचे मुख्य अतिथि अर्मेनिया व जॉर्जिया के हिज एक्सीलेंसी के.डी. देवल, आईएफएस अम्बेसडर ऑफ इण्डिया ने गेंद फेंककर मैच का शुभारंभ करवाया।

**■ ब्लैक बक्स ने बालसमंद टीम को 11 के मुकाबले 15 गोल कर मैच जीत लिया**



**अर्मेनिया व जॉर्जिया के हिज एक्सीलेंसी के.डी. देवल, आईएफएस अम्बेसडर ऑफ इण्डिया ने गेंद फेंककर मैच का शुभारंभ करवाया।**

मेहरानगढ बैण्ड व पाईप्स एण्ड ड्रम्स 1 मैक आईएनएफ 1 मद्रास आर्मी बैण्ड की सुमधुर सुर लहरियों के बीच मयूर चौपासनी स्कूल के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे बैलून हवा में छोडकर 23वें जोधपुर पोलो सीजन की शुरुआत करवायी। मैच समाप्ति पर विजेता टीम के खिलाडियों को कर्नल उम्मेद सिंह ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

जोधपुर पोलो एवं इस्क्स्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव जंगजीत सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में आज दोपहर 3 बजे ब्लैक बक्स और बालसमंद के बीच अरीना पोलो मैच खेला गया जिसमें ब्लैक बक्स टीम ने तीन गोल की शुरुआती बढ़त के साथ खेलने मैदान में उतरी बालसमंद टीम को 11 गोल के मुकाबले 15 गोल कर 4 गोल के अन्तर से हराते हुए मैच जीत लिया। ब्लैक बक्स टीम के धनन्जयसिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले 13 गोल किए। साथी खिलाडी विदेशी मूल के एलन शॉन माइकल ने भी तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया। मुकाबले में बालसमंद टीम की ओर से खेलते हुए टीम के पेपसिंह भलासरिया ने पहले चक्कर में एक व दूसरे व तीसरे चक्कर में दो-दो गोल किए। साथी खिलाडी मेयो के द्रोण शेखावत ने तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल व मेयो के ही भूमिंजय सिंह ने चौथे चक्कर में एक गोल किया।

मैच के दौरान कर्नल उम्मेद सिंह, कर्नल गिरेन्द्र सिंह दाखां, जगत सिंह, डीएसपी चैनसिंह महेचा, डॉ. महेन्द्रसिंह राठौड, मृगेन्द्रसिंह भाटी, महेद्रपाल सिंह आदि पोलो प्रेमी उपस्थित थे।


# भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी-डॉ. अम्बेड़कर

भारत के संविधान को लिखने का श्रेय दलित पुत्र डॉ. भीमराव अम्बेडकर को जाता है। ह्यारा संविधान विश्व के सभी संविधानों की प्रमुख विशेषताओं को समेटते हुए नागरिकों को समानता और सह-अस्तित्व की गारण्टी देकर, भारत को प्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य घोषित करता है।

24 मार्च, 1946 को आए कैबिनेट मिशन से बाबा साहब के विचार विमर्श के बाद संविधान सभा के लिए डॉ. अम्बेडकर भी निर्वाचित हुए। 29 अगस्त, 1947 को संविधान प्रारूप समिति बनी। जिसके चेयरमैन डॉ. अम्बेडकर को बनाया गया। 3 जून 1946 से संविधान सभा ही भारत की प्रथम संसद बनी।

29 अगस्त, 1947 को संविधान सभा ने स्वतंत्र भारत के संविधान मसौदा निर्माण समिति के नामों की घोषणा कर दी थी। जिसमें कि डॉ. अम्बेडकर को प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। सदस्यों में सर अल्लादी कृष्णास्वामी, सर बी.एन.राय, श्री सैय्यद एम. सादुल्लाह, सर एन. गोपालस्वामी आयंगर, डॉ. के.एम. मुंशी, सर बी.एल मित्रर तथा श्री डी.पी. खेतान चुने गये। बाद में प्रारूप समिति ने मित्रर की जगह श्री एन माधवराव तथा श्री डी.पी. खेतान की मृत्यु होने से खाली हुए स्थान पर श्री टी.टी. कृष्णामाचारी को चुना। इस प्रकार मसौदा समिति में कुल आठ सदस्य थे।

इसके बाद डॉ. अम्बेडकर भारत के संविधान प्रारूप निर्माण कार्य में पूरी तरह व्यस्त हो गये। 29 अगस्त 1947 से लगातार संविधान निर्माण के महति कार्य को बड़ी लगन, उत्साह एवं



**यादरामसिंह यादव**

बुद्धिमता से दिन-रात करते रहे, तथा 16 फरवरी 1948 तक 171 दिन में संविधान का प्रारूप तैयार कर दिया। संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को अन्तिम रूप से स्वीकार कर पास कर दिया गया तथा 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया।

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में घोषणा की गई है कि 'हम भारत के लोग, भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी' (42वें संविधान संशोधन 1976 में जोड़ा गया), धर्म निरपेक्ष, लोकतन्त्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतन्त्र प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए और उन सभी में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर आज दिनांक 26 नवम्बर 1949 को इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मर्पित करते हैं।

**■ अमेरिका की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी ने डॉ. अम्बेडकर को डॉक्टर ऑफ लाज की उपाधि दी**

संविधान सभा में बहस का जवाब देने के लिए खड़े बाबा साहब ने कहा मैं केवल दलित जातियों के हितों के लिया आया था। हैरत हुई, जब मुझे संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी का चैयरमैन चुना गया। मैं असमंजस में पड गया कि आखिर इतनी बड़ी जिम्मेदारी मुझ पर क्यों डाली जा रही है। इस विचार से मेरा मन चिन्तित है कि क्या भारत की जनता, अपने मत, मजहब या स्वार्थ की अपेक्षा देश को अधिक महत्व देगी।। उन्होंने अपने चालीस मिनिट के सारगर्भित भाषण में भारत की समस्त जनता से स्पष्ट शब्दों में अपील की, कि सच्चे अर्थों में सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से जाति व्यवस्था को खत्म कर दो।

पूरी संविधान सभा जिसमें प्रधानमंत्री पं. नेहरू भी उपस्थित थे, ने शान्तिपूर्वक सुना और जब भाषण खत्म हुआ तो सभी सदस्यों ने तालियां बजाकर उनका आभार व्यक्त किया। डॉ. अम्बेडकर ने भारत की जनता को सावधान करते हुए कहा कि हम राजनीति में हम समान होंगे, परन्तु सामाजिक व आर्थिक जीवन में असमान होंगे। राजनीति में हम एक व्यक्ति एक वोट तथा इसकी एक वैल्यू को महत्व देंगे परन्तु सामाजिक व आर्थिक जीवन में हम एक व्यक्ति एक वैल्यू को अस्वीकार करेंगे। हमें जितनी जल्दी हो सके हमारी सामाजिक व आर्थिक असमानताओं को खत्म करना है, वरना जो वर्ग विषमताओं व अन्याय के शिकार होंगे वो इस लोकतंत्र रूपी महल को ध्वस्त कर देंगे।

संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर के कार्य से प्रभावित होकर संविधान सभा में बोले, डॉ. अम्बेडकर को कानून, समाजशास्त्र तथा आर्थिक क्षेत्रों में हमारे देश के इतिहास, मानव विज्ञान व संसार के संविधानों की उत्पत्ति व विकास के विशाल ज्ञान पर अधिकार है।

सर्वप्रथम संविधान सभा के विशेषज्ञ सर अल्लादी कृष्णास्वामी आयंगर के भाषण की इन पंक्तियों से करना चाहूंगा कि मेरे मित्र डॉ. अम्बेडकर ने जिस योग्यता और कुशलता के साथ संविधान को प्रस्तुत किया और प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंनें जो अथक परिश्रम किया उनके लिए मेरे मन में बहुत प्रशंसा भाव हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि इतनी लगन, श्रद्धा एवं उत्साह से खराब स्वास्थ्य के बावजूद भी प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर ने जो कार्य किया है, उतना इस कमेटी के किसी भी सदस्य ने नहीं किया है। उन्होंने न केवल अपने चयन की सार्थकता को सिद्ध किया है बल्कि इस कार्य में चार चांद लगा दिये हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने इतना कठोर श्रम किया एवं सावधानी बरती है उतनी कोई नहीं कर सकता।

11 जनवरी 1950 को बम्बई दलित जाति फैडरेशन ने डॉ. अम्बेडकर का स्वर्णपात्र में संविधान की प्रति भेंट करते हुए भारी सन्मान किया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि पिछले 20 सालों से सवर्ण हिन्दुओं तथा कांग्रेसी नेताओं ने मुझे मुस्लिम समर्थक, ब्रिटिश समर्थक तथा हिन्दु धर्म का विनाशक एवं स्वतन्त्रता विरोधी-नेता, कहकर निंदित किया है। मुझे आशा है कि मेरे संविधान के निर्माण कार्य से मुझे वे सही रूप में समझने में समर्थ होंगे ।

5 जून 1952 को अमेरिका की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी द्वारा संसार के सवोत्तम संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर को डॉक्टर ऑफ लाज की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। अमेरिका वासियों ने इससे पूर्व डॉ. अम्बेडकर को भारत का बुकरिटी-वाशिंगटन का सम्मान प्रदान किया था। डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान निर्माण की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हुए सदियों से दलित शोषित वर्ग, जिसकी पीड़ा व दर्द को समझते थे, मानवीय अधिकार संविधान में दिलाये।

बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि स्वरूप उनकी आदमकद प्रतिमा "संसद-भवन" नई दिल्ली के प्रांगण मे स्थापित की गयी। वर्ष 1990 में बाबा साहब को राष्ट्र की सेवाओं के लिए 'भारत रत्न' के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से उनके मरणोपरान्त उनकी पत्नी को देकर सम्मानित किया। डॉ. अम्बेडकर द्वारा किये गये देशहित में उनके महान कार्यों को कभी भुलाया ना जा सकेगा। भारत की जनता उनकी हमेशा के लिए ऋणी रहेगी।

**यादरामसिंह यादव,**
**स्वतंत्र लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### बुधवार 7 दिसम्बर, 2022

मार्गशीष मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, कृत्तिका नक्षत्र दिन 10:25 तक, सिद्ध योग रात्रि 2:54 तक, वणिज करण प्रात: 8:02 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 10:25 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सम्पूर्ण दिन-रात है। भद्रा प्रात: 8:02 से रात्रि 8:50 तक है। आज चतुरथी तिथि में वृद्धि हुई है। आज चान्द पूर्णिमा व्रत, श्री दत्तात्रेय जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:42 तक, शुभ 11:00 से 12:18 तक, चर 2:54 से 4:11 तक, लाभ 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:07, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। आवश्यक ्धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**कन्या**
धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।


**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।


**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# लग्जरी होटल और बंगले समेत 16 करोड़ रु. की संपत्ति का मालिक निकला सहायक लेखाधिकारी

## सूचना सहायक भी बीएमडब्ल्यू कार-बाइक और करोड़ों की नकदी-ज्वैलरी की मालकिन


चित्रकूट वैशाली नगर स्थित दीपक गुप्ता का लक्जरी घर।


जयपुर स्थित होटल।


जयपुर स्थित जिम।


घर में बनाया हुआ आलीशान मिनी थियेटर।


प्रतिभा कमल के घर की तलाशी लेते एसीबी अधिकारी।


तलाशी के दौरान मिली सोने की घड़ियां व अन्य आईटम्स।



विदेशी नस्ल के कुत्ते और तोते घर में पाल रखे हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम का सहायक लेखाधिकारी दीपक गुप्ता लग्जरी होटल व बंगले समेत 16.31 करोड़ रुपये की संपत्ति का मालिक निकला। मंगलवार को जब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उसके घर व होटल समेत पांच ठिकानों पर एक साथ दबिश दी तो यह खुलासा हुआ।

दीपक के वैशाली नगर में चार मंजिला घर पर 4-4 लाख रु. के दो विदेशी डॉग, होटल-बंगले का आलीशान इंटीरियर, दो मंजिला लिफ्ट, एक लाख रु. का अफ्रीकन तोता, महंगा होम थियेटर-मिनी जिम, 14 लाख की नकदी, 1 किलो सोना व 20 किलो चांदी, कई प्लॉट-फ्लैट, 2 सोने की घड़ी, म्युच्यूअल फंड के कागजात बरामद हुए, जो कि उसकी कमाई से 1200 प्रतिशत ज्यादा है। एसीबी के अधिकारी भी जब वैशाली नगर के चित्रकूट स्थित उसके घर पर दबिश देने पहुंचे तो महल जैसा इंटीरियर और आलीशान शान-ओ-शौकत देखकर दंग रह गए। बेशकीमती झूमर और घर के पंखे-लाइट, दरवाजे, 13 एयर कंडीशनर सभी सैंसर से चलते थे। लाईट वाला फव्वारा और महंगे कारपेट देखकर अधिकारियों की आंखें सन्न रह गई।

इसी तरह सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, योजना भवन में कार्यरत सूचना सहायक प्रतिभा कमल के घर समेत 2 ठिकानों पर एसीबी ने दबिश दी। यहां भी करोड़ों रुपये की अघोषित संपत्ति मिली। जिसे करीब साढ़े 6 करोड़ रुपये से ज्यादा माना जा रहा है। प्रतिभा कमल के जयपुर स्थित मकान से 22.90 लाख रु. नकद, 1.3 किलो सोना, 2 किलो चांदी, बीएमडब्ल्यू कार-बाइक समेत चार लग्जरी वाहन, परिजनों के नाम से 11 बैंक खाते, 12 से अधिक बीमा पॉलिसियां, एक-एक ऑफिस व फ्लैट, 7 दुकानें तथा 13 व्यावसायिक और आवासीय भूखंडों के कागजात बरामद हुए। इसके अलावा उसके घर और ऑफिस से महंगे लेपटॉप और डेस्कटॉप मिले है। यह कुल संपत्ति प्रतिभा की आय से करीब 1300 प्रतिशत ज्यादा है।


दीपक गुप्ता

- एसीबी ने जयपुर डिस्कॉम के एएओ दीपक गुप्ता और सूचना सहायक प्रतिभा कमल के घर व अन्य ठिकानों पर छापा मारा
- दीपक के पास 14 लाख की नकदी, एक किलो सोना व 20 किलो चांदी तथा होटल-बंगले, प्लॉट-फ्लैट, म्युच्यूअल फंड समेत 16.31 करोड़ की अघोषित आय उजागर हुई, जो कि उसकी कमाई से 1200 प्रतिशत ज्यादा है।
- प्रतिभा के घर पर 22.90 लाख नकद, 1.3 किलो सोना व 2 किलो चांदी, बीएमडब्ल्यू कार-बाइक समेत चार लग्जरी वाहन, 7 दुकान, फ्लैट-ऑफिस और 13 प्लॉट्स के कागजात बरामद हुए। जो कि उसकी आय से करीब 1300 प्रतिशत ज्यादा है।

एसीबी महानिदेशक बी. एल. सोनी ने बताया कि एसीबी इंटेलिजेंस इकाई द्वारा डवलप की गई सूचना पर एसीबी जयपुर की यूनिट ने दोनों अधिकारियों के ठिकानों पर यह छापेमार कार्रवाई की। दोनों अधिकारियों के घर व अन्य ठिकानों पर करोड़ों रुपये और अन्य संपत्तियां मिली है, जिसके बारे में पूछताछ की जा रही है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी के निर्देशन में एसीबी की कई टीमें दोनों अधिकारियों के ठिकानों पर छापे मार रही है। फिलहाल दोनों अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने का मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों से एसीबी के अधिकारी पूछताछ करने में जुटे हैं।

# प्रदेश में तीन नए करोना संक्रमित मिले मंगलवार को

-कार्यालय संवाददाता-

- यह संक्रमित केवल जयपुर में पाए गए हैं, जबकि अन्य जिलों कोई भी नया मरीज सामने नहीं आया है

**जयपुर।** प्रदेश में मंगलवार को केवल तीन ही नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 7 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 55 रह गए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को केवल जयपुर में ही 3 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सांगानेर इलाके में 1, जबकि दो अन्य का पता गलत मिला है। वहीं आज जयपुर के अलावा किसी भी जिले में नया संक्रमित नहीं पाया गया है। हालांकि इससे पहले सोमवार को अजमेर और राजसमंद में 2 रोगी मिले थे। प्रदेश में आज 4265 जांचे की गई है। उधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 7 संक्रमितों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 55 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 4 मरीजों के रिकवर होने से अब 31 एक्टिव केस बचे हैं। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

## न्यायिक कर्मियों का सामूहिक अवकाश जारी

**जयपुर,** (का.सं.)। न्यायिक अधिकारी के घर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा के आत्मदाह से जुड़े मामले में कर्मचारियों का बीते 18 नवंबर से चला आ रहा सामूहिक अवकाश मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने कोर्ट परिसर में रेली निकालकर नारेबाजी की। वहीं न्यायिक कर्मचारी संघ के महामंत्री सतबीर सिंह का आमरण अनशन 15 दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने मंगलवार को सद्बुद्धि यज्ञ किया और सुंदरकांड का पाठ कर दिवंगत कर्मचारी श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि एनडीपीएस मामलों की विशेष कोर्ट में पदस्थापित कर्मचारी सुभाष मेहरा ने 10 नवंबर को न्यायिक अधिकारी के घर की छत पर आत्मदाह कर लिया था।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य प्रमोद कुमार लाटा पुत्र स्व.श्री पूरणमल हाल निवासी-नई दिल्ली ने कैलाश चन्द शर्मा पुत्र श्री होशियारमल, निवासी-प्लाट नम्बर 17, गणेश नगर, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर से दुकान नम्बर 85,86, गणेश नगर-द्वितीय, मुरलीपुरा स्कीम के पास, जयपुर ली है तथा दोनों दुकानों की सम्पूर्ण राशि अदा कर उनका कब्जा भी प्राप्त कर लिया। तब से मेरे अभिभाष्य का ही दोनों दुकानों पर कब्जा आधिपत्य व स्वामित्व बना हुआ है। इस संबंध में कागजात भी निष्पादित किया जिस पर अरूण शर्मा पुत्र कैलाश चन्द शर्मा के भी हस्ताक्षर है। अतः कोई भी व्यक्ति सोसायटी श्री गणपति गृह निर्माण सहकारी समिति लि.जयपुर या उप पंजीयक कार्यालय में अपने नाम उक्त दुकानों का हस्तान्तरण नहीं करावें, न ही कोई कागजात तैयार करावें, अन्यथा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
जयपुर (सुरेश कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-6/12/2022 मो.नं.-9829298518

**आम सूचना** दिनांक 06.12.2022
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि वाके शहर जयपुर चौकड़ी रामचन्द्र जी, कुम्हारों की नदी में स्थित म.नं. 3360 के संबंध में श्री खुर्शीद अली खान ने स्व. श्री आनन्दी लाल प्रजापत के वारीसों से इकरारनामा/रसीद 28.12.2002 एवं इकरारनामा दिनांक 30.08.2005 निष्पादित कर रखा है, श्री खुर्शीद अली खान का स्वर्गवास दिनांक 13.07.2013 को हो गया है श्री खुर्शीद अली खान के वारीसान जीवित है। इकरारनामा/रसीद 28.12.2002 एवं इकरारनामा दिनांक 30.08.2005 वर्तमान में भी प्रभावी है, इसलिए कोई भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को आनन्दीलाल प्रजापत के वारीसान से नहीं खरीदे, ना ही खरीद का इकरार करे, अन्यथा स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
शोएब मिर्जा, एडवोकेट, राज. उच्च न्यायलय, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहाडगंज गृ.नि.सं.समिति लि. जयपुर पंजीयन क्रमांक 2429/एल की योजना निक्की टाउन स्थित ग्राम रघुनाथपुरा आगरा रोड जयपुर में भूखण्ड संख्या 83 क्षेत्रफल 50-00 वर्गगज का श्रीमती किर्ती अडवानी पत्नि श्री श्याम अडवानी निवास 197, कंवर नगर जयपुर के नाम से आवंटित किया गया था किन्तु उक्त भूखण्ड संख्या 83 का आवंटनपत्र, रसीद व साईड प्लान कहीं गुम हो जाने के कारण उक्त आवंटी श्रीमती किर्ती अडवानी पत्नि श्री श्याम अडवानी ने समिति कार्यालय में डुप्लीकेट आवंटनपत्र के लिये आवेदन किया है। इस सम्बन्ध में किसी संस्था व्यक्ति या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के समिति कार्यालय में 15 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें अन्यथा मियाद गुजर जाने के बाद उक्त प्रार्थीया के हक में डुप्लीकेट आवंटनपत्र से सम्बन्धित कार्यवाही कर दी जावेगी।
मन्त्री, पहाडगंज गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरटिव बैंक, लिमिटेड, जयपुर**
**आम सूचना**
दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 27वीं वार्षिक साधारण आम सभा (2021-22) दिनांक 24.12.2022 शनिवार को स्थान: Leisure Inn Grand Chanakya, 4-A-B, Kashi Bhawan, Panch Batti, M.I., Road, Jaipur-302001 में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जा रही है। आप सभी सदस्य सादर आमंत्रित है।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**खोया पाया**

शिव शंकर हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. जयपुर विश्वकर्मा कॉलोनी का प्लॉट नं.-19 के मूल कागजात गोनेर रोड़ पर खो गये। मिलने पर सूचित करें। राजाराम प्रजापत मो.- 9414443189

प्लॉट नं- एस 32 एस 4 जो योजना वृन्दावन विहार आगरा रोड़ जयपुर जिसकी अम्बेडकर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. के प्लॉट के मूल कागजात गोनेर रोड़ पर खो गये। मिलने पर सूचित करें। राजाराम प्रजापत- मो.- 9414443189

प्लाट नं. बी-67 योजना वैशाली नगर जयपुर के आवंटन पत्र, विक्रय पत्र, जेडीए द्वारा जारी पट्टा विलेख व अन्य मूल दस्तावेज कहीं खो गए है। मिलने पर सूचित करें-फरीदा ईलाही- 9799417786

मेरा फ्लैट सं. 29/जी/36, गोदावरी अपार्टमेन्ट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क-8963040557

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अब्दुल वाहिद खान से बदलकर वाहिद रख लिया है। अब मुझे वाहिद नाम से जाना जाये।

मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम रिषभ (Rishab) गलत दर्ज है। सही नाम रिषभ कुमार (Rishabh Kumar) है। Army No. 15346197L हवलदार अखिलेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल, ग्राम-बॉबी, पोस्ट-बौसर, तहसील-नरवल, जिला-कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश

I Army No.15339116X Hav Nongmaithem Rojen Singh, 60 Engineer Regiment, in my Service Record my wife's name R.K.Ronika Devi registered as wrong, whereas her correct name is Nongmaithem Ronika Devi W/o Nongmaithem Rojen Singh vide affidavit 05/12/2022, Jaipur.

I, "Harshit Chandna", S/O Shri Vimol Chandna R/o of D-9/206, Aakriti Appt, Chitrakoot Scheme, Jaipur, Rajasthan- 302021, have changed my name to "Harshith Chandna" for all future purposes.

I, "Sonali Chandna", D/O Sh J C Cough, W/O Shri Vimol Chandna R/o of D-9/206, Aakriti Appt, Chitrakoot Scheme, Jaipur, Rajasthan- 302021, have changed my name to "Sonaali V Chandna" for all future purposes.

**कार्यालय नगर विकास न्यास, अलवर**
क्रमांक: 15129 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांक: 06.12.2022
**मुख्यमंत्री जन आवास योजना के प्रोविजन नंबर 3 सी में ले-आउट प्लान में संशोधन बाबत**
मैसर्स नमन श्री गोविंदम रियल एस्टेट प्रा० लि० के खसरा नंबर 1381, 1395, 1398, 1405, 1405/2364, 1412, 1413, 1414, 1415, 1416, 1430, 1432, 1433, 2075, 1386, 1397, 1400, 1404, 1379, 1380, 1382, 1383, 1383/2524, 1384, 1385, 1387, 1388, 1388/2517, 1401, 1401/2519, 1402, 1402/2520, 1403, 1403/2518, 1394/2521, 1395/2525, 1395/2526, 1398/2522, 1398/2523, 1399, 2083, 2098, 2099, 2100, 2079, 2080, 2081, 2082, 2101 ग्राम चिकानी तह० व जिला अलवर के ब्लॉक-ए में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के प्रोविजन नंबर 3 सी के तहत ले-आउट प्लान स्वीकृति की बैठक दिनांक 24.2.2021 को स्वीकृत किया गया था। मेसर्स नमन श्री गोविंदम रियल एस्टेट प्रा० लि० द्वारा न्यास कार्यालय में पूर्व के स्वीकृत ले-आउट प्लान में संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका न्यास कार्यालय के कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते हैं। ले-आउट प्लान संशोधन के क्रम में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर-अंदर कारण मय दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।
– सचिव, नगर विकास न्यास, अलवर


## झण्डा दिवस पर दी बधाई

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस (7 दिसम्बर) के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने इस मौके पर सभी जवानों, पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और समस्त देश-प्रदेश वासियों को बधाई दी है।

## 18 साल से अधिक आयु वालों का मतदाता सूची में नाम सुनिश्चित हो : राजोरिया

**जयपुर,** (का.सं.)। मतदाता लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है इसलिए हर एक पात्र व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए। ये कहना है जयपुर संभाग की रोल ऑब्जर्वर एवं राजफैड की प्रबंध निदेशक उर्मिला राजोरिया का। राजोरिया ने मंगलवार को जयपुर जिले के सिविल लाइन्स, मालवीय नगर और सांगानेर विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया।

इस दौरान राजोरिया ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने बूथ पर बीएलओ को समस्त प्रकार के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने और हर पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। राजोरिया ने बीएलओ को मुख्य रूप से युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करवाने के निर्देश दिये।

## एम.एल.मेहता मेमोरियल ओरेशन आज

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्य सचिव एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, स्वर्गीय एम. एल. मेहता को श्रद्धांजलि के तौर पर 7 दिसंबर को एम. एल. मेहता मेमोरियल ओरेशन का आयोजन किया जा रहा है। एम.एल. मेहता मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से एचसीएमआरआईपीए, जयपुर में आयोजित किया जाने वाला यह आठवां ओरेशन है।


**तीये की बैठक**


अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय **सुरेंद्र कुमार मिश्र** सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद मिश्र का स्वर्गवास 05.12.2022 को हो गया। तीये की बैठक 07.12.2022 को सांयः- 4:00 से 5:00 बजे बिहारी जी का मंदिर, खजाने वालों का रास्ता, चौथा चौराहा, चांदपोल बाजार, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल**- आशा देवी (पत्नी), कुलदीप (पुत्र), रामअवतार, रमेश, सूरजभान (चाचा), रमेश, भारती, महेंद्र, किशनलाल, प्रेमप्रकाश, मनोज, नेमीचन्द (भ्राता), सन्नी, शिवा, जीतू, विक्की, मोहित, जतिन, अमन, साहिल, गौरव, राज, विवेक (भतीजे), आरव (पौत्र) एवं समस्त मिश्र परिवार। प्रतिष्ठानः- इन्द्र मूर्ति कला केंद्र । 9828019860, 9460866294, 9660411184

**सम्पत्ति-क्रय-विक्रय**
इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/इण्डस्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# संजय बाजार में साप्ताहिक हाट बाजार के लिए लाईसेंस की जानकारी मांगी

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि संजय बाजार में लगने वाले साप्ताहिक हाटबाजार के लिए क्या फुटकर दुकानदारों को लाईसेंस जारी किया गया है। इसके अलावा यहां अतिक्रमध और वर्षों से लंबित डक्टिंग प्रोजेक्ट के लिए क्या किया जा रहा है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश संजय बाजार व्यापार विकास समिति की याचिका पर दिए। इसके साथ ही अदालत ने मामले में हाटबाजार दुकानदारों के संगठन को मामले में इंटरवीनर बना लिया है।

समिति की ओर से अदालत को बताया गया कि संजय बाजार की स्थापना करीब पांच दशक पहले की गई थी। यहां अवैध साप्ताहिक हाटबाजार लगाने के चलते स्थानीय दुकानदारों को परेशानी होती है। वहीं अतिक्रमण होने के चलते चारदीवारी में होने के बावजूद भी यह बाजार पिछड़ा हुआ है। समिति के अधिवक्ता विमल चौधरी ने कहा कि पूर्व न्यायाधीश वीएस दवे और न्यायाधीश इंद्रसेन इसरानी की कमेटी ने बाजार के विकास के लिए डटिंग प्रोजेक्ट तैयार किया गया था, लेकिन इस पर अब तक भी काम शुरू नहीं हुआ है। बाजार में लोगों की ओर से खरीदी गई बेशकीमती दुकाने के लिए अब ग्राहक तक नहीं मिल रहे हैं। वहीं फुटकर दुकानदारों की ओर से कहा राज्य सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कानून बनाकर उनके हिक सुरक्षित किए हैं। याचिकाकर्ता ने अधूरे तथ्यों के साथ जनहित याचिका दायर की है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार से जानकारी मांगी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बासनी पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**
क्रमांक-SPLI दिनांक-28/11/2022
**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य सडक से श्रीराम पंच के मकान की ओर इंटरलॉकिंग टाईल निर्माण कार्य | 06.12.22 को 10AM तक | 06.12.22 12 PM तक | 06.12.22 2PM | 10.00 लाख | 20,000 | 500/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
सरपंच, ग्राम पंचायत बासनी, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) NIB N. ZAL2223A0936 UBN N. ZAL2223GSOB01340 ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बासनी, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत बासनी पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**
क्रमांक-SPLII दिनांक-28/11/2022
**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महात्मा गांधी नरेगा कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु वर्ष 2022-23 | 09.12.22 11 AM तक | 09.12.22 01 PM तक | 09.12.22 3 PM | 9.50 लाख | 19000 | 500.00 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
सरपंच, ग्राम पंचायत बासनी, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) NIB N. ZAL2223A0937 UBN N. ZAL2223GSOB01341 ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बासनी, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

# साधु बनकर आए बदमाश ने महिला पर एसिड फैंका

## महिला करीब एक किलोमीटर तक दौड़ती हुई घर पहुंची

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में साधु बनकर आए बदमाश ने महिला पर पहले हमला किया और फिर एसिड फेंक दिया। महिला चिल्लाते हुए करीब 1 किमी तक दौडती हुई घर पहुंची। एसिड से महिला का चेहरा और शरीर का कुछ हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। मामला मंगलवार सुबह 10 बजे का बताए जा रहा है।

सहायक पुलिस उपनिरीक्षक शंकरलाल ने बताया कि एसिड अटैक में 43 साल की जडाव देवी पत्नी शंकर गुर्जर झुलसी है। हॉस्पिटल जाकर महिला का बयान लिया गया है। घटना को महिला के खेत पर ही अंजाम दिया है। खेत उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर गांव से बाहर है। वहां सुबह के समय कोई नहीं था। उस समय महिला पर हमला किया गया। एसिड अटैक के बाद सुनसान रास्ते से चीखते-चिल्लाते हुए महिला गांव पहुंची। गांव के चौराहे पर बैठे ड्राइवर देवीलाल ने महिला को देखा। उसने लोगों और महिला के घरवालों को बुलाया। महिला का पति उसे महात्मा गांधी हॉस्पिटल में ले गया। फिलहाल महिला बर्न वार्ड में भर्ती है। एसिड अटैक क्यों किया गया, इसका कारण अभी सामने नहीं आया है। फिलहाल परिजनों की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है।

- **बदमाश ने पहले हमला किया फिर एसिड फैंका**
- **घटना को महिला के खेत पर ही अंजाम दिया है**



एसिड अटैक में घायल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है।

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर घुसपैठिए को मार गिराया

## तलाशी में पाकिस्तानी करेंसी, सिगरेट और माचिस मिली

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करते घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया। मारने से पहले जवानों ने उसे आवाज लगाकर रूकने को कहा था, लेकिन वह आगे बढ़ता जा रहा था। उसके नहीं रूकने पर जवानों ने फायरिंग कर दी। घुसपैठिए की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पाक ने भी शव लेने से इंकार कर दिया है। मामला श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर से सटे बॉर्डर का है।

बीएसएफ जवानों को श्रीकरणपुर के गांव मांझीवाला के पास हरमुख पोस्ट पर घुसपैठिए की एक्टिविटी नजर आई थी। मृतक पाकिस्तान के किस इलाके का था या तारबंदी को पार कर कहां जा रहा था। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। शव श्रीकरणपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घुसपैठिए की तलाशी में दस रुपए की पाकिस्तानी करेंसी, एक सिगरेट की डिब्बी, एक छोटी रस्सी, माचिस, लाइटर आदि सामान मिला है। बीएसएफ ने इस बारे में पाक रेंजर्स के साथ फ्लेग मीटिंग की थी, लेकिन उन्होंने घुसपैठिया का शव लेने से इनकार कर दिया।

मामले की जानकारी पर बीएसएफ की 77वीं बटालियन के कमांडेंट अशोक कुमार, सैक्टर मुख्यालय से कमांडेंट राजन सूद, गुप्तचर शाखा से डिप्टी कमांडेंट रामसिंह यादव और अन्य अधिकारी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने मौका देखा और वीडियोग्राफी भी करवाई। इसके बाद अफसर पूरा दिन हरमुख पोस्ट पर डेरा डाले रहे। पुलिस के एएसपी सुरेंद्रसिंह राठौड़ और एसएचओ बलवंतराम भी मौके पर पहुंचे।

# रसद विभाग का अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



एसीबी की उदयपुर यूनिट ने आरोपी ( गोल घेरे में ) को गिरफ्तार किया।

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर इकाई ने निलंबित लाईसेंस की बहाली के एवज में परिवादी से दो हजार रूपये रिश्वत लेते रसद विभाग के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवानलाल सोनी ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट उदयपुर इकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि निलम्बित राशन केन्द्र लाईसेंस के बहाली आदेश की कॉपी देने के एवज में कार्यालय रसद विभाग प्रथम के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी हिरालाल मेघवाल दो हजार रूपये रिश्वत मांग रहा है। इस पर उदयपुर एसीबी के उपमहानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी की स्पेशटल यूनिट उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया।

- **निलम्बित राशन केन्द्र लाईसेंस के बहाली आदेश की कॉपी देने के एवज मे ली रिश्वत**

ब्यूरो के पुलिस निरीक्षक आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने मंगलवार को ट्रेप कार्यवाही करते हुए प्रोविजन स्टोर के सामने शौभागपुरा सुखेर निवासी हॉल जिला रसद विभाग प्रथम के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी हिरालाल पुत्र केवला मेघवाल को एक हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इससे पूर्व आरोपी ने शिकायत सत्यापन के दौरान परिवादी से एक हजार रूपये वसूल कर लिए थे। ब्यूरो की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा उसके निवास स्थान पर तलाशी की जा रही है।

# पाक बॉर्डर पर छुपे दुश्मन, हैलिकॉप्टर से पहुंचे जवान

**बीकानेर,** (कासं)। पाकिस्तान बॉर्डर के पास एक गांव पर दुश्मनों का कब्जा। हेलिकॉप्टर से जवानों की टुकड़ी उतरती है, दबे पांव उन घरों तक पहुंचते हैं, जहां दुश्मन छिपे हुए हैं। एक जोरदार बम धमाका और भरभराकर गिरता दरवाजा...। सैनिक अंदर घुसे और पलक झपते ही दुश्मनों को ढेर कर दिया। यह नजारा है भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के युद्धाभ्यास का। बीकानेर के सब महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सैनिकों ने जॉइंट ऑपरेशन किया और दुश्मन के कब्जे से गांव को मुक्त कराया।

28 नवंबर से शुरू हुआ युद्धाभ्यास 11 दिसंबर तक चलेगा। दोनों देशों के जवान रेत के धोरों में छिपे दुश्मनों को इंटेलिजेंस की मदद से ढूंढने और उन्हें खत्म करने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस युद्धाभ्यास को 'ऑस्ट्रो-हिन्द' नाम दिया गया। युद्धाभ्यास में महिला सैनिक भी बढ़-चढ़कर दमखम दिखा रही हैं। महिला सैनिकों ने एक-दूसरे को बताया कि युद्ध के मैदान में किस तरह कहर ढहा सकती हैं। दुश्मन की भनक लगते ही उस पर टूट पड़ने की जो कला ऑस्ट्रेलियाई जवानों ने बताई, वो काफी रोमांचक रही। सामने आए दुश्मन को पलक झपकते ही अपने हाथों से धूल चटाने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिला जवानों ने मार्शल आर्ट की यह तकनीक भारतीय महिला सैनिकों को भी सिखाई।

दुश्मन को मारने के लिए जवान मार्शल आर्ट, कुश्ती जैसे खेल में भी दमखम दिखा रहे हैं। युद्धाभ्यास के दौरान एक्सपर्ट ने युद्ध की नई चुनौतियों और हथियार प्रणाली के बारे में एक-दूसरे को बताया। रेत के समंदर में ऑस्ट्रेलिया की सेना का यह पहला अनुभव है। महिला जवान दिनभर अभ्यास करने के बाद कई तकनीकी जानकारी जुटाने में भी व्यस्त रहीं। युद्धाभ्यास के दौरान सेना को सर्विलांस और इंटेलिजेंस सिस्टम से रूबरू कराया गया। कल्पना की गई कि एक गांव में दुश्मन छिपे हुए हैं। उन्होंने कुछ घरों पर कब्जा कर ग्रामीणों को बंधक बना लिया है। इस पर सेना ने हमले की रणनीति बनाकर ऑपरेशन शुरू किया। दोनों देशों के सैनिकों की टुकड़ी को दुश्मन के इलाके में हेलिकॉप्टर ध्रुव से उतारा गया। दोनों देशों के सैनिकों ने सटीक निशानेबाजी का अभ्यास भी किया। इस दौरान टैंक भी रेत के धोरों में दौड़ते हुए दिखे।

युद्धाभ्यास में दोनों देशों के सैनिक रोजाना सुबह जल्दी उठकर पांच किलोमीटर दौड़ और शारीरिक व्यायाम कर रहे हैं। भारतीय जवानों को ऑस्ट्रेलियाई जवानों ने सिग्नल्स के बारे में भी ट्रेनिंग दी।

- **भारत-ऑस्ट्रेलिया के सैनिकों का युद्धाभ्यास; गांव के लोगों को मुक्त कराया**
- **ऑस्ट्रेलियाई महिला जवानों ने मार्शल आर्ट की तकनीक भारतीय महिला सैनिकों को भी सिखाई**

# कांस्टेबल भर्ती प्रोविजनल चयन सूची जारी

**अजमेर,** (कासं)। कान्सटेबल भर्ती परीक्षा 2021 में अंतिम रूप से चयनित 30 अभ्यर्थियों की प्रोविजनल चयन सूची जारी की गई है।

जीआरपी पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यक मूल दस्तावेजों तथा दो-दो स्वयं प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ 14 दिसम्बर को सुबह 7 बजे जीआरपी लाईन स्वामी कॉम्पलेक्स के सामने कचहरी रोड़ में उपस्थित होना होगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी राजस्थान पुलि स की वेबसाईट, जीआरपी अजमेर कार्यालय के नोटिस बोर्ड अथवा टेलि फोन नम्बर 0145-2627984 से प्राप्त की जा सकती है।

# व्यापारी की आंखों में मिर्च डाल 22 लाख रुपये लूटे

**बीकानेर,** (कासं)। कृषि उपज मंडी से घर लौट रहे मूंगफली व्यापारी की आंखों में मिर्च डालकर एक व्यापारी से 22 लाख रुपए लूट लिए। लिखमादेसर फांटे पर व्यापारी ने अपनी कार के शीशा जैसे ही नीचे किया बाइक पर सवार लुटेरों ने गाड़ी में मिर्च पाउडर फेंक दिया। इससे व्यापारी ने गाड़ी रोकी उसी दौरान लुटेरों में उससे रुपयों से भरा बैग छीन लिया। श्रीडूंगरगढ़ मंडी का व्यापारी भागीरथ नाथ सोमवार शाम को 6.30 बजे दुकान से अपने गांव लिखमादेसर लौट रहा था।

- **श्रीडूंगरगढ़ मंडी से लिखमादेसर लौट रहा था व्यापारी**

लिखमादेसर फांटे पर लुटेरे उसका इंतजार कर रहे थे। सरदारशहर रोड पर लिखमादेसर फांटे पर दो युवकों ने बाइक गाड़ी के आगे खड़ी कर दी।

भागीरथ ने युवकों से बात करने के लिए ड्राइवर साइड का शीशा नीचे किया तो मिर्च पाउडर भागीरथ की आंखों में फेंक दिया। भागीरथ नाथ कुछ समझ पाता उससे पहले युवकों ने रुपयों का बैग लपक कर गाड़ी से उठा लिया और फरार हो गए। भागीरथ के चिल्लाने पर ग्रामीण उसके पास पहुंचे और उसे लेकर हॉस्पिटल आए। वहां से उसे बीकानेर रैफर कर दिया। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के लिए नाकेबंदी भी की लेकिन रात तक लुटेरे हाथ नहीं आए। श्रीडूंगरगढ़ व लिखमादेसर के बीच 20 किमी की दूरी है। व्यापारी श्रीडूंगरगढ़ से रवाना होने की सूचना लुटेरों के पास पहुंच गई। गिरधारी लाल महिया ने बताया कि कस्बे के व्यापारी सुरक्षित नहीं है और उन्होंने एसपी से गिरफ्तारी की मांग की।

# महिला की चेन तोड़ बदमाश फरार

**अजमेर,** (कास)। अजमेर में डाक देने के बहाने बेल बजाकर महिला को बाहर बुलाने व बाद में गले से सोने की चेन तोड़कर स्कूटर सवार युवक फरार हो गया। महिला के बिजनेसमैन पति ने क्रिश्चयनगंज थाने में मामला दर्ज कराया है। जी ब्लॉक वैशाली नगर अजमेर निवासी रामप्रसाद गुप्ता पुत्र राधेश्याम (68) ने रिपोर्ट देकर बताया कि दोपहर को घर के मैन गेट पर एक लडका, जिसने ब्लू कलर की चैक शर्ट पहन रखी थी व गोल्डन कलर का हेलमेट अपने सिर पर लगा रखा था। वह आया और गेट बजाया तो पत्नी शशि गुप्ता गेट पर गई और पूछा क्या बात है। इस पर उसने डाक देने की बात कही। जब लिफाफा लेकर हस्ताक्षर करने लगी तो पत्नी के गले से सोने की चेन खींच ली और स्कूटर लेकर भाग गया।



उदयपुर के दरबार हॉल में चल रही जी20 प्रेसिडेंसी बैठक में तीसरे दिन समावेशी विकास, बहुपक्षवाद, ईंधन और उर्वरक, पर्यटन तथा संस्कृति और महिलाओं नेतृत्व वाले विकास के मुद्दे मुख्य आकर्षण रहे। भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने इन विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

# याचिका खारिज

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने उदयपुर स्थाई लोक अदालत को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए आदेश को यथावत रखते हुए बैंक को भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विजय विश्नोई की अदालत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से पेश याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में माना कि उदयपुर स्थाई लोक अदालत की ओर से जारी आदेश वैध है आदेश में किसी प्रकार की अवैधानिकता नहीं है। प्रतिवादी ने मामले को लेकर उदयपुर स्थाई लोक अदालत में दावा किया, जहां से सुनवाई के बाद 2 मई 2022 को आदेश पारित किया कि बैंक प्रतिवादी को 72,500/- रुपए मय ब्याज 12 फरवरी 2020 से आज तक दो माह में भुगतान करें। कोर्ट ने माना की उदयपुर स्थाई लोक अदालत का आदेश उचित व वैधानिक है।

# ममता बनर्जी ने दरगाह जियारत व पुष्कर सरोवर में पूजा-अर्चना की

## ममता बनर्जी दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन से मिलने उनके घर पहुंचीं

**अजमेर/ पुष्कर/ मदनगंज,** (कासं)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने एक दिवसयी दौरे पर मंगलवार सुबह अजमेर पहुंची। सीएम बनर्जी को कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें किशनगढ़ एयरपोर्ट से अजमेर लाया गया। बनर्जी ने सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में सूफी परंपरा के अनुरूप दरगाह जियारत कर अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश कर देश में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके बाद बनर्जी पुष्कर पहुंची, जहां उन्होंने पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना कर ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अजमेर और राजस्थान की मीडिया से पूरी तरह से दूरी बनाए रखी और केवल पश्चिम बंगाल से आए मीडिया कर्मी से ही बातचीत की।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दरगाह जियारत के समय दरगाह जियारत के दौरान दरगाह कमेटी और अंजुमन संस्था की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह दिए गए। खादिम मुकद्दस मोइनी ने ममता बनर्जी को चुनरी ओढ़ ाई और दरगाह का तबरूक के रूप में सोहन हलुआ भेंट किया। जियारत के दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनका प्रतिनिधिमंडल सहित कोलकाता नगरीय निकाय के मेयर एवं केबीनेट मंत्री फिरहाद हकीम, दरगाह कमेटी के नाजिम समी अहमद खान, सहायक नाजिम डॉ. मोहम्मद आदिल, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भावना गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सागवान सीआईडी और जिला पुलिस का जाब्ता सुरक्षा के लिए दरगाह के अंदर और बाहर तैनात रहा। इससे पूर्व कलेक्टर अंश दीप और पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

कुछ देर दरगाह में रुकने के बाद बनर्जी गरीब नवाज की दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन से मिलने उनके घर पहुंची। सीएम बनर्जी ने दरगाह दीवान के हालचाल पूछने के साथ ही कई विषयों पर चर्चा की। दरगाह दीवान से मुलाकात के बाद उन्हों मीडिया से बचते हुए सर्किट हाउस में लंच लिया, जहां से कुछ देर विश्राम के बाद वह पुष्कर के लिए रवाना हो गई। किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उन्होंने केंद्र सरकार निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार तृणमूल कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है। तृणमूल के राष्ट्रीय प्रवक्ता साकेत गोखले की गिरफ्तारी को लेकर ममता बैनर्जी ने कहा कि वे अपना इलाज कराने के लिए जयपुर आए थे, जहां उन्हें जयपुर एयरपोर्ट पर उतरते ही गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और अहमदाबाद ले गई। बनर्जी ने कहा कि गोखले ने मोरबी पुल हादसे पर प्रधानमंत्री के खिलाफ ट्वीट किया था। मोरबी पुल हादसा बड़ा कांड था। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए साकेत को पर्याप्त इलाज की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी एक एजेंडे पर काम कर रही है, ऐसे में वह कुछ भी करने को तैयार है । इस तरह की गतिविधियां देश को बर्दाश्त नहीं होगी।

बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल और राजस्थान का अलग ही रिश्ता है। बंगाल में कई आईएएस और आईपीएस राजस्थान के ही रहने वाले है। कम्युनल हरमनी के खिलाफ वह अजमेर दरगाह और ब्रह्मा मंदिर पहुंचकर सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देने पहुंची है।

पुष्कर में उन्होंने सबसे पहले ब्रह्मा मंदिर के दर्शन के किए। सीएम ममता बनर्जी एंट्री प्लाजा मार्ग से ब्रह्मा मंदिर पहुंची। इसके बाद मुख्यमंत्री बनर्जी सरोवर के ब्रह्मघाट पर पहुंची, जहां उन्होंने मंत्रोचार के साथ पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना की। पवित्र सरोवर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने पुष्प अर्पित किए। ब्रह्मा मंदिर के गर्भगृह में भी पुजारियों ने उन्हें तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। ममता बनर्जी ने ब्रह्म घाट पर स्थित हवन कुण्ड में प्रज्वलित अग्नि की पूजा करने के उपरांत सरोवर का अभिषेक किया। यहां मंत्रोचारण के साथ स्थानीय पण्डितों ने पूजा सम्पन्न करवाई। घाट पर उपस्थित साधु संतो का भी आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री बनर्जी के पुष्कर यात्रा के दौरान सरोवर के ब्रह्मघाट के बाहर कुछ लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए।



पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में दर्शन करने के बाद मंहत ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

- **तृणमूल के राष्ट्रीय प्रवक्ता की गिरफ्तारी पर केंद्र सरकार पर साधा निशाना**
- **देश में कम्युनल हरमनी करना है तो दरगाह-पुष्कर जाना जरूरी : बनर्जी**

# सांभर में गैस एजेंसी के पीछे पक्षी मृत मिले

**सांभरझील,** (निसं)। कस्बे में गैस एजेंसी के पीछे स्थित एक खेत के आस-पास विगत कुछ दिनों से पक्षियों के मरने का सिलसिला बना हुआ है। राजकीय शाकंभर महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने बताया कि उनके खेत के आस-पास अलग-अलग जगह पर विगत 5 दिनों से विभिन्न प्रजाति के पक्षी मृत पाए गए हैं।

पहले तीतर, कमेडी और अब अन्य प्रजातियों के पक्षियों के मरने से आस-पास के लोगों में चिंता व्याप्त हो रही है। इसकी सूचना कचरोदा स्थित वन विभाग के कार्मिक श्याम शर्मा को दी गई । इस मामले में वन विभाग के कार्मिक का कहना है कि मृत पक्षी किस वजह से मर रहे हैं यह तो सुबह वहां से सैंपल उठाकर इसकी जांच करने के बाद ही पता चल सकेगा। यह पर्टिकुलर किसी एक स्थान पर पाए गए हैं इसलिए हो सकता है कुछ जहरीला दाना पानी इनके खाने पीने में आ गया हो लेकिन अन्य संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।



सांभर में गैस एजेंसी के आस-पास कई मृत पक्षी मिले।

**एम बी एम विश्वविद्यालय, जोधपुर**

**निविदा सूचना संख्या : EAC/03/2022-2023**

विश्वविद्यालय परिसर में "Annual maintenance Contract of Civil work of various building (Repair and Renewal) at MBM University, Jodhpur हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.12.2022 से https://sppp.rajasthan.gov.in एवम् विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://mbm.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तें एवं https://sppp.rajasthan.gov.in एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://mbm.ac.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO- MBM222WSOB00011

NB CODE. MBM2223A0011

मुख्य अभियंता

# भाजपा जन आक्रोश यात्रा 18 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर चुकी है : राजेन्द्र राठौड़

## 'इस दौरान कांग्रेस सरकार के खिलाफ 28 हजार से ज्यादा शिकायतें मिल चुकी हैं'


उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़

- 4 सालों के कुशासन को राहुल के सामने ले जाने वाले आमजन को किया जा रहा है गिरफ्तार : जितेन्द्र गौठवाल

**जयपुर ( कासं )।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा द्वारा जन आक्रोश यात्रा राजस्थान के सभी जिलों और 200 विधानसभाओं में गांव, ढाणी व शहरों में चौपाल व नुक्कड़, यात्रा एवं सभाओं के माध्यम से जनता की आवाज बनकर कांग्रेस सरकार के चार वर्ष के कुशासन के बारे में आमजन भागीदारी निभा रहे हैं व सरकार के खिलाफ आक्रोश है। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा 18 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर चुकी है, शिकायत पेटिका में कांग्रेस सरकार के खिलाफ 28 हजार से ज्यादा शिकायतें आमजन से मिली है।

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में चल रही कांग्रेस को जोड़ नहीं पाएगी। यह जन आक्रोश यात्रा सूक्ष्म स्तर पर चल रही है, जिसका लक्ष्य राजस्थान के दो करोड़ लोगों तक पहुंचने का है। आज राजस्थान की इस दुर्दशा के लिए उत्तरदायी गहलोत सरकार है। दूसरी ओर नकली हिंदुत्व की बात करने वाले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में कांग्रेस जोडो की कृत्रिम यात्रा बनती जा रही है। राजस्थान में राहुल गांधी की यात्रा जिन जिलों से गुजर रही है सिर्फ वही पर नई सड़कें, बिजली व पानी का प्रबंध इत्यादि कार्य किए जा रहे हैं और बड़े-बड़े मैदानों के समतल और अथाह सरकारी धन का दुरूपयोग कर सजाया जा रहा है, मेरा मुख्यमंत्री से प्रश्न है ये सारा पैसा कहां से आ रहा है। जहां से राहुल गांधी की यात्रा गुजर रही है उन जिलो क्षेत्रों की पूर्ति के लिए दूसरो जिलो की बिजली की आपूर्ति को रोक राहुल गांधी की यात्रा मार्ग में पडने वाले जिलों के स्थानों की पूर्ति की जा रही है।

राठौड़ ने कहा कि कार्ग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में बेरोज़गारों को रोजगार देने का वादा किया इन युवाओं को रोजगार देना तो दूर बल्कि आज लगभग 32 लाख बेरोजगार युवाओं को गहलोत सरकार से रोजगार की आशा है तथा संविदाकर्मियों को नियमित करने का वादा किया वर्तमान में संविदाकर्मियों द्वारा नियमित करने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि आज राजस्थान में अपराध और अपराधी दोनों बेकाबू हो गए हैं, इसकी बानगी राजस्थान के सीकर जिले में एक बेटी को अपने पिता की हत्या होने पर भरे बजार में जमीन पर सिर रखकर रोने को मजबूर हुए। राठौड ने कहा कि राजस्थान की इस भष्ट सरकार को उखाड फेंकने के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है, जिसके परिणाम स्वरूप आक्रोश यात्रा शिकायत पेटिका में लगभग 28 हजार शिकायते मात्र 2 दिनों में लोगों ने डाली है मात्र दो दिनों में इतनी शिकायतों का आना निश्चित रूप से दर्शताा है कि 2023 में भाजपा की तीन चौथाई बहुमत के साथ सरकार बनेगी।

वही भाजपा प्रदेश मंत्री एवं पूर्व संसदीय सचिव जितेन्द्र गौठवाल नें प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस की भारत जोडो यात्रा प्रदेश सरकार द्वारा जनता की आवाज को बलपूर्वक दबाया जा रहा है, आम जनता सवाईमाधोपुर जिले में हो रहे कुशासन की शिकायत राहुल गांधी से करना चाह रही है लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को चिन्हित कर उनकी गिरफतारी की जा रही है। ऐसा राज्य सरकार इसिलिए कर रही है यदि आम जनता राहुल के सामने शिकायत लेकर गए तो गहलोत सरकार के 4 सालों के कुशासन की पोल खुल जाएगी।

# विधायक के साथ व्यापारियों ने सड़क पर बैठ धरना दिया

- बरकत नगर में ग्रेटर निगम द्वारा तोड़फोड़ करने का विरोध
- अतिरिक्त आयुक्त के आश्वासन पर खत्म हुआ विरोध

**जयपुर (कासं)।** ग्रेटर नगर निगम की सतर्कता शाखा को मंगलवार को बरकत नगर में कार्रवाई करना महंगा पड़ गया। कार्रवाई के विरोध में स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ और व्यापारी धरने पर बैठ गए और बाजार बंद करके सड़क जाम कर दी। सूचना पाकर अतिरिक्त आयुक्त प्रवीण कुमार और सतर्कता आयुक्त सेठाराम बंजारा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच का आश्वासन दिया, जब जाकर पुनः बाजार खुला। विधायक कालीचरण सराफ ने बताया कि ग्रेटर निगम ने बिना नोटिस दिए बाजार में तोड़फोड़ की थी। कई जगहों पर दुकानों के शेड तोड़ दिए गए, कई जगहों पर सीढ़ियां ध्वस्त कर दी। गलत तरीके से हुई कार्रवाई का हमने विरोध किया था। मगर अतिरिक्त आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। इसके बाद धरना खत्म किया है।

## सार-समाचार

### 'सत्यापन के अभाव में नहीं रुके पेंशन'

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर जिले में सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़ी पेंशन योजनाओं के प्रकरणों का सत्यापन 31 दिसंबर तक होना सुनिश्चित किया जाए, सत्यापन के अभाव में लाभार्थी के पेंशन परिलाभ नहीं रुकने चाहिए। ये कहना है जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित का। मंगलवार को कलक्टर ने वीसी के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को कहा कि डोर टू डोर संपर्क कर भौतिक सत्यापन करवाया जाए। वीसी में कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ई-केवाईसी करवाने और योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को पंजीकृत करवाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के तहत आ रही समस्याओं के जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कलक्टर राजपुरोहित ने कहा कि घर घर औषधी योजना के तहत 1 जुलाई, 2023 में जयपुर जिले में 22 लाख से ज्यादा पौधारोपण सुनिश्चित किया जाना है इसके लिए आगामी 7 दिनों में पौधारोपण के लिए स्थान चिह्नित किये जाएं। वीसी में कलक्टर ने परित्यक्ता महिलाएं एवं दिव्यांग तथा अन्य वर्गों के पात्र लाभाथियों को पालनहार योजना से जोड़ने के निर्देश दिये, साथ ही उन्होंने पालनहार योजना के तहत प्रति पंचायत 40 से कम पंजीकरण होने पर विकास अधिकारियों और सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

### रेलवे पटरियों पर मिला युवक का शव

**जयपुर (कासं)।** गांधी नगर रेलवे स्टेशन परिसर में पटरियों पर युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक का शव मिलने की सूचना पर जीआरपी थाना सीआई सतपाल सिंह मौके पर पहुंचे। युवक की पहचान यूपी देवरिया निवासी राजकुमार के रूप में हुई, लेकिन शव की स्थित देख कर मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम ने क्राइम सीन से ब्लड और मृतक के फिंगर प्रिंट लिए। मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं। शरीर में केवल सिर पर चोट लगी हुई हैं। मौके पर अत्यधिक खून भी नहीं निकला हुआ। जिसके चलते पुलिस को मामला संदिग्ध दिखाई दे रहा हैं। जीआरपी पुलिस ने बताया कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड पर लिखे पते पर सम्पर्क किया गया हैं। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। उसके परिजन उत्तरप्रदेश से जयपुर के लिए रवाना हो गए है। परिजनों के आने तक शव को एसएमएस मोर्चरी में रखवाया गया है। मामला संदिग्ध लगा है, इसलिए एफएसएल की टीम से भी राय ली जाएगी। शव का पोस्टमार्टम मृतक के परिजनों के आने के बाद मेडिकल बोर्ड से कराया जाएगा। जिससे पता चल सकेगा कि मौत की सही वजह क्या थी। परिजनें से भी इस संबंध में पूछताछ होगी।


### सांसद बोहरा ने ली अफसरों की बैठक

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने आज वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जयपुर लोकसभा क्षेत्र में वन विभाग से सम्बंधित विभिन्न मुददो पर चर्चा कर निर्देश दिए। सांसद बोहरा ने जयपुर संसदीय क्षेत्र के मुहाना गाँव मे वन विभाग की 207.0600 हैक्टेयर भूमि पर स्मृति वन की तर्ज पर वन गाँव/सेंचुरी पार्क विकसित करने की अपनी पुरानी माँग को भी दोहराया। बैठक मे उपस्थित भारतीय वन सेवा के अधिकारी (आई.एफ.एस.) कपिल चंद्रावल को सांसद बोहरा ने जयपुर संसदीय क्षेत्र मे वन विभाग से जुड़ी सभी लम्बित परियोजनाओं को समयबध्द रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

### डाक अदालत 28 दिसंबर को होगी

**जयपुर (कासं)।** डाक से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए 28 दिसंबर को डाक अदालत का आयोजन जयपुर के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल (जीपीओ) तथा अजमेर व जोधपुर के पोस्टमास्टर जनरल ऑफिस में किया जायेगा। यह अदालत सुबह 11 बजे से शुरू होगी। जहां डाक व रेल सेवा की काउंटर सेवा, मनी ऑर्डर, मूल्य देय वस्तुएं, बचत बैंक, स्पीड पोस्ट, पार्सल एवं बीमाकृत वस्तुओं, डाक जीवन बीमा और विदेशी डाक को लेकर आमजन से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई होगी। अगर किसी व्यक्ति को इन तमाम सेवाओं को लेकर कोई शिकायत है तो वह अपने पूर्ण पते के साथ शिकायती पत्र संबंधित पोस्टमास्टर जनरल को 21 दिसंबर तक भेज सकता है। जयपुर की डाक अदालत में जयपुर जिले, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, सीकर और झुंझुनूं की शिकायतों पर सुनवाई होगी।

### नंदिता राज अध्यक्ष, रेशमा उपाध्यक्ष



**जयपुर (कासं)।** त्रिपोलिया बाजार स्थित दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. के संचालक मंडल के पदाधिकारियों चुनाव मंगलवार को संपन्न हुए। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद इकबाल खान ने बताया कि पदाधिकारियों में नंदिता राज अध्यक्ष व रेशमा उपाध्यक्षा निर्विरोध निर्वाचित हुई । बैंक सीईओ इकबाल खान ने निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द शर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी उमा चौधरी, नेहा जैन, ताहिरा खान, जे.पी.मीणा, अचल सिंह चौहान व माणक चौक थानाधिकारी आर. एस. सोढा सहित सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया में नियुक्त चुनाव अधिकारियों व सुरक्षा में तैनात पुलिस कार्मिकों व निजी सुरक्षा बल के सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों का आभार जताया।

### रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**जयपुर (कासं)।** राजधानी में दी इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर की ओर से ब्लड डोनेशन, हैल्थ चैकअप कैम्प व स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। शिविर में निजी अस्पताल व ब्लड सेंटर के डॉक्टरों ने सेवाएं दी। सेमीनार की शुरूआत में चैप्टर के चेयरमेन सीएमए सुदर्शन नाहर ने सभी वक्ताओं व आगन्तुकों का अभिनंदन किया। सेमीनार के पहले सैशन में डॉ. महिधर ने हृदय रोग पर विस्तार से चर्चा की। सेमीनार के दूसरे सैशन में डॉ. अभिमन्यू सिंह ने कैंसर जागरूकता के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीएमए मैम्बर्स व विद्यार्थियों द्वारा लगभग 40 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। सेमीनार का संचालन चैप्टर के सैक्रेटरी डॉ. दीपक कुमार खण्डेलवाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में चैप्टर के वाइस चेयरमेन सीएमए हरेन्द्र कुमार पारीक ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फर्जी पट्टा मामले में जेडीए कर्मचारी व दलाल गिरफ्तार

- मानसरोवर थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पट्टे की फाइलें, नोटशीट, पट्टे समेत जेडीए के कई दस्तावेज भी बरामद किए
- पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 16 मोहर, फर्जी आवंटन पत्र, रसीदें व साइट प्लान भी जब्त किया

**जयपुर।** मानसरोवर पुलिस ने फर्जी पट्टा मामले में जेडीए कर्मचारी और कार्यालय के दलाल को पकड़ा हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से जेडीए की असल फाईले, नोटशीट, पटटे सहित अन्य जेडीए के दस्तावेज बरामद किए हैं।

इसके साथ ही पुलिस ने सैकडों, फर्जी आवंटन पत्र, रसीद व साइट प्लान एवं करीब 16 मोहर बरामद की हैं। आरोपी जेडीए, हाउसिंग बोर्ड, सोसायटी के फर्जी पट्टे, रसीद व साईट प्लान बनाने में माहिर हैं।

पुलिस ने बताया कि 2 दिसंबर को सूचना मिली थी कि जीत विक्रम सिंह उर्फ बलजीत सिंह कार में कई कॉलोनियों के प्लॉटों के विभिन्न सोसायटियों के सैकड़ों फर्जी पट्टे, फर्जी जेडीए पट्टे लेकर रजिस्ट्री लेकर ग्राहक तलाश कर धोखाधड़ी कर रुपए ऐंठकर बेचने की फिराक में घूम रहा हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने वाहन की तलाश कर गाड़ी की घेराबंदी की तो गाड़ी चला रहा व्यक्ति पुलिस को देखकर गाड़ी का गेट खोलकर भागने का प्रयास किया। जिसे घेराबंदी कर काफी संख्या में पुलिस को रबड़ी की मोहरे मिली जिनको पुलिस ने जब्त कर लिया।

पुलिस ने बताया कि मुख्य अभियुक्त जीत विक्रम सिंह उर्फ बलजीत से पूछताछ के बाद गिरोह के अन्य सदस्य जेडीए में कार्यरत मोतीपुरा सिकंदरा दौसा हाल पीओन गार्ड निवासी दिनेश गुर्जर और जेडीए कार्यालय में दलाली का काम करने वाले पालड़ी कानोता निवासी मनीष बैरवा को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह में शामिल अन्य साथियों की तलाश और भूमिका के बारे में जानकारी जुटाई जा रही हैं। जिन प्लॉटों के आरोपी द्वारा फर्जी पट्टे बनाए गए है उन प्लाटों के असल आवंटियों तथा संबंधित सोसायटी से रिकार्ड प्राप्त किया जा रहा हैं।

# जेके लॉन अस्पताल में 8 तरह की जांचें चौबीस घंटे होंगी

**जयपुर (कासं)।** जे.के.लॉन अस्पताल में अब इमरजेंसी में होने वाली 8 तरह की जांचों की सुविधा हॉस्पिटल की लैब में 24 घंटे संचालित करने का निर्णय किया गया है। ये सुविधा बुधवार से शुरू कर दी जाएगी। इसके शुरू होने का सबसे बड़ा फायदा उन सीरियस मरीजों के परिजनों को होगा, जिनको देर रात जांच के सैंपल लेकर एसएमएस हॉस्पिटल जाना पड़ता है।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार रात में इमरजेंसी में आने वाले सीरियस मरीजों की कई ऐसी जांचे होती है, जिनके लिए मरीज के परिजनों को देर रात सड़क पार करके करीब एक किलोमीटर दूर एसएमएस हॉस्पिटल जाना पड़ता था।

परिजनों की इस परेशानी को देखते हुए हमने 8 तरह की जांचे हॉस्पिटल परिसर में ही 24 घंटे करने की सुविधा शुरू की है। इसमें खून में कैल्शियम के लिए एस कैल्शियम, लीवर फंक्शन की एस. बिलीरूबिन, किडनी फंक्शन की जांच के लिए क्रिएटिनिन, इलेक्ट्रोलाइट एसजीओटी, एसजीपीटी और ब्लड अल्ट्रा की जांच शामिल है। इन जांचों के अलावा और डेंगू की जांच पहले से की जा रही है।

# महेन्द्र मीणा हत्याकांड के तीन फरार आरोपियों के फोटो जारी

## प्रताप नगर पुलिस ने आमजन से मदद मांगी है और बदमाशों की जानकारी देने वाले को इनाम देने की घोषणा की है

- प्रताप नगर इलाके में गुरूवार शाम को गोदावरी अपार्टमेंट के पास हुई थी हत्या

**जयपुर (कासं)।** प्रताप नगर इलाके में गुरूवार शाम को गोदावरी अपार्टमेंट के पास गैंगवार के दौरान महेन्द्र मीणा को गोली मारकर हत्या कर भागे बदमाशों को अभी कोई सुराग नहीं लगा है। मंगलवार को प्रताप नगर पुलिस ने तीन बदमाशों ऋषभ मीणा, विनीत मेड़ी और महेश नांगल की तस्वीरे जारी की है। पुलिस का कहना है बदमाशों के बारे में पुलिस को सूचना देने वाले को इनाम दिया जायेगा।

प्रताप नगर थानाधिकारी भजन लाल ने बताया कि महेन्द्र मीणा के हत्यारों की लगातार तलाश की जा रही है। पुलिस की पांच से छह टीमें जयपुर सहित अन्य जिलों में बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं आरोपियों का पता लगाने के लिए रोडमैप बनाकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वारदात के दौरान बदमाशों द्वारा लूटी गई कैब शिवदासपुरा इलाके में मिल गई है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली है। अब तीनों बदमाशों के फोटो जारी कर आमजन से भी सहयोग मांगा है।

गौरतलब है कि मृतक महेन्द्र मीणा (28) गुरुवार शाम अपने साले संदीप जीवली के साथ गोदावरी अपार्टमेंट के बाहर सी-ब्लॉक के पास पार्क के सामने रमेश तिवाड़ी की चाय की दुकान पर बैठा था। उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क किनारे खड़ी थी। इस दौरान शाम करीब 5 बजे थार गाड़ी में सवार होकर मेडी गैंग के बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने सबसे पहले महेन्द्र मीणा की स्कॉर्पियो को सामने से टक्कर मारी। महेंद्र और उसका साला जान बचा कर भागने लगे। संदीप पानी कैंपर की गाड़ी की आड़ में छिप गया। भागते हुए महेंद्र मीणा को बदमाशों ने पीठ में गोली मार दी। वह थोड़ी देर भागता रहा, लेकिन फिर वह नीचे गिर गया। इसके बाद महेन्द्र को जीवनरेखा अस्पताल ले जाया गया। वहां से सवाई मान सिंह अस्पताल रेफर किया गया। यहां उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद बदमाश भागने लगे, लेकिन उनकी थार गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई। इस पर पास में खड़ी कैब लूट भागे। पुलिस की शुरुआती जांच में वारदात का मुख्य कारण वर्चस्व की लड़ाई के चलते चल रही रंजिश होना सामने आया है। पुलिस के अनुसार, थार जीप सवार बदमाशों में विनीत मीणा (मेड़ी), महेश नांगल की पहचान हो पाई है। जबकि अन्य के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। विनीत मीणा भी शातिर अपराधी है। गैंग चलाता है। उसके खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं।

# जर्मनी के संसदीय दल ने जयपुर में की विधानसभाध्यक्ष से मुलाकात


**जर्मनी संसदीय दल की अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं ऊर्जा नीति समिति के सदस्यों ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से मुलाकात की।**

**जयपुर, (का.सं.)।** जर्मनी संसदीय दल की अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं ऊर्जा नीति समिति के सदस्यों ने मंगलवार को राजस्थान विधान सभा में अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से मुलाकात की।

इस दल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जोशी से पर्यावरण, पारिस्थितिकी तन्त्र, सौर ऊर्जा, वन एवं वन्यजीव से संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्ष डॉ. जोशी ने कहा की ये राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण का समृद्ध इतिहास रहा है। आदिवासी जंगल से बेहद लगाव रखते हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष जागरूक होते हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जोशी ने जर्मनी के इस दल को राजस्थान विधानसभा का साहित्य और जयपुर रज़ाई भेंट की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने जर्मनी के संसदीय दल के सभी प्रतिनिधियों का राजस्थान विधानसभा पहुंचने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा की पर्यावरण समिति के सदस्य बाबूलाल खराडी, हाकम अली खां, खुशवीर सिंह, राकेश पारीक, विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा और राजस्थान सरकार के पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल भी उपस्थित थे। जर्मन समिति की चेयरपर्सन लीसा बादुम ने भी जर्मनी में वन एवं पर्यावरण क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। दल के सदस्य डॉ. कर्मबा डियाबी, मनफ्रेड ग्रुंड, ओल्फ इन डेर बीक, स्टेफन केउटर और थॉमस ब्रुन्स भी बैठक में मौजूद थे।

# राज्यपाल मिश्र ने किया निरीक्षण

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन परिसर में राज्यपाल सचिवालय का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने विभिन्न अनुभागों में जाकर कार्य का बारीकी से अवलोकन किया और राज्यपाल सचिवालय को सुदृढ़ करते और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने राज्यपाल राहत कोष अनुभाग, अपील अनुभाग, उच्च शिक्षा, जनजाति प्रकोष्ठ, सुरक्षा कार्यालय संस्थापन एवं लेखा सहित अलग-अलग शाखाओं के निरीक्षण के दौरान उन्हें इनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राजभवन अतिथि गृह का भी अवलोकन किया। राज्यपाल मिश्र ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को लम्बित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, कम्प्यूटराइजेशन एवं अन्य प्रक्रियाधीन कार्यों के त्वरित निपटान के निर्देश दिए।

# हथियार की नोंक पर स्कूटी लूटने वाला बदमाश पकड़ा

- विधायकपुरी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा और कारतूस जब्त किये

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर की विधायकपुरी थाना पुलिस ने देशी कट्टा लेकर घूम रहे शातिर बदमाश को दबोचा हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से लूट के समय काम में लिया गया देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। आरोपी ने दो स्कूली बच्चों को धमकाकर उनकी स्कूटी छीन ली थी। डीसीपी (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि गत 5 दिसंबर को परिवादी दीपक खन्ना ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा और बेटी एक्टिवा स्कूल से घर आ रहे थे। चौमूं हाउस के पास एक व्यक्ति ने स्कूटी रुकवाकर मारपीट कर हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर स्कूटी छीन ली और फरार हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल डीसीपी भरतलाल मीणा, थानाधिकारी राजेश गौतम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए जाटोली रतवान चिकसाना भरतपुर निवासी अरविन्द सिंह उर्फ सुनील को गिरप्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से स्कूटी बरामद कर ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से लूट के समय दिखाया गया हथियार देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिए। पुलिस आरोपी का आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही हैं। इसके साथ ही पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह देशी कट्टा और कारतूस कहां से लेकर आए थे।

# कांग्रेस के नवनियुक्त राजस्थान प्रभारी रंधावा जयपुर पहुंचे


**कांग्रेस के नवनियुक्त राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा मंगलवार देर शाम जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। जहां सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज और अन्य कार्यकर्ताओं ने उनकी अगवानी की और बुके भेंट कर स्वागत भी किया।**

# दो भाईयों पर चाकू से जानलेवा हमला

**जयपुर (कासं)।** परकोटे में कोतवाली स्थित झूले वाली गली में दो बाइकों की भिड़ंत का मामला इतना गर्माया कि 17 वर्षीय किशोर ने दूसरी बाइक पर सवार दो भाईयों को चाकू घोंप दिया। वारदात के बाद आरोपी वहां से अपनी बाइक लेकर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने बाद में पकड़ लिया। घायल युवकों का सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि चाकू लगने से घायल हुआ समीर खान और उसका छोटा भाई अरबाज, नींदड़ रावजी के रास्ते में रहते है। पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने अरबाज की शिकायत पर मामला दर्ज किया और तुरंत नाकाबंदी करवाकर हमलवार किशोर को दबोचा।

कोतवाली थानाधिकारी ओम प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि अरबाज कल्याणजी का रास्ता स्थित स्कूल में पढ़ाई करता है। उसका बड़ा भाई समीर सोमवार दोपहर उसे स्कूल से लेने गया था। दोनों भाई स्कूल से लौट रहे थे। रास्ते में झूले वाली गली में करीब एक बजे सामने से आ रही बाइक से मामूली टक्कर हो गई। सामने वाली मोटर साइकिल एक किशोर चला रहा था। दोनों में कहासुनी हुई।

इस बीच किशोर ने अपने थैले में से चाकू निकाला और दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। उसने समीर के पेट में चाकू घोंप दिया। बचाव के लिए आए अरबाज के चेहरे पर चाकू से वार किए, जिससे उसके भी चोट आई।

हमले का बाद आरोपी किशोर भाग गया। अरबाज ने स्थानीय लोगों की मदद से समीर को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी किशोर को मंगलवार को पकड़ा। भिंडों का रास्ता निवासी किशोर मीट की दुकान पर काम करता है।




## International Civil Aviation Day

In 1901 something was accomplished that hadn't happened in the history of mankind, a man flew upon a glider and covered a respectable distance in a manmade device that was not held aloft by lighter-than-air gas. The skepticism that greeted this event was profound, with people all over the world saying the Wright Brothers were more liars than fliers. International Civil Aviation Day celebrates the science, art, and sport of aviation that grew out of this initial glide, and the men and women who push the frontiers of it today.



One such artist who I met and learnt from is Mr. Harish Chand who has been into making miniature paintings for almost 50 years. He has many beautiful paintings to his name from all the Schools of Rajasthan miniature paintings and has tried making them on all kinds of surfaces including wood, metal, ceramic, ivory, silk, sanganeri handmade paper and canvas. So for almost 10 days in Jaipur, Mr. Harish Chand was my guru to teach me the extraction of stones and preparation of natural colours from them. Another artist who I met in this process of finding natural colours from Jaipur is Mr. Hemrana who is also an art curator and works alone with the natural miniature painters in Jaipur.



Miniature painting of Govind Dev Ji.

# Colours From Stones




**Ankit Arora**
*The author is a cycling enthusiast and Rajasthan's first "Super Randonneur"*

I was on a hunt for the natural colours in Jaipur and learnt about it from the experts of miniature paintings in which naturally procured colours from stones are used.

My cycle journey to explore the traditional arts and crafts in India has recently led me to learn about the natural colour making in Jaipur which are made of stones and natural resources. These natural stone colours have been used by the painters to make beautiful paintings from Jaipur School of miniature paintings. And the stones which are used to make these colours are the same ones being used in precious gems jewellery making and also in Ayurvedic medicines.

The preparation of natural colours from stones, leaves and flowers really intrigued me and I decided to find its depth by learning it by myself from the artists in the tiny lanes of old Jaipur city. The miniature art painters reside in various small lanes near Badi Chaupar, Choti Chaupar, near Hawa mahal, near City Palace and Govind Dev Ji temple. The artists have their very old small workshops in these lanes which were mostly taken by their ancestors almost 50-60 years ago on a paltry amount of rent like 1-2 rupees a month and still it's very minimal which is just 500-600 rupees a month. These traditional old houses made of lime mortar with small entrance gates where one has to bow down before entering. These houses are the main places where the world - famous Jaipur miniature paintings are made.





Harish Chand making Jaipur Miniature Painting.

## #HERITAGE

One such artist who I met and learnt from is Mr. Harish Chand who has been into making miniature paintings for almost 50 years. He has many beautiful paintings to his name from all the Schools of Rajasthan miniature paintings and has tried making them on all kinds of surfaces including wood, metal, ceramic, ivory, silk, sanganeri handmade paper and canvas. So for almost 10 days in Jaipur, Mr. Harish Chand was my guru to teach me the extraction of stones and preparation of natural colours from them. Another artist who I met in this process of finding natural colours from Jaipur is Mr. Hemrana who is also an art curator and works alone with the natural miniature painters in Jaipur.

The main raw materials used in making miniature painting are different types of colours which are procured from various types of stone, flowers etc. The painting is done either on cloth or Sanganeri handmade paper. These are procured from the local market and further processed to make it suitable for painting.

### Natural Colours

Various colours are extracted from natural sources like stones, flowers and leaves through intense grinding and filtering process. These are all gum and water based colours. Mainly the stone colours are used in paintings because of their permanency. Vegetable and other flower colours are water based and are not as long lasting as stone colours.



Jaipur Maharaja's Miniature Painting.

The main raw materials used in making miniature painting are different types of colours which are procured from various types of stone, flowers etc. The painting is done either on cloth or Sanganeri handmade paper. These are procured from the local market and further processed to make it suitable for painting.

### Making of Stone Colour

At first the available colours are ground on a stone slab or preferably by mortar and pestle (by rubbing or grounding) to bring them in a powder form. Then that powder is dissolved in water to be filtered. The filtration process is continued till the colour becomes totally earth or sand free. Thereafter water is removed and the colour is dried and kept in form of powder. When required, the desired colour along with some dry gum is dissolved slowly in water with the help of finger or thumb. The colour is now ready to be used.

By dissolution, the colour starts getting thicker and gains the consistency of a paste and then pressure is required to be applied. The colour gets well mixed from the strength applied at this time. This process is termed as tempering. If the colour is once allowed to get dry and then made thinner as per requirement by adding water then it gives better results.

*The colours used in painting can be divided into four main groups:*



- Earth or mineral colours
- Vegetable colours
- Oxide colours
- Metal colours

### Earth or Mineral Colors

Colours available in the form of stones come under this category, which are mainly;

- Khadiya stone for white colour
- Hartal and Ramraj stones for yellow
- Singraf stone for red colour
- Malachite stone for green
- Hazratbel for grey
- Hansraj stone- brown
- Mensar and sindoor stone-orange
- Sararevan stone- light yellow

**Black colour-** A sand lamp is placed over a lighted lamp till black soot or lamp black "kajal' is obtained there from. Babul gum, Acacia resin and water are added to this kajal and ground slowly with the first finger till it gets tempered to obtain a fine black color.

### Vegetable Colors

The colours obtained from different parts of trees or plants come under this category. For example the preparation of Red colour from the bark of the peepal tree. The bark is immersed in water and cleaned. Then it is crushed along with borax -suhaga and heated in an iron pot.

Colours obtained from flowers are not very useful in the miniature paintings where the work demands very good texture and contrast among various hues which can only be seen through thick and strong colour materials like stone and sand. Although flower colours are used in watercolour paintings and other details which requires minimum texture. A very beautiful orange colour can be made by soaking the flowers of Tesu (Palash) in water overnight. It is said that Lord Krishna also used to play Holi with Tesu flowers which is considered to be the traditional colour of Holi.

Sinduria seeds are red in colour and give dry and wet red colours. Red sandalwood powder can be boiled in water to obtain a good red colour.





### Tools and Materials

Tools used in miniature paintings are round and flat brushes of different sizes are made from squirrel hair. These brushes are suitable for making very fine details on the canvas and are long lasting. Seep (Shells) with smooth surfaces are used to keep colours and these also are used for burnishing, and as bowls for mixing colours.

One very traditional and lesser known technique is "Hakikka Pathar" or burnishing stone. The stone is used to rub on a handmade paper coated with a mixture of Khadiya and Gond. This helps in making the surface smooth and therefore the movement of brush becomes easy.

Varakh (Gold Leaf) is a decorative medium which is applied to enhance the borders and jewellery of the drawn/painted characters like kings and queens in the paintings.

Gond (gum) is used to mix with all the colours to give them permanency and binding power. This gum is procured from the bark of Babool tree.

The artists belonging to Jaipur miniature painting focus on gods and goddesses, kings and durbars and nature, with colourful themes. The Amber – Jaipur School of miniature painting is deeply rooted in Indian traditions.

writetoarbit@rashtradoot.com



Sea shells are used to keep and mix natural colour.



## #HAPPENINGS@QATAR

# Asian Tigers' Exit was Disappointing




## But story of departure of Japan and Korea follow absolutely different scripts

A.A. Banerjee

After the optimism and euphoria created by performances in the last round of group matches, it took a little under six hours for the Asian challenge at the 2022 World Cup to fizzle out. Japan and South Korea, who have been Asian football's standard-bearers for a generation, went out in contrasting fashion. The Japanese suffered the heartache of another penalty shoot-out exit, while South Korea had nowhere to hide against a rampant Brazil.

There is much to learn from the progress that both teams have made, and also from the manner of their exits. Japan more than matched Croatia for vast stretches of the game, but seemed to run out of belief when they needed it most. Croatia's midfield veterans controlled the game for much of the second half, especially after Ivan Perisic's brilliant headed equaliser, but Japan's pace on the break remained a constant threat.

What Japan and Hajime Moriyasu, their coach, perhaps didn't do was ruthlessly exploit obvious Croatian weaknesses. Borna Barisic, the left-back, has had a pretty awful start to the season with a Glasgow Rangers team that went out of the Champions League without even a point from six games. Drafted into the XI in place of Borna Sosa, Barisic ran out of gas midway through the second half.

But despite Junya Ito on the right side of the Japanese midfield being full of running and a real threat with his crosses, Japan didn't target Barisic enough. Most of the attacks came from the outstanding Kaoru Mitoma, the second-half substitute who plays for Brighton in England, on the left of midfield. Mitoma had a couple of storming runs, and stung the keeper's palms with a long-range shot, but it was hard to escape the feeling that Japan could have used Ito more.

The long balls up the middle were pretty pointless. As gamely as Takuma Asano chased them, he was never going to get the better of Josko Gvardiol. The Croatian centre-back only turns 21 in January, but his performances here have ensured that RB Leipzig will bank well in excess of $80 million if they do decide to sell him next summer. Physically imposing, positionally adept and strong in the tackle, the masked Gvardiol has been the tournament's most commanding defender, eclipsing even the Netherlands' Virgil van Dijk.




Where Japan really lost it though was in the shootout. Having failed to take advantage of their younger legs in extra time, they found the challenge from 12 yards too much to handle. As a collective, Japan was a match for three of Europe's finest teams. Penalty kicks, however, put the spotlight squarely on the individual. And the Japanese simply didn't have the experience or nous to handle it.

The difference in body language was stark. Marcelo Brozovic has won a Serie A title with Inter Milan, and reached a World Cup final with Croatia. He swaggered to the spot, and dispatched his penalty with utmost coolness. In contrast, the three kicks Japan missed were tame affairs, struck with no belief at all. Even Takumi Minimino, who won trophies with Liverpool before moving to Monaco last summer, seemed to shrink as he neared the spot.



Ivan Perisic of Croatia.

Yuto Nagatamo, the veteran Japanese left-back who spent seven years at Inter Milan, had given a stirring pre-match speech where he asked his teammates to fight like the Samurai. But when it came to the crunch, it was Croatia's stalwarts, with years of top-level experience in their boots that battled like the Japanese warriors of old. Japan was close, very close, but that final gap – the mental one – is perhaps the hardest to bridge in sports.

**Japan got unlucky but Korea was outgunned by Brazil**

Korea have no need for such soul-searching. In their case, it was simply a lack of quality that ended the journey. As many as 14 of the Korean squad of 26 play at home in K League 1. Only six ply their trade in the top European leagues. And of those, only Kim Min-jae, at Serie A leaders Napoli, and Son Heung-min, at Tottenham Hotspur, play for leading clubs.

Once Brazil hit them hard and early, South Korea lost the discipline and poise that had taken them past Portugal in the group stage. The defensive line was non-existent, with Brazil cutting through almost at will. Had they not taken their foot off the pedal in the second half, the scoreline could have been really ugly.

The irony is that South Korea managed six shots on target to Brazil's nine, with Alisson Becker making some stunning saves. But Son had a poor game, and Hwang Hee-chan couldn't find a finishing touch to match his endeavour. In three World Cups going back to 2014, South Korea have managed just 11 goals in 10 matches. The last two Asian Cups (2015 and 2019) have seen them score 14 from 11. You simply don't win trophies like that, not unless you can control the ball and games like Spain's 2010 vintage.

Where Japan really lost it though was in the shootout. Having failed to take advantage of their younger legs in extra time, they found the challenge from 12 yards too much to handle. As a collective, Japan was a match for three of Europe's finest teams. Penalty kicks, however, put the spotlight squarely on the individual.

After the group stage, there was so much excitement about the rest of the world catching up, with six of the last 16 coming from Asia (3), Africa (2) and North America (1). But the old order has now ruthlessly reasserted itself. And as painful as these defeats were, especially for Japan, we can only hope that the lessons learned from them will benefit Asian football in the years ahead.



Japan coach Hajime Moriyasu.

# Ronaldo Remains the Star

## ...but is mysterious about his future plans



**Anilava Chatterjee from Qatar**

Portuguese superstar Cristiano Ronaldo is unfazed with the speculations of him joining Saudi Arabian club Al Nassr. Reports have linked him to a move to Saudi Arabian club Al-Nassr but no deal has yet been signed. The talisman was seen training with teammates at the Al Shahania stadium on Monday night ahead of Portugal's all important quarter final clash against Switzerland. Ronaldo looked focused as he trained alongside Bruno Fernandes, Pepe, Joao Felix and others.

According to Portuguese media, there is no official confirmation about Ronaldo joining Al Nassr. The five-time Ballon d' Or winner has not decided anything officially. The Portuguese media covering the FIFA World Cup 2022 in Qatar have doubts over Ronaldo playing for the Asian club as they feel the superstar footballer wants to continue playing at a higher level of club football in Europe. For Ronaldo, it is not about money as he still has a lot to offer.

"He (Cristiano) has not decided anything officially yet about his move to Al Nassr, He still wants to play at a higher level. For Ronaldo, it is not about money. He has a lot to offer in the game," said Catherine who is a journalist from Portugal.

She added, "Ronaldo enjoys pressure. He is waiting for the opportunity. He still has a lot to give in this World Cup. He is not affected by the rumours. He is used to be in the news."



Cristiano Ronaldo unfazed with Al Nassr speculations.


**Will he play for Saudi or remain alive in European Club Circuit?**

By his standards, it has been a very quiet World Cup for Ronaldo compared to Lionel Messi and Kylian Mbappe. The former Manchester United striker has scored only one goal from penalty so far against Ghana.


Portugal will look forward to Ronaldo for inspiration in Tuesday's pre-quarter final clash against Switzerland at the Lusail Stadium. It will be interesting to see if he starts for the fourth consecutive time in this World Cup after Portugal coach Fernando Santos expressed his displeasure at Ronaldo's reaction after being subbed off in the game against South Korea.

As far as the team news is concerned, Santos will recall his main players who were rested in the game against South Korea. The likes of Bruno Fernandes, Bernardo Silva, Joao Felix and Ruben Dias are all set to return. Raphael Guerreiro can play in left-back position while Joao Cancelo can operate in the right.

The last time these two sides met, Portugal beat the Swiss 4-0 in the UEFA Nations League in June before losing 1-0 in the reverse fixture.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बालक की मौत के बाद जलदाय विभाग और प्रशासन ने पानी के सैंपल लिए

## चौबे पाड़ा, दुब्बे पाड़ा, काना हनुमान पाड़ा, पाठक पाड़ा, जाट की सराय, गुलशन कॉलोनी, बाईपास सहित कई कॉलोनी के सैकड़ों लोग बीमार

**हिण्डौन सिटी,** (निस)। शहर की दर्जनों कॉलोनियों में नलों से आ रहे दूषित पानी के चलते फैली उल्टी दस्त की बीमारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार बढ़ रहे मरीजों की संख्या के बीच मंगलवार को सुबह एक 12 वर्षीय बालक की उल्टी दस्त के कारण मौत हो गई। वही मामला बढ़ता देख जलदाय विभाग और प्रशासन अब पानी के सैंपल लेकर जांच में जुटा है।

मामले की जांच करने पहुंचे जलदाय विभाग हिंडौन के अभियंताओं का शहर के लोगों ने घेराव कर जमकर खरी-खोटी सुनाई। मंगलवार को जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह भी हिंडौन के जिला अस्पताल पहुंचे तथा मरीजों के हालचाल जानकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्र का भी निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। जिला

- **प्रभावित क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति रोकी, कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

कलेक्टर ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति रोक दी है, जिससे इंफेक्शन और नहीं फैले। उन्होंने बताया कि पानी के सैंपल लिए हैं जिसकी जांच आने के बाद पता चलेगा कि पानी सोर्स से दूषित हुआ है या फिर पाइप लाइन में लीकेज के कारण।

उल्लेखनीय है कि हिण्डौन के चौबे पाड़ा, दुब्बे पाड़ा, काना हनुमान पाड़ा, पाठक पाड़ा, जाट की सराय, गुलशन कॉलोनी, बाईपास सहित कई कॉलोनी के सैकड़ों लोगों को जलदाय विभाग द्वारा एक ही टंकी से पेयजल आपूर्ति की जाती है। इन कॉलोनी के करीब 100 से अधिक लोगों को उल्टी दस्त से पीड़ित बताए जा रहे हैं।

हिण्डौन के शाहगंज निवासी 12 वर्षीय देव कुमार पुत्र गिरधारी कोली को दूषित पानी पीने के कारण रात को अचानक उल्टी दस्त शुरू हुए। जिसके बाद परिजन मंगलवार सुबह बालक को हिंडौन के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# स्थानांतरण निरस्तीकरण आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग उदयपुर का मामला

**जोधपुर,** (कासं) । राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश अरूण भंसाली ने प्रयोगशाला तकनिशियन के पद पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना, गिर्वा, उदयपुर में कार्यरत कमलेश कुमार किकोड की रिट याचिका को अंतरिम रूप से स्वीकार करते हुए चिकित्सा विभाग द्वारा जारी उसके स्थानान्तरण निरस्तीकरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। तथा चिकित्सा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

उदयपुर निवासी कमलेश कुमार किकोड का स्थानातरण चिकित्सा विभाग के आदेश 10.09.2022 से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास, खैरवाडा उदयपुर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना, गिर्वा उदयपुर किया गया। विभाग के आदेश 10.09.2022के अंतर्गत प्रार्थी को ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 12.09.2022को उसे कार्य मुक्त करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना मे कार्यग्रहण करने का आदेश प्रदान किया।

प्रार्थी द्वारा आदेश 10 सितंबर 2022 के अनुसरण में 13 सितंबर को

- **चिकित्सा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया**

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना में कार्यग्रहण कर लिया।

निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रार्थी के कार्यग्रहण के दो माह पश्चात प्रार्थी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास खैरवाडा से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना के लिए "स्थानांतरणधीन मानते हुए" 28 नवंबर को उसका स्थानांतरण निरस्त करते हुए पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास, खैरवाडा उदयपुर स्थानांतरण यथावत कर दिया गया।

विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक रिट याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रार्थी के अधिवक्ता का यह तर्क था कि प्रार्थी ने आदेश दिनांक 10 सितंबर के अनुसरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सविना में 13सितंबर को ही कार्यग्रहण कर लिया था। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा उसे जवास से सविना के लिए स्थानान्तरणधीन मानते हुए आदेश 28नवंबर से उसका स्थानातंरण निरस्त कर पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास खैरवाडा का आदेश अनुचित किया गया है। क्योकि प्रार्थी द्वारा 13.09.2022को ही सविना में कार्यग्रहण कर लिया था साथ ही यह भी तर्क दिया कि विभाग के आदेश 10.09.2022की भी प्रार्थी द्वारा पूर्ण पालना की जा चुकी है। प्रार्थी द्वारा विभाग की ओर से जारी आदेश की पालना के दो माह पश्चात उसे निरस्त करना भी अनुचित है।

प्रार्थी के अधिववक्ता के तर्क से सहमत होते हुये न्यायालय ने चिकित्सा विभाग द्वारा पारित आदेश 28.11.2022 के तहत प्रार्थी का स्थानातरण निरस्त किया गया उस पर अंतरिम रोक लगाते हुए चिकित्सा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 34 घायल

**कानोड़,** (निसं)। खेड़ी के पास अनियंत्रित होकर टैक्ट्रर ट्रॉली पलटी खा गया जिसमें सवार होकर सामाजिक कार्यक्रम भाग लेने जा रहे महिला पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग 34 जने घायल हो गये। 7 गम्भीर घायलों का उदयपुर रेफर किया गया तो वहीं अन्य 27 घायलों का कानोड़ सीएचसी में उपचार किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घोड़ो का खेड़ा निवासी सभी लोग खाना खेड़ा बलीचा में एक सामाजिक कार्यकम में शामिल होने के

- **सात गम्भीर घायलों को उदयपुर रैफर किया गया**
- **कानोड़ के निकट खेड़ी चौराहा के पास हुआ हादसा**



सड़क हादसे के घायलों का कानोड़ सीएचसी पर उपचार कराया गया।

लिये रवाना हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही हैड कांस्टेबल लक्ष्मण लाल मय जाब्ता पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को कानोड़ सीएचसी में 108 व निजी वाहनों से लाया गया जहां पर चिकित्सा टीम ने उपचार किया। सात घायलों को उदयपुर रैफर किया गया तथा अन्य घायलो का कानोड़ सीएचसी में उपचार हुआ। कानोड़ पुलिस ने टैक्ट्रर ट्रॉली को मौके से कानोड थाने लाया गया तथा डाईवर मौके से घटना के बाद फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार योगेष वैष्णव, ड्रिप्टी रविन्द्र प्रताप सिंह, भीण्डर थानाधिकारी मुकेश कुमार सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थन का जायजा लेकर सीएचसी में घायलों से मिले तथा रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारीयो को भेजी गई। जिससे घायलों को आर्थिक सहायता मिल सके। उदयपुर जिला कलेक्टर ने भी चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को घायलों का जल्द इलाज करने तथा उदयपुर रैफर हुए घायलों के उपचार के लिये जिला मुख्यालय पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। हादसे में दिलीप, शान्ति लाल, पुष्पा देवी, लीला देवी, संजु, शान्ता, गेन्दकी, गणेषी, रामी देवी, ड्रिम्पल, हेमाबाई, मांगी बाई, कोमल, टीना, मुकेश, शिवम, तुलसा बाई, कंकु बाई, पार्वती देवी, विशाल, शंकरी बाई, प्रहलाद, नानी बाई, योगेन्द्र कुमार, भंवरी, लक्ष्मी, नोजकी घायल हुए हैं जबकि पुष्पा, देवली, भोजराज, लोगरी बाई, हेमा, प्रेम बाई, शकंरी रावत को उदयपुर रैफर किया गया।

# सांसद को सड़क निर्माण में मिली अनियमितता

**भरतपुर,** (निस)। भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने वैर से रूपवास की तरफ बनाई जा रही 62 करोड़ रुपए की सड़क में घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग ठेकेदार की ओर से किए जाने की शिकायत पर, इस सड़क मार्ग का निरीक्षण किया तो, भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने पाया कि इस सड़क निर्माण कार्य में रेता का उपयोग किया जा रहा था। वैर से रूपवास स्टेट हाईवे निर्माण के लिए 62 करोड रूपए स्वीकृत किए गए हैं, मौके पर पहुंचे अधिकारी सांसद को कोई जवाब दे पाए और ना ही कोई कागजात पेश किया गया।

सीमेंट की मात्रा सही नही होने के संदेह को लेकर बनाई जा रही सड़क की निर्माण सामग्री की सैंपलिंग लेकर दिल्ली भिजवाए जाने की बात कही है। मार्ग में सीमेंट का उपयोग नहीं किया जा रहा था। सड़क निर्माण कार्य के समय विभाग के मौजूद अधिकारी घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग करने की बात का कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए। वैर ही नही भरतपुर जिले में पीडब्लूडी विभाग की ओर से बनाई जा रही सड़कों में, सड़क निर्माण कार्य के समय जिम्मेदार अधिकारियों का सुपरविजन नही होने के कारण, सर्वेंदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

# भारतीय मानक ब्यूरो की टीम ने फर्जी हॉल्मार्क सेंटर पर छापा मारा

**जयपुर/कोटपूतली,** (निसं)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) राजस्थान की टीम द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर मंगलवार को कस्बा स्थित मैसर्स श्री लक्ष्मी हॉलमार्किंग सैंटर नामक फर्जी हॉल्मार्क सैंटर पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। इस दौरान हॉल्मार्क सैंटर बिना भारतीय मानक ब्यूरो के वैधानिक रेकग्निशन के हॉल्मार्क करते हुए पाया गया।

बीआईएस जयपुर प्रमुख कनिका कालिया के निर्देश पर उप निदेशक मोहित मीणा के नेतृत्व में सहायक निदेशक प्रेम प्रकाश डूडी व संगीता चौधरी ने छापेमारी की कार्यवाही की। उक्त सैंटर फर्जी हॉल्मार्क सैंटर के तौर पर बीआईएस जयपुर से बिना मान्यता के कार्य कर रहा था। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए



लक्ष्मी हॉलमार्का सेंटर पर कार्यवाही करती भारतीय मानक ब्यूरो टीम।

गूगल प्ले स्टोर पर बीआईएस केयर एप भी लॉंच किया गया है। जिससे ग्राहक स्वयं ही न केवल आई.एस.आई. एवं रजिस्ट्रेशन मार्क लाइसेंस के विवरण को सत्यापित कर सकते हैं, बल्कि बीआईएस हॉल्मार्क वाली ज्वैलरी पर एचयुआईडी संख्या को भी सत्यापित कर उसकी प्रमाणिकता जान सकते हैं।

# आशा सहयोगनियों ने किया प्रदर्शन

## आशा सहयोगिनी व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**करौली,** (नि.स.)। आशा सहयोगिनी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के केवाईसी कार्य का विरोध किया। केवाईसी के लिए मोबाइल, इंटरनेट और भुगतान बढ़ाने की मांग की।

आशा सहयोगिनी संगठन राजस्थान के बैनर तले प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कम मानदेय पर अधिक काम कराने के भी आरोप लगाए। संगठन की गीता बेनीवाल ने बताया कि आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना सहित विभिन्न केवाईसी के लिए ई-मित्र संचालक द्वारा 50 से 100 रुपए वसूल किया जाता है। जबकि राज्य सरकार आशा कार्यकर्ता को मात्र 5 रुपए का भुगतान कर रही है। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिना मोबाइल या टैबलेट, इंटरनेट, बिना उपयुक्त प्रशिक्षण और किसी के सहयोग के ये कार्य करना मुश्किल भरा है।

आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सीएचओ को इस कार्य के लिए मोबाइल डाटा का अलग से भुगतान होता है। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आशा समन्वयक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पहले जो कार्य किया था उनका भी भुगतान नहीं हुआ है। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि न्यूनतम 3500 रुपए पर कार्य करने के चलते उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आशा कार्यकर्ताओं ने भुगतान बढ़ाने, प्रति केवाईसी 50, दिलाने, इंटरनेट सहित मोबाइल या टैबलेट फोन भी दिलाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने तक केवाईसी कार्य करने में असमर्थता जताई है। इस दौरान जिले की आशा सहयोगिनी कार्यकर्ता मौजूद रही।

# चूरू में सर्दी का असर तेज

**चूरू,** (कासं)। चूरू में अब दिन पर दिन सर्दी अपना जोर दिखाने लगी है। जिसके कारण दिन के अंदर भी सर्दी का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को यहां का अधिकतम 25.4 व न्यूनतम 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां पर सुबह दिन निकलने के बाद करीब दस बजे तक सर्दी का असर बना रहता है। जिसके चलते लोग देरी से घरों से बाहर निकलते हैं।

हालांकि यहां पर अभी शाम को अलाव जलाने का सिलसिला शुरु नहीं हो पाया है। इसी के साथ मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बना हुआ है। जिसकी वजह से चिकित्सालय में रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। आम आदमी के खांसी, जुकाम व बुखार की शिकायत देखने को मिल रही है।

# 'राजस्थान सरकार का भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण को जातिगत करना उचित नहीं'

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण को वर्गवार किए जाने का अवकाश प्राप्त सैनिक संघ ने विरोध करते हुए मंगलवार को अवकाश प्राप्त सैनिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन विद्याधर पूनियां तथा कैंटीन प्रभारी जय प्रकाश डूडी के नेतृत्व के नेतृत्व में राजस्थान के राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी राजगढ रणजीत बिजारणियां को ज्ञापन सौंपा है। वहीं सौंपे ज्ञापन में राज्य सेवाओं में भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले आरक्षण नियम को पूर्ववत रखने की माँग की गई है।

ज्ञापन में लिखा गया है कि भूतपूर्व सैनिकों को राजस्थान सेवा सिविल सेवा नियम-1988 में वर्णित भूतपूर्व सैनिक

- **वर्गवार आरक्षण किए जाने का अवकाश प्राप्त सैनिक संघ ने किया विरोध, सरकार के निर्णय से भूतपूर्व सैनिकों में आक्रोश**

आमलेन के अंतर्गत आरक्षण दिया जाता है। इसमें राज्य सेवा में पाँच प्रतिशत, मंत्रलायिक अधीनस्थ सेवाओं में 12.5 प्रतिशत तथा चतुर्थ श्रेणी पद पर 15 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन अब राजस्थान सरकार ने 24 नवंबर को कैबिनेट की बैठक में निर्णय करते हुए आरक्षण को जातिगत किया गया है, जो उचित नहीं है।

ज्ञापन में लिखा गया है कि केबिनेट का निर्णय भूतपूर्व सैनिकों के हितों के प्रतिकूल और भूतपूर्व सैनिकों तथा राजस्थान सिविल सेवा नियम व्यवस्था के भी खिलाफ है। सरकार के इस निर्णय से भूतपूर्व सैनिकों में असंतोष की भावना व्याप्त हो रही है। उक्त आरक्षण को पूर्ववत भूतपूर्व सैनिक आमेलन के हिसाब से रखे जाने की मांग की गई है। इसके अलावा भूतपूर्व सैनिकों की इससे संबंधित परीक्षा में 40 प्रतिशत की बाध्यता को भी हटाए जाने का अनुरोध किया गया है।

# पांच कांस्टेबल के तबादले

**करौली,** (नि.स.) । एसपी ने तबादला सूची जारी करते हुए करीब आधा दर्जन हैड कांस्टेबल और कांस्टेबलों को विभिन्न थानों पर लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने बताया कि हैड कांस्टेबल जिलय सिंह 50 को साइबर सेल कार्यालय से साइबर थाना करौली, कांस्टेबल मनीष कुमार को साइबर सेल कार्यालय से साइबर थाना करौली,कांस्टेबल संदीप, संजय को पुलिस लाइन से थाना साइबर करौली, कांस्टेबल हरिओम को थाना कोतवाली करौली से थाना हिण्डौन सिटी एवं कांस्टेबल दीपेंद्र सिंह 1387 को थाना लांगरा से वृत कार्यालय हिण्डौन सिटी लगाया गया है।

# मतदान करने में महिला मतदाता पुरुषों के बराबर रही

**सरदारशहर,** (निसं)। उपचुनाव के लिए 5 दिसंबर को हुए मतदान में महिला मतदाता पुरुषों के लगभग बराबर रही है। सोमवार को हुए मतदान में विधानसभा क्षेत्र के कुल 289843 मतदाओ में से 208956 मतदाताओ ने अपने मत का उपयोग कर लोकतंत्र के उत्सव में भाग लिया जो 72.09 प्रतिशत रहा। विधानसभा क्षेत्र में कुल पुरुष मतदाता 152766में से 10269 मतदाताओं ने मतदान किया जो 72.18प्रतिशत रहा वहीं महिला कुल 137077 मतदाओ में से 98692 ने मतदान कर लोकतंत्र उत्सव में भाग लिया जो 71.99 प्रतिशत रहा।

उपचुनाव में त्रिकोणिय मुकाबला:- सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में वैसे तो चुनाव में दस प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन भाजपा, कांठोस और रालोपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। कही तो कांठोस आगे तो कही भाजपा आगे तो कही आरएलपी आगे नजर आ रही है। इस चुनाव में प्रदेश के सभी दिग्गज नेताओं और विधायको ने यहां डेरे डाल कर अपनी अपनी पार्टी के उम्मीदवार को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने के प्रयास किये हैं। लेकिन मतदाताओं ने किस पार्टी के बडे नेता की प्रतिष्ठा को चुना है यह निर्णय 8 दिसंबर को सामने आयेगा।

इस उपचुनाव में कांठोस प्रत्याशी अनिल शर्मा के पिता दिवंगत विधायक पं. भंवरलाल शर्मा कद्दावर नेता थे।

- **उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस और रालोपा के बीच रहा कड़ा मुकाबला**
- **प्रदेश के सभी दिग्गज नेताओं और विधायकों ने चुनाव के दौरान डेरा डाले रखा**

उनकी सियासी विरासत बचाने की चुनौती रही जिसके लिए पार्टी के दिग्गज नेता प्रदेश मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक मंत्रियों व पार्टी के विधायकों ने डेरे डाल कर घर घर दस्तक दी और पार्टी के पक्ष में वोट मांगे वहीं भाजपा के अशोक पींचा के लिए केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ सहित अनेक बडे नेताओं ने यहां डेरे डाल कर घर घर दस्तक दी लेकिन भाजपा का बडे वोट बैंक पर आरएलपी के प्रत्याशी लालचंद मूंड के पक्ष में पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने चुनाव को त्रिकोणीय बनाते हुए सेंध लगा कर भाजपा का समीकरण प्रभावित कर दिया। लोगों का मानना है कि यह चुनाव त्रिकोणीय बनने से रोचक बना और यह कहना मुश्किल हो गया कि जीत किसी की हो लेकिन फैसले का अनुमान लगाना मुश्किल जरूर हो गया।

# सीजन के पहले कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

**सूरतगढ़,** (निसं)। मंगलवार की सुबह लोगों की आंख खुलते ही उन्हें इस सीजन का पहला कोहरा दिखाई दिया। अलसुबह छाई धुंध ने वातावरण में भी आम दिनों की अपेक्षा ठंडक का ज्यादा एहसास करवाया। अब तक गुलाबी ठंडक में आधी बाजू की स्वेटर से काम चला रहे लोगों को अब ठंड से पूरा बचाव करना पड़ेगा। धुंध के चलते जनजीवन पर भी इसका असर देखा गया। स्कूली बच्चों ने खुले आसमान के नीचे सड़क पर खड़े होकर अपनी वैन का इंतजार किया तो कुछ पैदल ही ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे।

सबसे ज्यादा परेशानी का सामना हाईवे पर वाहन चालकों को करना पड़ा। जो घने कोहरे के चलते हेडलाइट जलाकर अपने वाहनों को धीमी गति से चलाते नजर आए। तेज धुंध के चलते सुबह सवेरे यात्रा करने वाले यात्रियों ने ट्रेन के जरिए आवागमन को ही प्राथमिकता दी। मगर ट्रेनों के भी देरी से आने और जाने की जानकारी सामने आई। इसके अलावा पार्को तथा अन्य स्थानों पर पैदल भ्रमण करने वाले लोग भी इक्का-दुक्का ही दिखाई दिए। पहली बार सीजन की इस धुंध में लोगों ने अलाव का सहारा लिया। किसानों के अनुसार फसलों के लिए यह धुंध लाभदायक है। परंतु वृद्धजनों और बच्चों को आने वाले दिनों में सर्दी से ज्यादा बचाव रखना पड़ेगा।

# भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस हमेशा हिन्दू विरोधी रही है : देवनानी

## अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश यात्रा के दौरान कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे भाजपा नेता

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस है। राजस्थान और देश में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही, भ्रष्टाचार सुरसा के मुंह की तरह बढ़ा। प्रदेश में भ्रष्टाचार व्याप्त है, इस बात को खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कई बार अपने बयानों और भाषणों में स्वीकार कर चुके हैं। यही नहीं, कांग्रेस हमेशा हिन्दू विरोधी रही है और वह अब भी यही रवैया अपनाए हुए है।

देवनानी अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को दाहरसेन मंडल में विभिन्न स्थानों पर सभाओं और नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रिश्वत दिए बिना शिक्षकों के तबादले नहीं होने की बात खुद शिक्षकों ने मुख्यमंत्री गहलोत की उपस्थिति में उनके द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कही थी।

देवनानी ने कहा कि अस्पतालों में सुविधाएं जुटाने, सड़कें और पुल बनाने में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। यह बात भी खुद गहलोत स्वीकार कर चुके हैं। गहलोत ने तो यहां तक कह दिया था कि ठेकेदारों और इंजीनियरों की साठगांठ



विधायक वासुदेव देवनानी ने यात्रा के दौरान कांग्रेस के पुतलों की शव यात्रा निकाली।

होने के कारण कोई भी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हो पाता है। गहलोत यह भी स्वीकार कर चुके हैं कि भ्रष्टाचार के कारण ही सरकारी अस्पतालों में ना तो अच्छी मशीनों की व्यवस्था हो पाती है और ना ही मरीजों को उचित इलाज मिल पाता है। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं का आभास भी गहलोत को तब हुआ, जब वे खुद बीमार होने पर वहां भर्ती हुए थे। देवनानी ने कहा, गहलोत द्वारा इतनी सारी बातें स्वीकार करने के बावजूद कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। जब सरकार की यह स्थिति है, तो उससे जनता की अपेक्षाएं और उम्मीदें कैसे पूरी हो सकती हैं।

मोहन डेयरी के पास यात्रा के प्रारंभ में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देवनानी ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया, यात्रा की विधानसभा प्रभारी स्टेफी चैहान, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष अरविंद यादव, यात्रा के विधानसभा संयोजक जयकिशन पारवानी, जिला महामंत्री रमेश सोनी, मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र ल ाल वानी, महिल ा मोर्चा अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल जायसवाल आदि भी शामिल रहे। यात्रा के दौरान दो स्थानों पर कांग्रेस के पुतलों की शवयात्रा निकाली गई। पुतले की पहली शवयात्रा मोहन डेयरी से शुरू होकर साहूजी के कुएं के पास पहुंची, जहां कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला जलाया गया। इसी प्रकार पुतले की दूसरी शवयात्रा इनकम टैक्स कॉलोनी से लेकर श्रीराम विहार कॉलोनी तक निकाली गई, जहां चैराहे पर पुतला फूंका गया।

यात्रा में अजमेर उत्तर यात्रा विधानसभा संयोजक जयकिशन पारवानी, यात्रा विधानसभा सह-संयोजक राजकुमार लालवानी, महामंत्री रमेश सोनी, जिलामंत्री राजेश शर्मा, योगेश शर्मा, विक्रमसिंह, पार्षद सुभाष जाटव, के.के. त्रिपाठी, राजू साहू, अतीश माथुर, दाहरसेन मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र लालवानी, सत्येंद्र कुमार शर्मा, विक्रमसिंह राठौड़, अनिल नरवाल , दयाल राम सिवासियां, जातवेद सोनी, प्रकाश मेहरा, सौरभ गौड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, सावित्री शर्मा, विजय लक्ष्मी विजय, रेणु यादव, लक्ष्मी यादव, सुमन राठौड़, बबीता ईनाणी, भाग्यश्री ओझा, शकुंतला शेखावत, पूजा सोनी, अनुराधा पारीक, विजयसिंह टांक, नीरज पारीक, सर्वेश बजाज, अनिल आसनानी, ओमप्रकाश शर्मा, शशांक शुक्ला, अंकुर सोनी, मुकेश आहूजा आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त

### मारूति वैन में घुसे पाइप

**मालपुरा,** (निसं)। मंगलवार की सवेरे शहर के बस स्टेण्ड के बाहर एक पिकअप में भरे टेन्ट के पाईप मारूति वैन का शीशा तोड वैन में जा घुसे। चालक व कार सवार बाल-बाल बच गये। मामले के अनुसार मंगलवार की सवेरे टेन्ट के पाईपों से भरी एक पिकअप चालक द्वारा बीच सड़क पर ही अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे से आ रही वैन के शीशे तोड पाईप वैन में जा घुसे। गनीमत रही वैन चालक व उसमे बैठे महिला-पुरूष बाल-बाल बच गये। मौके पर जमा भीड़ ने वैन सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला तथा वैन में घुसे टेन्ट के पाईपों को बाहर निकाला।

### राजेन्द्र च्यवनगौड़ बने जिलाध्यक्ष

**मालपुरा,** (निसं)। राजस्थान शिक्षा विभाग संयुक्त कर्मचारी संघ जिला शाखा के मंगलवार को हुए चुनाव में राजेन्द्र कुमार च्यवनगौड को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया एवं शिक्षा विभागीय खेलकुद परिषद के जिलाध्यक्ष पद पर संजय शर्मा को भी सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक के दौरान आगामी वर्ष मे सेवानिवृत्त होने वाले मंत्रालयिक कर्मचारियो का स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिर्राज गुप्ता, अब्दुल अजीज, उपेन्द्र लक्षकार, अब्दुल मजीद, नोसाद, अब्दुल लतीफ, आरिफ अली, पदम चन्द जैन आदि मौजूद रहे। इसी दौरान 49वीं जिला स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन उर्दू ब्लॉक विद्यालय में सम्पन्न हुआ।

### महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। डॉ. आंबेडकर विचार समिति प्रवक्ता महेंद्र कुमार वर्मा के अनुसार समिति के उपाध्यक्ष वेदप्रकाश बारोलिया की अध्यक्षता में अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। एडवोकेट सुखबीर सिंह बौद्ध,गणपतराम चांदोलिया, महेश प्रताप सांमरिया,मूलचंद बागोरिया, घनश्याम कच्छावा, गुलशन कच्छावा, धर्मेंद्र गोडवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### विधायक गुर्जर यात्रा में शामिल हुये

**पावटा।** कांग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में देश में भारत जोडो यात्रा निकाली जा रही है। इसके राजस्थान के झालावाड पहुंचने पर झाला पाटन भारत जोडो यात्रा में शामिल होकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने राहुल गांधी के साथ कदमताल किया। राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन व विभिन्न जन कल्याणकारी विषय पर राहुल गांधी के साथ विधायक की चर्चा हुई।

### मरीजों को फल वितरित किए

**चाकसू,** (निसं)। कस्बा स्थित उपजिला चिकित्सालय में डॉ.भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अस्पताल प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीणा के नेतृत्व में डॉक्टर. अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प हार पहनाकर एवं पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। बाबा साहेब को याद किया और मरीजों को फल वितरित किए गए।

# एसडीएम ने किया स्कूल का निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के निर्देश दिये

**थानागाजी,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़ का एसडीएम थानागाजी केशव मीणा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

एसडीएम सुबह 9:45 पर ही स्कूल पहुंच गए और प्रार्थना सभा पर मौजूद रहे। एसडीएम ने यूनिफार्म में नहीं विद्यार्थियों को यूनिफार्म में ही आना सुनिश्चित करने के लिए प्रिंसिपल को निर्देशित किया। प्रार्थना सभा के दौरान जनरल नॉलेज के प्रतिदिन 8 प्रश्न जिसमें उच्च स्तर के भूगोल, इतिहास, अर्थव्यवस्था, साइंस, राजनीति विज्ञान, सम सायिकी और राजस्थान से संबंधित प्रश्न लिखवाने और 15 अगस्त और 26 जनवरी को उसकी एग्जाम लेकर प्रथम 3 विद्यार्थियों को सम्मानित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एसडीएम ने ड्यूटी चार्ट को देखा और व्याख्याता की अधिकतम पीरियड लगवाने हेतु प्रिंसिपल को निर्देशित किया। कुछ अध्यापक ऐसे नजर में आए जो पीरियड में नहीं जाते हैं और 6 से ज्यादा पीरियड नहीं लगाने हेतु प्रिंसिपल पर दवाब बनाते हैं। एसडीएम ने खुद के सामने दोबारा ड्यूटी चार्ट बनवाया और सभी टीचरों को इसके अनुसार अध्यापन कराने हेतु निर्देशित किया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की बात कही। एसडीएम ने इसके बाद बायोलॉजी की क्लास में व्याख्याता के अध्यापन को देखा और छात्रों से बोर्ड पर सवाल के जवाब लिखवाए और कुछ सुधार के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल में मनरेगा से सफाई और समतलीकरण के लिए सरपंच से फोन पर बातचीत करके समाधान करवाया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी ने बताया कि आगे भी सभी स्कूल का गहन और औचक निरीक्षण किया जाएगा और गुणवत्ता पूर्वक शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त करना सुनिश्चित किया जाएगा।



थानागाजी एसडीएम केशव मीणा ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम प्रार्थना सभा पर मौजूद रहे।

■ एसडीएम सुबह 9:45 पर ही स्कूल पहुंच गए और प्रार्थना सभा पर मौजूद रहे

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक ली

**लालसोट,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने उपखंड मुख्यालय स्थित संस्कृत कालेज परिसर में भारत जोड़ो यात्रा की ली गई विशेष बैठक को संबोधित करते हुए कहा गया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देश की अखंडता व संप्रभुता को लेकर अलग मुकाम रखती है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि यह भारत जोड़ो यात्रा देश में पनप रही विभिन्न विध्वंसकारी ताकतों एवं देश के लिए गलत नीति रखने वालो के लिए मुसीबत भरी साबित होगी। मंत्री मीणा ने बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि राहुल गांधी की इस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पूरे अनुशासन के साथ एकजुटता दिखाते हुए उनका ऐतिहासिक तौर पर स्वागत अभिनंदन एवं आगवानी करते हुए कांग्रेस मजबूत है का संदेश दिया जाए। इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश स्वायत्त शासन संस्था के उपाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि यह लालसोट विधानसभा क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा हाथ खुले रखे एवं अब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से गुजर रही है।

इस बैठक को पूर्व पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश राडा, पूर्व सरपंच ईश्वर मीणा, नगर अध्यक्ष राजेंद्र पाखला, युवा नेत्री पिंकी कामदार, पार्षद जीतू बडाया, अशोक उपाध्याय, एडवोकेट सूरज सैनी सहित कई नगरपालिका पार्षद कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# पावटा की खार नदी में डाल रहे होटलों की गंदगी

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा नगर पालिका शहर को स्वच्छ बनाने के लिए भले ही इन दिनों सरकारी तंत्र झाडू लेकर सडकों पर उतर रहा हो लेकिन शहर की गंदगी का एक बड़ा हिस्सा पावटा कस्बे में खार नाम से बहने वाली नदी में डाला जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा विरोध दर्ज कराने के बावजूद हर रोज नदी को प्रदूषित किया जा रहा है। जिसमे आस पास के क्षेत्रों की होटलों से अपशिष्ट भोज्य पदार्थ वाहनों में भर कर भोज्य पदार्थ व पॉलीथिन, पेटियां पावटा में बने प्राचीन गोपाल भैया मंदिर के पीछे खार नदी में डाला जा रहा हैं। कस्बे की सीमा में बहने वाली नदी में गंदगी डालने से गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा पैदा हो गया है। बताया जा रहा है कि गंदगी के चलते ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। हैरत की बात है कि शहरों को स्वच्छ बनाने का दावा करते हुए सडकों पर झाडू लेकर उतरने वाले सरकारी कारिंदों की निगाह प्रदूषित हो रही नदी की ओर नहीं जा रही है। जिसे लेकर मंदिर महंत मोहन दास महाराज सहित ग्रामीणों ने कचरा डालने आई होटल की गाडी को पकडकर आक्रोश जताते हुए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अवगत करवाते हुए कहा कि होटलों की गंदगी नदी में डालने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड किया जा रहा है। इस दौरान गौ सेवक प्रहलाद सैन, नितेश शर्मा, धर्मेंद्र बटवाल, साहिल शर्मा, राघव शर्मा, रवि सैनी, राजू सैनी मुरारी लाल, प्रदीप टांक सहित ग्रामीण मौजूद रहे। डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि इस तरह के कचरे से पीलिया, टाईफाइड, एलर्जी, श्वास संबंधी रोग होने की आशंका बनी रहती है। ईओ मनीषा यादव ने बताया कि नगरपालिका द्वारा प्रागपुरा थाना पुलिस की सहायता से कचरा डालने आए गाडी को सीज कर दिया गया है।

■ ग्रामीणों द्वारा विरोध दर्ज कराने के बावजूद हर रोज नदी को प्रदूषित किया जा रहा है



गाड़ी पकड़कर आक्रोश जताते ग्रामीण।

# चोरी करने वाले फरार दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किया

**नरैना,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण के द्वारा संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु निर्देश दिए हुए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व वृताधिकारी दूदू के सुपरविजन मे थानाधिकारी नरैना रामस्वरूप बैरवा कै नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया तथा थाने में दर्ज प्रकरण जिसमें पूर्व में चार अपराधी तथा एक किशोर को निरूद्ध किया जा चुका है। प्रकरण में शेष 5 माह से अधिक से फरार चल रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा आसूचना संकलित कर तलाश करते हुए मोहित उर्फ कल्लू पुत्र विनोद हरिजन निवासी आजादनगर देव डूंगरी हरिजन बस्ती मदनगंज किशनगढ़, कालू उर्फ इन्द्रजीत पुत्र राजू उर्फ गुड्डू हरिजन निवासी पुरानी मील के पास हरिजन बस्ती मदनगंज को मदनगंज से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।



नरैना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

थानाधिकारी रामस्वरूप बैरवा ने बताया कि नरैना थाना क्षेत्र निवासी सुनिल पुत्र किशनलाल वाल्मीकि निवासी हरिजन बस्ती नरैना ने 18 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून को रात्रि को संदीप महू पुत्र पिल्लू महू निवासी किशनगढ अजमेर व उसके अन्य तीन चार साथी पीकअप लेकर आये और सावरदा रोड पास से अन्दर आकर मेरे 50 नग सुअर जो कि पीडब्ल्यूडी की दीवार के पास व संजय मार्केट मे बेठै थे ये लोग आये और सुअरों को पिकअप मे डालकर फरार हो गये।

# चारागाह भूमि से हरे पेड़ काटे

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत नारेहडा के चारागाह भूमि पर रविवार रात्रि को अज्ञात लोगों द्वारा करीब 100 हरे पेड़ों को रातो रात काटने का मामला सामने आया है।

मनरेगा द्वारा 3 साल पहले लगभग 500 पेड़ लगाए गए थे, अज्ञात लोगों द्वारा लगभग 100 हरे पेड़ों को रात्रि के समय काट दिया गया। पेड़ो की कटाई की सूचना सुबह नरेगा कर्मचारी महिला ने सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी को दी। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक सिंह तंवर, ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश सिंह गुर्जर, कनिष्ठ लिपिक सुरेश चंद, ग्रामपंचायत गार्ड सुरजन मीणा व वार्ड पंच सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और देखा तो लगभग 100 के लगभग हरे पेड़ों को काट लिया गया। साथ ही चारागाह भूमि पर उग रहे पुले पानी को भी काट लिया गया। सरपंच प्रतिनिधि अशोक सिंह ने सरूण्ड़ पुलिस थाना में फोन पर सूचना दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। ग्रामीणों तथा सरपंच प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्रामीणों ने बताया कि चारागाह भूमि के पास ही जेसीबी की सहायता से बजरी निकाल कर चेक करने की बात भी सामने आई है। जिस पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक सिंह तंवर व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कमल मीणा ने सरुण्ड थाना पहुंचकर इस संबंध में रिपोर्ट देकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ उचित व कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया। कनिष्ठ लिपिक सुरेश कुमार ने बताया कि इससे पहले भी अज्ञात लोगों ने तीन चार हरे पेड़ 23 नवम्बर को भी काटे गए थे, जिसकी लिखित में सूचना सरुण्ड थाने में दी गई थी लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# मालपुरा पालिका में निर्वाचित हुए दो पार्षदों को अयोग्य घोषित करने की मांग

**मालपुरा,** (निसं)। डेढ वर्ष पूर्व हुए निकाय चुनाव में पार्षद पद के लिए निर्वाचन एवं रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम कार्यालय में दिये आवेदन में संतान सम्बन्धि तथ्यों को छुपा गलत शपथ पत्र पेश कर नगरपालिका में पार्षद के रूप में निर्वाचित हुए दो पार्षदों को अयोग्य घौषित करने तथा आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने की मांग को लेकर नागरिकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन व साक्ष्य सौंपे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, महामंत्री नोरत बीलवाल, शुभम गौतम, नजरूदीन देशवाली, अजय सैनी, बजरंग लाल सैनी, लक्ष्मण पेन्टर, अक्षय सोनी, कन्हैयालाल, मणिशंकर, योगेश, मुकेश, कमल, शशि, राजेश, चन्द्रप्रकाश, कृष्णगोपाल गुर्जर, कालूराम सहित बडी संख्या में मौजूद भाजपाईयों व शहरवासियों ने सौंपे ज्ञापन में अवगत करवाया कि वर्ष 2021 में हुए नगरपालिका चुनाव में वार्ड नम्बर 22 से पार्षद प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लडने के लिए निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दिये गये शपथ पत्र में एडवोकेट मो. हनीफ पुत्र अब्दुल रहमान ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत पार्षद चुने गये। उनके द्वारा दिये गये शपथ पत्र में एक संतान सुलेमान बता जन्म तारीख 31 दिसम्बर 2001 दर्शाई गई है जबकि इनके चार संतान है। जिनके नाम सैयद दाऊद नकवी जन्म तारीख 25 दिसम्बर 2002, कुलसुम नकवी जन्म तारीख 12 जून 2004 व ईकरा नकवी जन्म तारीख 12 फरवरी 2006 है। एडवोकेट हनीफ ने तीनों संतानों का नाम अपने पिता के राशन कार्ड में दर्शा साक्ष्य छुपाये है। वहीं पालिका के वार्ड नम्बर 6 से निर्दलीय पार्षद बने इकबाल अली पुत्र यासीन अली ने भी संतान सम्बन्धि दिये शपथ पत्र मे संतान सम्बन्धि गलत जानकारी दी है। इकबाल के तीन संतान है जिनमें आसीफ अली पुत्र इकबाल अली की जन्म तारीख 1 जुलाई 1989, मोहम्मद आमीर की जन्म तारीख 3 जुलाई 1995 व मोहम्मद सलमान की जन्म तारीख 3 जुलाई 1996 है। लेकिन गलत साक्ष्यों के आधार पर इकबाल ने निर्दलीय चुनाव जीत पार्षद की शपथ ली है। जो कि कानूनी प्रावधानों के विपरीत है। साथ ही नगरपालिका व निर्वाचन विभाग की कानून व्यवस्था व नियम कायदों का खुला उल्लघंन है। नागरिकों ने दोनों पार्षदों को अयोग्य घौषित कर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

मामले में एसडीएम रामकुमार वर्मा ने बताया कि दोनों पार्षदों की पूर्व में मिली शिकायतों की जांच संभागीय आयुक्त स्तर पर चल रही है। आज सौंपे ज्ञापन व साक्ष्यों को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को प्रेषित किया गया है।



एसडीएम को नागरिकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन व साक्ष्य सौंपे।

# जेवरात सहित नकदी चोरी

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय दीनदयाल कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने दो सूने मकानों के ताले तोडकर जेवरात सहित नकदी चुराकर ले गए।

कॉलोनी निवासी शिवचरण स्वर्णकार व विष्णुकुमार स्वर्णकार ने बताया कि वह दोनों ही गंगापुरसिटी में एक शादी में शामिल होने गये थे। शादी से सोमवार को वापस घर आए तो मकान के ताले टूटे हुए थे और अन्दर कमरों में रखी अलमारियों के ताले टूटे हुए थे व सामान बिखरा मिला। उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। शिवचरण ने बताया कि चोर करीब 1 लाख 4 हजार रूपये की नकदी सहित सोने का चार ग्राम व दो ग्राम के दो मंगल सूत्र, चांदी के आभुषण, अंगूठी व सिक्का चुराकर ले गए। इसी प्रकार विष्णु स्वर्णकार ने बताया कि उसके मकान में से 21 हजार 200 रूपये की नकद, सोने की तीन लांग, दो चांदी की पाईजेबें, चार चांदी की चुटकियां, चांदी का सिक्का, सोने की बाली, दो सोने के टॉप्स एवं लड्डू गोपाल की मूर्ति चुराकर ले गए।

■ गंगापुरसिटी में एक शादी में शामिल होने गये हुये थे

## सार-समाचार

### खाद के लिए किसानों का संघर्ष जारी



**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में किसानों को खाद के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में किसानों को घंटों लाइन में लगकर खाद के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कुजेता में यूरिया खाद आने की सूचना पर सैकडों की संख्या में किसान ग्राम सेवा सहकारी समिति पर पहुंचे। भारी भीड़ को देखकर मौके पर पुलिस एवं कृषि विभाग के अधिकारी की उपस्थिति में किसानों को 850 बोरी यूरिया का वितरण किया गया। इस मौके पर समिति संस्थापक राजेश यादव, अजय पारीक, महेंद्र गुर्जर, पवन पराशर, नेतराम ताखर, महेंद्र प्रताप यादव कृषि पर्यवेक्षक मक्खन मीणा उपस्थित रहे।

### चयन होने पर निकाला जुलूस

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के बालाजी सैन्य निःशुल्क प्रशिक्षण संस्थान खेल गांव डेरावाली कोटड़ी सीमारला से निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण लेने वाले फीजिकल ट्रेनर व युवाओं का जयपुर आर्मी भर्ती में चयनित होने पर विजय जुलूस निकाला गया। खेल गांव कोच बिरजू सिंह सामोता भूतपूर्व सैनिक ने बताया कि श्याम भक्त बालाजी संस्थान खेल गांव फिजिकल ट्रेनर श्रवण पिपलोदा भूतपूर्व सैनिक का बीएसएफ में चयनित हुए हैं। इनके भतीजे इंद्राज पिपलोदा पुत्र धुडाराम निवासी ज़ोरावर नगर का भी बीएसएफ में चयनित होने पर चाचा भतीजा का एक साथ विजय जुलूस खेल गांव मैदान पर माल्यार्पण करके मिठाई खिलाकर डीजे से विजय जुलूस निकाला गया।जयपुर आर्मी भर्ती में विकास कर्णावत पुत्र बजरंग सिंह,कृष्ण कर्णावत पुत्र महावीर कर्णावत निवासी हांसपुर, पिंटू महला एनसीसी कैडेट्स निवासी नांगल अभयपुरा, सुरेन्द्र दूधवाल एनसीसी कैडेट्स निवासी आसपुरा का भी आर्मी में चयनित होने पर बालाजी सैन्य नि शुल्क प्रशिक्षण संस्थान खेल गांव डेरावाली मैदान पर संस्थान के सम्मानित सदस्य सुवालाल सामोता, राधे श्याम सामोता, बनवारी लाल सामोता, मूलचंद बुगालिया, सूरजभान शर्मा, सुरेश मान, श्रवण पिपलोदा भूतपूर्व सैनिक श्याम भक्त , डॉ एसके जाट ने युवाओं को सम्मानित करके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### टीम का स्वागत कर रैली निकाली

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ कस्बे के न्यू स्टेट एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तसींग रोड बहरोड़के छात्रों द्वारा सीबीएसई वेस्ट जोन दिल्ली पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में आयोजित अंतरराज्यीय गेम्स प्रतियोगिता की तीरंदाजी में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल सहित कुल 7 मेडल हासिल कर खिलाड़ी टीम के नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई होकर बहरोड़ के होटल पर पहुंचने पर विद्यालय के स्टॉफ तथा संस्था प्रधान दीपक यादव द्वारा केशव पुत्र धर्मवीर के 1 सिल्वर व दो ब्रांच मेडल तथा सौरव पुत्र कमल तलवाड़, पुनीत पुत्र सतीश फतेहपुरा, केशव पुत्र धर्मवीर यादव खोहरी सहित टीम कोच नवीन सैनी का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बहरोड़ कस्बे के बीचों बीच स्कूल के विद्यार्थियों सहित रैली निकालकर खुशी मनाई गई जहां तीनों बच्चों को शहर के गणमान्य लोगों द्वारा स्वागत व आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान स्कूल डायरेक्टर दीपक यादव, प्रिंसिपल जोगेंद्र शर्मा, हेमंत कुमार, मनीषा यादव, नीतू यादव, विजयलक्ष्मी, सतीश कुमार, प्रवेश कुमार आदि सहित स्कूल का समस्त स्टाफ एवं विद्यालय के बच्चे रैली के दौरान मौजूद रहे तथा विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### छात्र-छात्राओं का सम्मान किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार महात्मा गाँधी पी.जी महाविद्यालय पिछले 8 वर्षों से शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में गोल्ड मेडल के साथ कुलाधिपति (चांसलर) गोल्ड मेडल देने वाली राजस्थान की प्रथम कॉलेज ने एक बार पुनः अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए अपने गौरवशाली परंपरा का निर्वहन कर विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि मुख्य अतिथि महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार द्वारा माँ सरस्वती व महाविद्यालय संस्थापक स्व. चौ. प्रताप सिंह खर्रा की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम मे स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### सामूहिक अवकाश जारी

**सांभरझील,** (निसं)। न्यायिक अधिकारी के आवास पर कोर्ट के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के आत्मदाह से जुड़े प्रकरण में अधिनस्थ अदालतों के न्यायिक कर्मचारी 18वें दिन भी सामूहिक अवकाश पर रहे जिसके चलते अधिनस्थ अदालतों में मुकदमों की सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायिक कर्मचारियों के अवकाश पर रहने के कारण स्थानीय न्यायालयों में कोई काम काज नहीं हो सका। बताया गया कि न्यायिक कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रतिनिधि ने हाईकोर्ट की ओर से मामले में गठित के गृह विभाग के विशेष सचिव युधिष्ठिर शर्मा से वार्ता की थी। कमेटी अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर अन्तिम निर्णय करेगा। इस मौके पर सांभर न्यायिक कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्य कैलाश जगुडी, शिवानी शर्मा, ऋषिराज, आदित्य, रवि, सीताराम, भागचन्द, चांदमल सांभरिया, कैलाश माली, लक्ष्मण प्रजापत, महावीर, दीप्ति, नर्बदा सहित अनेक की मौजूदगी रही। ज्ञातव्य है कि न्यायिक कर्मचारी इस मामले की सी.बी.आई जांच, न्यायिक अधिकारी को एपीओ करने, मृतक के परिजनों को पचास लाख रुपये मुआवजा सहित एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं।

### जन आक्रोश रथ यात्रा का स्वागत

**निवाई,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जन आक्रोश रथ यात्रा का मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सत सत्कार करके वनस्थली मोड पर स्थित रुपवास में डांगरथल मंडल युवा मोर्चा द्वारा ऐतिहासिक जन यात्रा चौपाल का आयोजन किया। जिसमें लोगों को कांग्रेस सरकार की विफलताओं, अत्याचार के बारे में जनता को अवगत करवाते हुए आगामी चुनाव में कांग्रेस सरकार को जड से उखाड फेंकने हेतु आव्हान किया। यात्रा के साथ प्रभारी राजेंद्र सिंह शेखावत, विस्तारक राजवीर सिंह, प्रभु बाडोलिया, रामजीलाल बैरवा, रामप्रसाद शर्मा महाराजपुरा, मंडल महामंत्री राजेंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष भगवानसिंह राहोली, रघुवीर सिंह डांगरथल, राजेश शर्मा, रवि जागा, सुशील जागा, दीपक चैनपुरा, शंकरलाल महाराजपुरा, रामकिशन शर्मा अलियाबाद, गणपत शास्त्री, विष्णु शर्मा, विमलेश गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नारी चौपाल आयोजित

**राजगढ़ अलवर,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से उच्च माध्यमिक विद्यालय डिगा वडा में आयोजित नारी चौपाल में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के साथ महिला सशक्तिकरण का मुद्दा छाया रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा ने राज्य सरकार की ओर से महिला कल्याण के क्षेत्र में चल रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम की प्रभारी प्रशिक्षु आईएएस रिया डाबी ने कहा कि नारी चौपाल की शुरुआत राजगढ़ क्षेत्र से होने को गौरवपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की भारी उपस्थिति के मध्य उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का विचार व्यक्त किया। उन्होंने घरेलू हिंसा कानून, कार्य क्षेत्र सहित अनेक जगह महिला प्रताड़ना को लेकर बनाए गए कानूनों का लाभ उठाने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेखा रानी व्यास, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषि राज सिंघल, राजसीको के जिला प्रबंधक राहुल कुमार, उपाधीक्षक अंजलि अजीत जोरवाल, नर्सिंग अधिकारी सुरेंद्र चौधरी, अध्यापिका आशा सुमन एवं अन्य ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, महिला सुरक्षा को लेकर वन स्टॉप सेंटर एवं पुलिस की ओर से मदद के लिए जरूरी नंबरों की जानकारी दी।

## संक्षिप्त

### श्रवण बिजारणियां चेयरमैन बने

**खाटूश्यामजी**, (निसं)। क्षेत्र के गांव लिखमाकाबास में ग्राम सेवा सहकारी समिति लि. के निर्विरोध चेयरमैन श्रवण कुमार बिजारणियां को बनाया गया। निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मण सिंह बिजारणियां ने बताया कि सोमवार को सहकारी समिति के संचालक मंडल के 8 वार्डों का चुनाव हुआ और तीन वार्डों में पहले से ही निर्विरोध सदस्य चुने गए थे। मंगलवार को सर्वसम्मति से श्रवण कुमार बिजारणियां को सहकारी समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं सहकारी समिति के उपाध्यक्ष के लिए भगवान सहाय को चुना गया। नव नियुक्त चेयरमैन श्रवण बिजारणियां ने कहा कि लोगों को सहकारी समिति के संबंधित किसी भी काम में परेशानी नहीं आने दूंगा। साथ ही हर समय लोगों की मदद के लिए आगे रहुंगा। विशेषकर किसानों के लिए खाद समय पर उपलब्ध हो इस पर फोकस रहेगा। साथ ही सरकार के द्वारा विभागीय योजनाओं से लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाने की कोशिश करूंगा।

### जन आक्रोश यात्रा बौंली पहुंची

**बौंली-बामनवास**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजस्थान में निकाली जा रही 4 दिसंबर से लेकर 14 दिसंबर तक की जन आक्रोश यात्रा मंगलवार को बौंली उपखंड मुख्यालय के नगर पालिका चौराहे स्थित अंबेडकर पार्क पर पहुंची एवं वहां पर आम सभा का आयोजन किया गया। भाजपा के नेताओं ने सभा के आयोजन में कांग्रेस सरकार के 4 साल कार्यकाल को सरकार बचाने में गंवाने का आरोप लगाते हुए आमजन की अनदेखी करने को कहा। भाजपा द्वारा प्रस्तावित जन आक्रोश यात्रा को 4 दिसंबर रविवार को क्षेत्र के मित्रपुरा कस्बे से शुरू किया गया था इस 3 दिन के दौरान जनाक्रोश यात्रा ने मित्रपुरा लाखनपुर गोलपुर पखाला, पिपलवाड़ा आदि गांव व कस्बों के ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर चौपाल सभा का आयोजन कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य सरकार की कमियों के बारे में बताया। बौंलीनगर पालिका चौराहे पर स्थित अंबेडकर पार्क पर चौपाल में सवाई माधोपुर जिला संयोजक प्रेम प्रकाश शर्मा, बामनवास विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश डंगोरिया, बौंली मंडल अध्यक्ष रामअवतार मीणा, बामनवास के पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा, व हनुमत दीक्षित सहित आदि भाजपा नेताओं ने संबोधित किया।

### मुख्य चौराहे पर जाम से परेशानी

**कोटपूतली**, (निसं)। कोटपूतली में जिम्मेदारों की चुप्पी लगातार जाम का कारण बनती जा रही रही है। कहने को तो मुख्य चौराहा स्थित पुल के नीचे ट्रेफिक पुलिस की चौकी स्थापित है। लेकिन चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों की लापरवाही के चलते कस्बे के मुख्य चौराहे पर लगने वाले जाम से आये दिन लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय से लेकर दीवान होटल व बानसूर रोड कट तक आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इस सम्बंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रशासन का कहना है की भारी वाहनों की एंट्री कस्बे में रात्रि 10 बजे से प्रात: 06 बजे तक रहती है। लेकिन मुख्य चौराहे पर 24 घण्टे ट्रक व डम्फरों का आवागमन रहता है। जिनकी वजह से प्रतिदिन उक्त रास्ते पर जाम लगा रहता है। जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

### डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी

**कोटपूतली**, (निसं)। कस्बे के नगर परिषद् पार्क में मंगलवार को संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिर्निवाण दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बीडीओ शशिबाला ने राष्ट्र के महापुरुष बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के बताए गए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान अम्बेडकर अनुयायियों ने नारे भी लगाये। इस दौरान संभाग अध्यक्ष बौद्धिष्ट सीएम वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### एक घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई**, (निसं)। विद्युत विभाग द्वारा बुधवार को फीडर पर रख-रखाव कार्य को लेकर एक घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के सहायक अभियंता कैलाश माली ने बताया कि फीडर पर रख-रखाव कार्य को लेकर 33 केवी निवाई फीडर क्षेत्र में सुबह 9 से 10 बजे तक बिजली बंद रहेगी

# मां के हत्यारे पुत्र को गिरफ्तार किया

**पावटा**, (निसं)। बूढी मां के हत्यारे कलयुगी पुत्र को प्रागपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल ने बताया कि प्रागपुरा थाना पुलिस ने पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत द्वारिकपुरा की ढाणी चौलावा तन जीणगौर में हुई वृद्धा शीला देवी की हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए उसके बेटे मुकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने बताया है कि 4 दिसम्बर को परिवादी खुशीराम ने प्रागपुरा थाना में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरे भाई मुकेश यादव ने मेरी माता शीला देवी को कुल्हाडी से काटकर हत्या कर दी है।

वारदात के संबंध में पीडित द्वारा प्रागपुरा थाना पर तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया था। जिस पर एएसपी कोटपुतली विद्याप्रकाश की अगुवाई व वृत्ताधिकारी वृत्त



प्रागपुरा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

विराटनगर संजीव चौधरी के निर्देशन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मौके पर जाकर मौका मुआयना निरीक्षण करते हुए तत्परता दिखाते हुए कव्वाली क्षेत्रों में सफलतापूर्वक तलाशी लेते हुए 48 घंटों में आरोपी मुकेश यादव पुत्र कबूल यादव निवासी ढाणी चौलावा तन जीणगौर को रामपुरा नदी से और करने में सफलता अर्जित की है। गिरफ्तारशुदा मुल्जिम से प्रकरण हाजा में गहनता से अनुसंधान जारी है।

■ पैसों के लालच व नसीहत से नाराज होकर कुल्हाड़ी से किया था वार

गौरतलब है कि चंद पैसों की लालच व मां की नसीहत से नाराज होकर बेटे ने बुढी मां के सिर पर कुल्हाडी से वार कर दिया था। बाद में मां ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। जानकारी के मुताबिक 4 दिसम्बर की शाम आरोपी मुकेश यादव को उसकी मृतक मां शीला देवी बीच के बेटे मुकेश को पिता के मरने के बाद उसके पास रखी पिता की संपति को तीनो भाईयों में बांटने की नसीहत दे रही थी। इस बात पर आरोपी ने नाराज होकर पास में रखे धारधार हथियार कुल्हाडी से माँ के सिर पर ताबडतोड वार कर दिया व मौके पर ही उसे लहूलुहान हालत में छोडकर हथियार को मौके पर छोडकर फरार हो गया। जहां माता को इलाज के लिये जयपुर ले जाया गया। लेकिन गंभीर हालत में निम्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आरोपी की मां शीला देवी ने दम तोड दिया।

जांच के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी रामपुरा नदी में छुप कर रह रहा है। मुखबिर की सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस ने रामपुरा नदी में जाकर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## डॉ. अंबेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प लिया

**जयपुर**। दलित शोषण मुक्ति मंच डीएसएमएम के जिला संयोजक मंडल की और से मंगलवार को भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डीएसएमएम कार्यकर्ताओं ने अलवर के अंबेडकर सर्किल पर अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कैंडल प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डीएसएमएम जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा, सह संयोजक फतेहसिंह एवं एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव, संयोजक मंडल के सदस्य अशोक कुमार वर्मा, जीतसिंह, पवन कुमार, राजू बौद्ध, कमलेश कुमार, एडवोकेट पंकज सांवरिया, एडवोकेट लेखराज पांचाल, जनवादी महिला समिति की जिला सचिव अनीता जाटव, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला सचिव रईसा, पूजा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित

**निवाई**, (निसं)। स्थानीय नगरपालिका में मंगलवार को पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासन शहरों के संघ अभियान अजमेर संभाग पर्यवेक्षक कृष्णावतार त्रिवेदी, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी द्वारा पट्टे वितरित किए गए। पर्यवेक्षक कृष्णावतार त्रिवेदी ने बताया कि निवाई नगरपालिका अजमेर संभाग में प्रथम स्थान पर हैं जो एक बहुत बडी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि निवाई पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी व अधिशाषी अधिकारी डांगी ने सराहनीय कार्य करते हुए 3 हजार पट्टों का लक्ष्य पूरा करते हुए इन्दिरा रसोंई योजना, इन्दिरा शहरी रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभंवित किया है। जो अपने आप में एक अनोखी मिशाल है। अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि मंगलवार को 200 लोगों को पट्टे वितरित करके लाभांवित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर पार्षद नितिन छाबडा, करणसिंह राजावत, महेंद्र जैन, कमलेश किराड, अल्लारखा, अजहर मोहम्मद, राजू मलावत, मौला सेन, रोडू मल सैनी, हनुमान गुर्जर, लक्ष्मीनारायण सैनी, अनिल शर्मा, अनिल तंबोली एवं बाबू सैनी सहित कई पार्षद एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# ईआरसीपी को लेकर यात्रा संयोजक को सौंपा ज्ञापन

**मंडावरी**, (निसं)। ईआरसीपी को लेकर किशोरपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच हरिओम मीणा द्वारा भाजपा द्वारा निकाली गई जन आक्रोश यात्रा के ग्राम पंचायत किशोरपुरा पहुंचने पर ईआरसीपी को लेकर प्रधानमंत्री के नाम इस यात्रा के संयोजक सतपाल मीणा को ज्ञापन सौंपकर पूर्व राजस्थान को इस परियोजना से जोड़ने की मांग की गई। सरपंच द्वारा भाजपा की जन आक्रोश यात्रा के दौरान यात्रा प्रभारी व अन्य भाजपा नेताओं को ईआरसीपी को लेकर ज्ञापन देने के समय यात्रा के प्रभारी सहित अन्य भाजपा नेता

■ कांग्रेस पर लगाया जनता से धोखा करने का आरोप

तो हक्का बक्का रह गए। साथ ही चर्चा रही कि भाजपा इस उद्देश्य को लेकर यह यात्रा निकाल रही है अगर ईआरसीपी को लेकर इसी तरह यात्रा के दौरान ज्ञापन का सिलसिला चला तो भाजपा की इस यात्रा के उद्देश्य पर दांव उल्टा पड़ सकता है। मौजूदा समय में पूर्वी राजस्थान में खासकर दोसा सवाई माधोपुर करौली आदि जिलों में ईआरसीपी को पूर्वी राजस्थान से जोड़ने की मांग किसान की पहली प्राथमिकता बनी हुई है। अगर इस



किशोरपुरा ग्राम पंचायत में ईआरसीपी की मांग को लेकर जन आक्रोश यात्रा प्रभारी को सरपंच हरिओम मीना ने ज्ञापन सौंपा।

परियोजना को लेकर किसानों एवं आम लोगों के जहन में किसी भी सरकार के प्रति उदासीनता भरतना साफ होता है तो निश्चित मान कर चलिए कि अगले विधानसभा चुनाव में ईस्टर्न कैनाल परियोजना मुश्किल भरा सियासी सफर साबित हो सकती है।

सरपंच हरिओम मीणा ने कहा कि इस भाजपा द्वारा निकाली गई जन आक्रोश यात्रा का उद्देश्य मौजूदा सरकार की कमियों को उजागर करना भले ही है लेकिन भाजपाइयों को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इस आक्रोश यात्रा के दौरान किसानों की महत्वपूर्ण जरूरत एवं आम लोगों के लिए पेयजल को वरदान साबित होने वाली इस ईस्टर्न कैनल परियोजना को भी साथ लेकर चलना चाहिए। इस दौरान भाजपा की जन आक्रोश यात्रा के दौरान मौजूद यात्रा संयोजक सतपाल मीणा भाजपा नेता रामविलास मीणा आदि द्वारा ज्ञापन पत्र को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की कार्यशाला का शुभारंभ

**टोंक**, (निसं)। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) योजना के तहत पंचायत समिति प्रशिक्षण दल सदस्य हेतु जिला स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला में कृषि प्रशिक्षण केंद्र बमोर, गेट पर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि हमें हर दृष्टि से आत्मनिर्भर और जागरूक बनना है, आर्थिक दृष्टि से भी और शिक्षा के दृष्टि से भी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सशक्त बने, स्वच्छ बने तभी ग्रामीण जनता का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि देश को सशक्त बनाने के लिए जरूरी है कि देश की सबसे छोटी एवं प्रथम कडी ग्राम पंचायत को हर दृष्टि से सशक्त बनाया जाए। भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गांव में निवास करती है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी भारत को



जिला प्रमुख सरोज बंसल ने पंचायत समिति प्रशिक्षण दल सदस्य हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया।

विश्व गुरु बनाने का सपना तभी साकार हो पाएगा जब हम हर क्षेत्र में आत्म निर्भर हो जायेंगे। कार्यशाला में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरारी लाल शर्मा ने भी इस कार्यशाला के की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी से आग्रह किया कि वह इस तीन दिवसीय कार्यशाला में संपूर्ण जानकारी हासिल कर लें, ताकि आगामी जिला परिषद स्तर पर जन प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने में सक्षम होंगे। कार्यशाला में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षक सदस्यों के रूप में जिले की सभी पंचायत समितियों से 42 प्रशिक्षणार्थि तथा रामकरण चंदेल, वारिष्ट लेखाधिकारी, बुधि प्रकाश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी प्रथम, महेंद्र मीना, सहायक विकास अधिकारी ने भाग लिया, मंच संचालन नरेंद्र जेन, सहायक विकास अधिकारी, जिला परिषद ने भाग लिया।

## तालाब तेलियान, मोतीसागर तलाई की सफाई के निर्देश

**टोंक** (निसं)। जिला विकास एवं समन्वय समिति के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता ने यहां जारी बयान में बताया कि जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया की अध्यक्षता में हुई दिशा बैठक में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने आयुक्त नगर परिषद टोंक अनिता खींचड को शहर के तालाब तेलियान, मोतीसागर तलाई की सफाई व तालाब तेलियान विकास कराने एवं बूचडखाने से फैलने वाली बदबू को दूर कराने, आवारा पशुओं को बाजार व गली मोहल्लों से हटाने के निर्देश दिए।

गुप्ता ने बताया कि तालाब तेलियान के विकास के लिए पुरातत्व विभाग के पास 50 लाख की राशि आए बहुत अधिक समय हो गया है। नगर परिषद ने 5 करोड के प्रस्ताव वाली डीपीआर बनाकर न्यायालय में चल रहे प्रकरण में विकास कराने का पत्र दिया है। शहर में अभी 600 श्रमिक रोजगार गारंटी में नगर परिषद के पास है, बजरी के स्थानीय कर से आमद, खुद का फंड, अमृत योजना आदि से कहीं से भी नगर परिषद कहीं से विकास करा सकती है। नगर परिषद को चाहिए कि वह अपनी जमीनों को अतिक्रमण होने से बचाएं और उन्हे निलाम कर राशि प्राप्त करे।

गुप्ता ने बताया कि बुचडखाना परिसर से उठने वाली दुर्गंध दो किमी. क्षेत्र में रहने वालों व राहगीरों को प्रभावित करते है। इस परिसर में दिए गए पट्टे नियम विरुद्ध है तथा मौके पर उनकी शर्तो का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने बताया कि आवारा पशु आएं महिला, पुरुषों, बच्चों, वाहनों, व्यापारियों का नुकसान करते है, जब नगर परिषद ने इनकी पहचान कर ली है , उनको पकडने और रखने के साधन नगर परिषद के पास है तो उन्हे शहर से बाहर हटाना चाहिए।

# भारत जोड़ो यात्रा रुट पर कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**लालसोट**, (निसं)। दौसा जिले के अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामकिशोर मीणा ने दिल्ली से निकलने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के रूट का जायजा लेते हुए मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से कानून व्यवस्था व अन्य जुड़ी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा की। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 14 दिसंबर को लालसोट विधानसभा से जिले में प्रवेश करेगी.. इस भारत जोड़ो यात्रा को लेकर सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड पर बने हुए हैं।

मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामकिशोर मीणा द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से जिन जगहों से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गुजरेगी एवं रात्रि विश्राम करने के साथ जिन जगहों पर नुक्कड़ सभाएं आदि आयोजित की जाएगी उन जगहों का जायजा लेकर वहां कानून व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को लेकर



अतिरिक्त कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने भारत जोड़ो यात्रा के रूट का जायजा लेकर मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।

समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मीणा द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के प्रस्तावित मार्गों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए एवं सड़क किनारे बने हुए ऐसे नाले जो खुले पड़े हुए हैं उनको एहतियात के तौर पर तुरंत रिडकोर आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा भारत जोड़ो मार्ग के बीच में सड़क किनारे पड़ने वाली ग्राम पंचायतों को मार्गो को विशेष रूप से साफ सुथरा करने के साथ नियमित रूप से कराने वाली साफ-सफाई के साथ उन्हें आकर्षक रूप देने के निर्देश दिए गए। वहीं मेगा हाईवे पर टूट रही पेयजल की पाइप लाइनों से निकल रहे हैं पानी जो की कीचड़ का रूप ले रहा था उसको देखकर नाराजगी जताई एवं पीएचईडी के अधिकारियों को पाइप लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला

■ रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश, हेलीपैड का भी लिया जायजा

कलेक्टर मीणा ने हिंगोटिया, नयावास, राहुवास, डूंगरपुर सलेमपुर, रालावास डीडवाना, रालावास, डीडवाना, लालपुरा, खेमावास, बिलोना कलां, बगड़ी काकरिया सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों से गुजरते हुए उनके ग्राम विकास अधिकारी सरपंच आदि को बुलाकर भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिशा निर्देश जारी किए गए। इस दौरान जिला परिषद की एसीईओ नीरू मीणा, लालसोट खण्ड विकास अधिकारी राजाराम मीणा, सहायक अभियंता हरकेश मीना, सहायक विकास अधिकारी बीरबल मीना, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र सिंह, अनुज कुमार सहित कई अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### डॉ.अम्बेडकर को याद किया



**खैरथल**, (निसं)। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 66वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा का दूध से महाभिषेक किया गया। जन म्हादरी इन्डिया की संयोजिका सरोज प्रताप ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सिंबल ऑफ नालेज , संविधान निर्माता , नारियों के मुक्ति दाता ,अजा,जजा व अल्पसंख्यक , बहुसंख्यक सभी पीड़ितों को अधिकार देने वाले राष्ट्र निर्माता , बोधिसत्व वाले थे। अंबेडकर के 66 महापरिनिर्वाण की दिवस पर, समाज सेवी सरोज प्रताप (संयोजक जन म्हादरी इन्डिया) व निक्की प्रजापति (वरीष्ठ महिला कांग्रेस नेत्री) के नेतृत्व में पूरा सर्किल की साफ़-सफाई अपनी महिला टीम के साथ मिलकर स्वयं अपने हाथों से करने के बाद इसके पश्चात इक्कीस किलो दूध से बाबा साहेब की प्रतिमा का मस्ताभिषेक किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सैकड़ों लोगों के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर कोटि कोटि नमन करते हुए श्रद्धासुमन पुष्प अर्पित किए।

### न्यायिक कर्मियों का आंदोलन जारी

**टोंक**, (निसं)। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा टोंक द्वारा न्यायिक कर्मचारी द्वारा सहायक कर्मचारी सुभाष चन्द मेहरा की निर्मम हत्या के मामले में मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं होने से सामूहिक अवकाश आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा और न्यायिक कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। साथ ही न्यायिक कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगे जल्द नही मानी गई तो आंदोलन को तीव्र किया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष रतिराम चौधरी ने बताया कि यदि कर्मचारी संगठन की मांगों को स्वीकार नहीं किया गया तो आगामी दिनों में आंदोलन तीव्र रूप लेगा और इसके लिए संगठन राजधानी जयपुर की तरफ कूच करेगा। उसके उपरान्त भी यदि सभी मांगों को नहीं माना गया तो प्रान्तीय स्तर पर न्यायिक संगठन दिल्ली की तरफ कूच करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### सीएचसी भवन का निरीक्षण

**खाटूश्यामजी**, (निसं)।कस्बें में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बन रहे नवीन भवन का मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव द्वारा गठित चिकित्सीय टीम ने निरीक्षण किया। डॉ.राम रतन यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने पांच करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से बन रहे सीएचसी भवन के निर्माण की गुणवत्ता देखी तथा ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम का निरीक्षण किया तथा अनेक सुधार करने के निर्देश दिए। टीम में डॉ योगेश झारवाल, डॉ किरण नागपाल, डॉ अमित कौशिक, डॉ हेमंत शामिल थे। टीम के प्रभारी डॉ यादव ने बताया कि सीएचसी के निरीक्षण के दौरान कार्य संतोषजनक पाया गया है साथ ही ओटी वह लेबर रूम में कुछ परिवर्तन बताए गए हैं जिससे सीएचसी शुरू होने के बाद कार्य करने वाले चिकित्सकों व मरीजों को परेशानी नहीं हो। इसके साथ ही सीएचसी की पूराने भवन के बारे में कहा कि स्थानीय सीएचसी सीएमएचओ को अलग से प्रस्ताव भेजे ताकि इस नवीन भवन में शिफ्ट होने के बाद पूराने भवन का भी कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू हो सके।इस दौरान कार्यवाहक प्रभारी डॉ. बृजमोहन बाजिया भी मौजूद रहे।

### पोस्टर का विमोचन किया




**बहरोड़/ नीमराना**, (निसं)। बहरोड़ के जिलानी माता मंदिर परिसर में संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महिला मोर्चा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ संयोजक डॉक्टर शानू यादव ने माता की धोक लगाकर राठ क्षेत्र की प्रतिभा खोज परीक्षा के पोस्टर का विमोचन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य हेतु राठ प्रतिभा खोज परीक्षा के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि राठ प्रतिभा खोज परीक्षा में भाग लेकर क्षेत्र के युवा उज्जवल भविष्य बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सेवाएं देने का गौरव हासिल कर सकते हैं। डॉ. शानू ने बताया कि राठ क्षेत्र प्रतिभा खोज परीक्षा जो 25 दिसंबर को 2022 को आयोजित होगी का मकसद है कि राठ क्षेत्र के युवाओं को सकारात्मक एवं उचित मार्गदर्शन देने के साथ ही युवाओं को खुद का कैरियर बनाने तथा राष्ट्र निर्माण के रूप में सेवा करने के लिए विद्यार्थियों को समय-समय पर योग्य और सफल अभ्यर्थियों से मार्गदर्शन एवं आपसी मार्गदर्शन में वार्तालाप करने का मौका दिया जा सके।

## चोरी की वारदात का खुलासा नहीं होने पर थाने का घेराव

**कोटपूतली**, (निसं)। विगत 29 व 30 नवम्बर की मध्य रात्रि को कस्बे के पनियाला थाना क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुरा में अज्ञात चोरों द्वारा तीन घरों से लाखों रूपयों की नकदी व जेवरात पार कर ले जाने की घटना के एक सप्ताह से ज्यादा का समय बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही ना होने एवं घटनाक्रम का खुलासा ना होने से ग्रामीणों में स्थानीय पुलिस के प्रति भारी रोष व आक्रोश का माहौल है। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में मंगलवार को पनियाला थाने का घेराव करते हुए एसएचओ हितेश शर्मा से घटनाक्रम में जल्द से जल्द कार्यवाही की माँग की।

साथ ही विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किये। कसाना ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था का बंटाधार हो चुका है। कांग्रेस शासन में अपराधियों, चोरों व बदमाशों के हौसले निरन्तर बुलंद हो रहे है। इसके बावजूद भी पुलिस कोई सख्त कार्यवाही नहीं कर रही है। कसाना ने कहा कि जिस तरह की वारदात है, उससे स्पष्ट हो रहा है कि चोर रैकी करके वारदात को अन्जाम देने आये थे। घटना से पीडित किसान ने नकदी व जेवरात की व्यवस्था अपनी बेटी की शादी के लिए की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जयसिंहपुरा समेत ग्राम गोनेड़ा व क्षेत्र में चोरी एवं नकबजनी की कई वारदातें हुई है।

जिस पर लगाम लगाने में पुलिस असफल है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि चोरी की सभी वारदातों का जल्द ही खुलासा नहीं हुआ तो मजबुरन ग्रामीण

■ आक्रोशित ग्रामीणों ने शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर उग्र आन्दोलन की दी चेतावनी

व आरएलपी कार्यकर्ता सडकों पर उतर कर उग्र प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। एसएचओ हितेश शर्मा ने मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिलाया। इस पर ग्रामीणों ने दस दिन का अल्टीमेटम देते हुए खुलासा ना होने पर उग्र आन्दोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान सरपंच देवकरण मान, पूर्व सरपंच लालजी चेची व शीशराम जाट, पंसस संदीप, विजय चौधरी, सतीश चौधरी, रामबीर, राजू, पूरण आर्य, रमेश, मेहरसिंह, नरेश मान, प्रकाश मान, बिल्लू व पूरण मान समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि विगत 29 व 30 नवम्बर की मध्य रात्रि को ग्राम जयसिंहपुरा में क्रमश: पूरण व बिल्लू दोनों पुत्र मांगीराम व ओमप्रकाश पुत्र सरजन जाट के घर से अज्ञात चोर करीब 03 लाख 47 हजार 500 रूपयों की नकदी व लाखों रूपये के सोने व चाँदी के जेवरात पार कर ले गये थे। घटना को अच्छी तरह से रैकी करके अन्जाम दिया गया था। क्योंकि तीनों परिवारों में वारदात के वक्त पीडित परिवार के सदस्य अन्य कमरों में सोये हुए थे। पनियाला थाना क्षेत्र में चोरी व नकबजनी की वारदातों में निरन्तर इजाफा हुआ है।



हमें भविष्य के बारे में सोचना होगा और मैं कोरियाई टीम के साथ रहूंगा या नहीं। मैं आराम करूंगा। मुझे उन्हें (खिलाड़ियों को) उनके द्वारा किए गए हर काम के लिए धन्यवाद देना होगा। उन्होंने हमें अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। मुझे उनका प्रबंधक होने पर बहुत गर्व है।
- पाउलो बेंटो

दक्षिण कोरिया के मैनेजर, ब्राजील से हार के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## मिशेल स्वेपसन




लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता जब भारत दौरे के लिए टीम का चयन करेंगे तो उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में उनके अनुभव पर भी गौर किया जाएगा। यह 29 वर्षीय स्पिनर 2017 में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ भारत दौरे पर आया था। उन्हें श्रीलंका और पाकिस्तान में भी खेलने का अनुभव है। स्वेपसन ने कहा, "एक चीज जो मुझे अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों पर बेहतर बनाती है वह है उपमहाद्वीप में चार टेस्ट मैच खेलना। मुझे पाकिस्तान और श्रीलंका में खेलने का अनुभव है और उम्मीद है कि चयन के समय मेरे इस अनुभव पर गौर किया जाएगा।"

**क्या आप जानते हैं ?...** टैस्ट मैच में लगातार पगबाधा आउट होने का रिकॉर्ड न्यूजीलैण्ड के डब्लू वाटसन के नाम है। वाटसन सात पारियों में लगातार पगबाधा आउट हुए थे।

# मोरक्को पहली बार विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

## पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-0 से हराकर किया उलटफेर



दोहा 06 दिसंबर। मोरक्को ने विश्व कप फुटबॉल इतिहास में पहली बार क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। उसने प्री-क्वार्टर फाइनल में 2010 की चैंपियन टीम स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हरा दिया। स्पेन की टीम लगातार दूसरी बार प्री-क्वार्टर फाइनल में हार गई। पिछली बार उसे रूस ने पेनल्टी शूटआउट में ही हराया था।

निर्धारित 90 मिनट तक एक भी गोल नहीं होने के बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंच गया। एक्स्ट्रा टाइम के समाप्त होने के बाद स्कोर 0-0 ही रहा। फिर मैच का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मोरक्को के लिए पेनल्टी शूटआउट में अब्देलहमीद साबिरी, हाकिम जिएच और अशरफ हकीमी ने गेंद को गोलपोस्ट में भेजा। उसके लिए बद्र बेनउल गोल पेनल्टी शूटआउट में चूक गए। वहीं, स्पेन के लिए पाब्ले सराबिया, कार्लोस सोलर और सर्जियो बुस्केट्स चूक गए। तीनों गेंद को गोलपोस्ट में नहीं भेज सके। इस तरह मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-0 से हरा दिया।

## आईसीसी महिला वनडे प्लेयर रैंकिंग में साइवर तीसरे स्थान पर

दुबई, 06 दिसंबर। इंग्लैंड की बल्लेबाज नेट साइवर ने आईसीसी महिला रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़ कर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया है।

एंटीगुआ में वेस्ट इंडीज के खिलाफ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप (आईडब्ल्यूसी) श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को विजय द्वार पर ले जाने में सफर साइवर अब अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान से महज एक कदम की दूरी पर है। साइवर के बेहतरीन 90 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 142 रन से जीत हासिल की थी। उन्हे प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था वहीं डैनी व्याट 68 रन और विकेटकीपर एमी जोंस तीन पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड ने चैंपियनशिप का अपना पहला मैच जीता और प्रत्येक चार मैचों के बाद अंक तालिका में वेस्टइंडीज के साथ बराबरी पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर चार्ली डीन एक पायदान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई जबकि कप्तान हीथर नाइट आठ स्थान की छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गई। वेस्ट इंडीज के कप्तान हेले मैथ्यूज 32 गेंदों में 34 रन बनाकर शीर्ष क्रम में एक पायदान ऊपर 17वें स्थान पर हैं। तेज गेंदबाज चिनले हेनरी 59 रन देकर तीन विकेट लेकर पांच पायदान की छलांग लगाकर 41वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच श्रृंखला के पहले दो मैचों में प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए आईसीसी महिला टी20ई खिलाड़ी रैंकिंग में, अमेलिया केर 27 और 46 रन के स्कोर के साथ बल्लेबाजों के बीच 13 पायदान ऊपर 27वें स्थान पर है।

# दक्षिण कोरिया को रौंद ब्राजील क्वार्टरफाइनल में



दोहा 06 दिसंबर। पांच बार की चैम्पियन ब्राजील ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज कर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उसने पहले हाफ में ही चार गोल दाग दिये।

विनीसियस जूनियर ने शानदार फिनिश के साथ ब्राजील को आगे रखा और पेनल्टी स्पॉट से नेमार ने बढ़त को दोगुना कर दिया। दक्षिण कोरिया के लिए खेलने आये स्थानापन्न खिलाड़ी पाइक सेनघो के आने से पहले रिचर्डसन और लुकास पाक्वेटा ने इस अन्तर को और बढ़ा दिया।

ब्राजील शुक्रवार (9 दिसंबर) को एजुकेशन सिटी स्टेडियम में क्रोएशिया से भिड़ेगा और इस मुकाबले में सेमीफाइनल में उसकी जगह दांव पर होगी।

इस मुकाबले के बाद दक्षिण कोरिया ,जो 2002 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर रहा था, टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

ब्राजील को बढ़त लेने में सिर्फ सात मिनट का समय लगा क्योंकि रफिन्हा ने नेमार को बायपास करने से पहले किम जिनसू को सही बाइलाइन पर एक तेज़ रन के साथ पकड़ा और विनीसियस से गिर गया। रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड ने एक टच लिया और उसके बाद शांति से टॉप फार कार्नर में शॉट लगाया।

किम मून ने रिचर्डसन को बूट से काट दिया और रेफरी क्लेमेंट टरपिन ने वीडियो सहायक रेफरी से परामर्श करने के बाद मौके की ओर इशारा किया। नेमार ने अपनी स्पॉट-किक को निचले दाएं कोने में घुमाने से पहले गोलकीपर किम सेउंगग्यू को चकमा दे दिया।

हीचन 16वें मिनट में दक्षिण कोरिया के लिए 25 गज की ड्राइव के साथ स्कोर करने के करीब पहुंच गए जिसे एलिसन ने अपने दाहिने हाथ से दूर कर दिया। लेकिन ब्राजील के डिफेंस के लिए यह असहजता का दुर्लभ क्षण था। दक्षिण अमेरिकी दिग्गज अपने तेजतर्रार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और उनके तीसरे गोल को संभवत: टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ में से एक के रूप में याद किया जाएगा।

मार्क्विनहोस और थियागो सिल्वा के बीच एक चालाक आदान-प्रदान से पहले रिचर्डसन ने अपने सिर पर गेंद को संतुलित करके उत्कृष्ट नियंत्रण दिखाया। इसके बाद रिचर्लिसन गोल दाग दिया। ब्राजील पूरे मैच के दौरान खेल पर छाया और कई बार ऐसा लगता था कि वे विरोधियों के साथ खिलवाड़ कर रहे है।

टिटे के पुरुष तब और आगे बढ़ गए जब नेमार ने विनीसियस की बाएं ओर खाली जगह देखी और 22 वर्षीय पाक्वेटा के लिए पार किया, जिसने पहली बार निचले कोने में प्रयास किया।

ब्राजील के पास पहले हाफ के अंत में अपनी बढ़त बढ़ाने के कई मौके थे, लेकिन खराब फिनिशिंग और शायद आत्मसंतुष्टि के कारण उसे निराश होना पड़ा।

सोन ह्युंगमिन, जो पहले हाफ में बमुश्किल दिखाई दे रहा था, दूसरे हाफ की शुरुआत में एक गोल वापस खींचने के करीब पहुंच गया।

ब्राजील की शुरुआती तीव्रता समाप्त होने के बाद दक्षिण कोरिया ने मौके बनाना शुरू कर दिया। ंग हीचन ने एलिसन से दूरी से कम ड्राइव के साथ एक शानदार बचाव किया, इससे पहले पाउलो बेंटो की टीम ने 76 वें मिनट में सेन्चो के माध्यम से ब्राजील की रक्षा को तोड़ दिया। मिडफील्डर, ंग इनबीओम के लिए 65वें मिनट में आधे वॉली पर 25-गज के प्रयास के साथ कैसिमिरो की हेड क्लीयरेंस पर अटक गया, जिसने एलिसन के लिए बचाव का कोई मौका नही छोड़ा।

## आईसीसी के प्लेयर ऑफ मंथ के उम्मीदवारों की सूची में आदिल और बटलर

दुबई, 06 दिसम्बर। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और आदिल राशिद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नवंबर 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया है। आईसीसी द्वारा मंगलवार को जारी नवंबर 22 के उम्दा खिलाड़ियों की सूची में बटलर और आदिल के अलावा पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीद शाह अफरीदी का नाम भी शामिल है। हाल ही में संपन्न टी-20 विश्व कप में जोस बटलर की शानदार कप्तानी की बदौलत इंग्लैंड को विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ था वहीं आदिल राशिद असरदार गेंदबाजी के लिये प्लेयर ऑफ द मंथ के उम्मीदवारों की सूची में शामिल हुये। विश्वकप जीतने से चूकने के बावजूद पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी ने अपनी खतरनाक स्विंग से बल्लेबाजों को खासा परेशान किया। आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ श्रेणी में, तीन सलामी बल्लेबाजों ने द्विपक्षीय क्रिकेट में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद नवंबर पुरस्कार के लिए अपना दावा पेश किया। पाकिस्तान की सिदरा अमीन प्लेयर ऑफ़ द मंथ अवार्ड्स में नामांकित हुयी। उन्होने लाहौर में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया वहीं आयरलैंड की गेबी लेविस का नाम भी शॉर्टलिस्ट पर रखा गया है।

## आदित्य मित्तल भारत के 77वें ग्रैंडमास्टर बने

चेन्नई, 06 दिसंबर। आदित्य मित्तल स्पेन में चल रहे एक टूर्नामेंट के दौरान भारत के 77वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने। मुंबई के सोलह वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए जरूरी तीन मानदंड पहले ही हासिल कर लिये थे और स्पेन में चल रहे एलोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट के छठे दौर के दौरान उन्होंने 2,500 ईएलओ अंक का आंकड़ा पार कर लिया। उन्होंने स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी फ्रांसिस्को वैलेजो पोंस के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए खिलाड़ी को तीन ग्रैंडमास्टर मानदंड को हासिल करने के अलावा लाइव रेटिंग में 2,500 ईएलओ अंकों को हासिल करने की जरूरत होती है। मित्तल ने सर्बिया मास्टर्स 2021 में अपना पहला ग्रैंड मास्टर मानदंड हासिल किया। इसके बाद उन्होंने एलोब्रेगेट ओपन 2021 में अपना दूसरा और फिर सर्बिया मास्टर्स 2022 में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। वह एलोब्रेगट ओपन में अब तक पांच अंक हासिल कर पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर है। भरत सुब्रमण्यम, राहुल श्रीवास्तव, वी प्रणव वी और प्रणव आनंद के बाद मित्तल 2022 में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाले पांचवें भारतीय हैं।

## दृष्टिबाधित टी20 विश्वकप में भारत की विजयी शुरूआत

नई दिल्ली 06 दिसंबर। सुनील रमेश और दीपक मलिक के शतकीय प्रहारों की मदद से भारत ने दृष्टिबाधित टी20 विश्वकप के मुकाबले में नेपाल को 274 रनों से हराकर अपने अभियान का आगाज शानदार तरीके से किया। मंगलवार को खेले गये अन्य मैच में श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका को हराया।

# रोनाल्डो से 21 करोड़ डॉलर में अनुबंध की पेशकश



मैड्रिड, 06 दिसंबर। मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने वाले 37 वर्षीय फुटबाल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब ने 21 करोड़ डॉलर सालाना वेतन देने की पेशकश की है।

यह अनुबंध राशि मौजूदा साल में किसी भी खिलाड़ी को मिलने वाले वेतन की तुलना में दो गुने से अधिक है। इससे पहले मुक्केबाज कैनेलो अल्वारेज़ को 84 मिलियन डालर सालाना और एनएफएल क्वार्टरबैक मैथ्यू स्टैफ़ोर्ड ने 72 मिलियन डालर की धनराशि अर्जित की है।

सऊदी प्रो लीग (एसपीएल) को दुनिया की शीर्ष फुटबॉल लीगों में से एक नहीं माना जाता है, लेकिन अल नासर - कथित तौर पर रोनाल्डो को लेने वाली टीम, सऊदी अरब के अधिक सफल क्लबों में से एक है। वास्तव में, टीम नौ प्रीमियर लीग खिताब, छह किंग्स कप, तीन क्राउन प्रिंस कप, तीन फेडरेशन कप और दो सऊदी सुपर कप जीतकर इस समय लीग में दूसरे स्थान पर है। क्लब सऊदी की राजधानी रियाद में स्थित है।

पांच बार चैंपियंस लीग विजेता और 819 गोल के साथ शीर्ष स्कोरिंग अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रोनाल्डो के साथ अनुबंध करने में कई क्लबों ने अपनी इच्छा का इजहार किया है मगर स्टार फुटबालर ने किसी भी अफवाह का खंडन नहीं किया है। रोनाल्डो फीफा विश्व कप 2022 के लिए दक्षिण कोरिया के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप चरण के खेल से बाहर होने के बाद नाराज हो गये थे। दक्षिण कोरिया ने शुक्रवार को पुर्तगाल को 2-1 से हराया था।

## पेरू पैरा बैडमिंटनः मनदीप ने विश्व चैंपियन को हराया, नेहल ने जीते दो स्वर्ण

नयी दिल्ली, 06 दिसंबर। मनदीप कौर ने फाइनल में विश्व चैम्पियन ओक्साना कोजिना को हराकर उलटफेर किया जबकि नेहल गुप्ता ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए जिससे भारत लीमा में समाप्त हुई पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 14 पदक जीतने में सफल रहा। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर छह स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक जीते।

पिछले महीने तोक्यो में पैरा विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में कोजिना से हारने वाली मनदीप कौर ने महिलाओं के एसएल3 में 21-11, 21-11 से जीत दर्ज करके खिताब हासिल किया और यूक्रेन के खिलाड़ी से बदला भी चुकता किया। भारतीय खिलाड़ी ने बाद में कहा," मैंने ओक्साना को हराने के लिए ही विशेष रुप से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और मुझे खुशी है कि मैंने उससे बदला चुकता कर दिया।"

मनदीप कौर ने इसके अलावा महिलाओं के युगल और मिश्रित युगल में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। मनदीप और केली एडिथ एरी एस्क्लांते महिला युगल फाइनल में पारुल परमार और वैशाली पटेल से 17-21 19-21 से हार गईं। इस बीच 17 वर्षीय गुप्ता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल एसएल3 और पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 में स्वर्ण पदक जीते। गुप्ता ने पहले ब्राजील के योहान ब्रेनो के साथ जोड़ी बनाकर रेन्जो डिकेज़ बेनसेस मोरालेस और पेड्रो पाब्लो डी विनेता की स्थानीय जोड़ी को युगल में 21-16, 21-13 से हराया। इसके बाद उन्होंने फ्रांस के मैथ्यू थॉमस को 21-16, 21-14 से हराकर एकल खिताब जीता।

## प्रणय बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के ग्रुप-ए में

नयी दिल्ली, 06 दिसंबर। साल के अंत में अपना पहला टूर्नामेंट में खेल रहे एचएस प्रणय को बुधवार से शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में ओलंपिक चैम्पियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन, जापान के कोडाई नारोका और चीन के लू गुआंग जू के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। प्रणय बैंकॉक में समाप्त होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र खिलाड़ी है और उनका इरादा साल के आखिरी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का होगा।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में तैयारियों को परखेगी हरमन ब्रिगेड

कोलकाता, 06 दिसंबर। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 से पहले कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम नौ दिसम्बर से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृखंला में अपनी तैयारियों को परखेगी।

'वीमेन इन ब्लू' की निगाहें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप पर टिकी हैं, लेकिन पहले ऑस्ट्रेलिया का सामना करना होगा, जिसने भारत को 2020 के विश्व कप के फाइनल में हराया था। दोनों टीमें चैंपियनशिप और टी20 सीरीज की प्रबल दावेदार हैं। पांच मैचों की टी20 सीरीज नौ दिसंबर से शुरू हो रही है और यह दोनों टीमों के लिए एकदम सही तैयारी होगी क्योंकि वे अगले साल की शुरुआत में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगी।

एशिया कप 2022 के दौरान स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज़' पर हरमनप्रीत ने कहा मेरे लिए, सभी खिलाड़ियों को एक साथ रखना बहुत महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि सभी को अपने विचार साझा करने चाहिए और समान महत्व के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। मुझे पता है कि कुछ खिलाड़ी टीम के लिए अच्छा कर सकते हैं, लेकिन आपको अभी भी अपने अन्य खिलाड़ियों की ज़रूरत है जो टीम के साथ हैं जिनके साथ भी समान व्यवहार करने की आवश्यकता है।

## खराब फॉर्म में चल रहे धवन की निगाह स्वीप शॉट में महारत हासिल करने पर

मीरपुर, 06 दिसंबर। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अगले साल स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों के तहत स्वीप शॉट और रिवर्स हिट पर काम कर रहे हैं। धवन पिछले नौ मैचों में केवल एक अर्धशतक बना पाए हैं और विश्व कप से पहले इस 37 वर्षीय बल्लेबाज का टीम में स्थान खतरे में लगता है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किए गए शुभमन गिल को विश्वकप में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे से पहले धवन के साथ विशेष अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।

## ऋषिकेश कानिटकर सीनियर महिला बल्लेबाजी कोच नियुक्त

मुंबई, 06 दिसंबर। ऋषिकेश कानिटकर को सीनियर महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। कानिटकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ दिसंबर से मुंबई में शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से टीम के साथ जुड़ेंगे। महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार, बीसीसीआई के पुनर्गठन मॉड्यूल के हिस्से के तौर पर पुरुष क्रिकेट में स्विच करेंगे और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में शामिल होंगे।

कानिटकर ने कहा सीनियर महिला टीम के नए बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया जाना एक सम्मान की बात है। मुझे इस टीम में जबरदस्त संभावनाएं दिख रही हैं और हमारे पास युवाओं और अनुभव का अच्छा मिश्रण है। मेरा मानना है कि यह टीम आगे की चुनौती के लिए तैयार है। हमारे पास कुछ बड़ी प्रतियोगिताएं आ रही हैं और यह टीम के लिए और बल्लेबाजी कोच के रूप में मेरे लिए रोमांचक होने वाला है।

पोवार ने कहा एनसीए में अपनी नई भूमिका के साथ, मैं भविष्य के लिए प्रतिभाओं को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने वर्षों के अनुभव को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा। मैं खेल और बेंच स्ट्रेंथ के विकास के लिए वीवीएस लक्ष्मण के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

एनसीए प्रमुख लक्ष्मण ने भारत के पूर्व स्पिनर का स्वागत करते हुए कहा पोवार की उपस्थिति एनसीए की स्थापना में विशेषज्ञता लाएगी। हमें यकीन है कि वह अपनी विशेषज्ञता और अनुभव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लाएंगे।

# बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में बने रहने के लिए भारत को दूसरे एकदिवसीय में बड़े खिलाड़ियों से उम्मीद

मीरपुर, 06 दिसंबर। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में बुधवार को यहां मैदान में उतरेगी तो इस करो या मरो के मैच में उसे बड़े खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

बांग्लादेश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रृंखला के पहले मैच में आखिरी विकेट के लिए 50 से अधिक रनों की अटूट साझेदारी कर शानदार जीत दर्ज की। भारतीय गेंदबाज पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करने में विफल रहे लेकिन टीम को उनसे ज्यादा निराश शीर्ष क्रम के दिग्गज बल्लेबाजों ने किया।

भारतीय टीम ने पिछली बार 2015 में बांग्लादेश में द्विपक्षीय श्रृंखलाखेली थी जब महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम तीन मैचों की श्रृंखला 1-2 से हार गई थी और एकमात्र जीत तीसरे मैच में मिली थी। स्पिनर शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों पर 11 से 40 ओवर के बीच शिकंजा कसे रखते हैं तो शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में इतिहास खुद को दोहरा सकता है।

इस दौरान लोकेश राहुल को छोड़कर सभी भारतीय बल्लेबाजों ने संघर्ष किया। राहुल ने 70 गेंदों पर 73 रन की पारी खेली।

वनडे विश्व कप में अभी भी 10 महीने बाकी हैं लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि भारतीय टीम का दृष्टिकोण क्या होगा। भारतीय टीम पिछले कुछ समय से बेखौफ होकर बल्लेबाजी करने की बात कर रही है लेकिन इस योजना को कम मैचों मे ही आजमाया गया है।

मीरपुर की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी नहीं थी, लेकिन यह इतनी बुरी भी नहीं थी कि इसमें सिर्फ 186 रन बनाये जाये।

इस श्रृंखला के लिए शुभमन गिल और संजू सैमसन जैसे युवाओं को आराम देने का तत्कालीन चयन समिति का निर्णय चौंकाने वाला रहा है। चयनकर्ताओं के पूर्व अध्यक्ष चेतन शर्मा द्वारा दिया गया तर्क यह था कि न्यूजीलैंड दौरे के बाद इन खिलाड़ियों को विश्राम दिया गया है।

भारतीय शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों के साथ मुख्य समस्या यह है कि वह शुरुआत में बहुत ज्यादा डॉट गेंद खेल रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने 42 ओवर की बल्लेबाजी में लगभग 25 ओवर डॉट गेंद खेली। बाकी के आठ ओवर को भी जोड़ दे तो टीम ने लगभग 200 गेंदों पर एक भी रन नहीं बनाया। आधुनिक समय के क्रिकेट में जब इंग्लैंड हर तरह से सभी प्रारूपों में आक्रामक रवैया अपना रहा है तब भारतीय टीम एक कदम आगे और चार पीछे ले जा रही है। राहुल को विकेटीकीपिंग का जिम्मा सौंप कर टीम ने लचीलापन रूख अपनाने की जगह यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राहुल और धवन दोनों को विश्व कप के अंतिम एकादश में कैसे फिट किया जाये।

भारत के तेजतर्रार खिलाड़ियों में शामिल सैमसन को इस श्रृंखला के लिए भी नहीं चुना गया था और अपने पिछले एकदिवसीय में 93 रन बनाने वाले इशान किशन विशेषज्ञ कीपर-बल्लेबाज होने के बावजूद बेंच पर थे।

रजत पाटीदार और राहुल त्रिपाठी टीम में चुने गये हैं लेकिन यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि टीम प्रबंधन इन युवाओं का इस्तेमाल कैसे करेगा। कोच राहुल द्रविड़ और और कप्तान रोहित शर्मा अगर कोई कड़ा कदम नहीं उठाते हैं तो टीम को फिर से संघर्ष करना पड़ सकता है।

# भारत जोड़ो यात्रा का झालावाड़ में तीसरा दिन

## खेल संकुल से निकली यात्रा, आज कोटा जिले में प्रवेश करेगी

- **झालावाड़ में यात्रा जब दुष्यंत सिंह के कार्यालय और भाजपा कार्यालय के बाहर से गुजरी तो राहुल गांधी ने वहां एकत्रित भाजपा कार्यकर्ताओं का भी हाथ हिलाकर अभिवादन किया।**

झालावाड़, 6 दिसम्बर (निसं)। भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को दूसरे दिन झालावाड़ के खेल संकुल से शुरू हुई जो मेडिकल कॉलेज, मामा भांजा चौराहा से कोटा रोड स्थित देवरी घटा पहुंची। देवरी घटा में दोपहर के लंच बाद तीन किलोमीटर आगे कोटा जिले की रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के सुकेत से यात्रा शुरू हुई और 9 किलोमीटर से ज्यादा चलने के बाद हीरिया खेड़ी पहुंची। यहां से भी 17 किलोमीटर आगे खेल मैदान मोरु कला में रात्रि विश्राम हुआ।

झालावाड़ शहर में अल सुबह ही लोग राहुल गांधी की यात्रा को देखने के लिए सड़कों के आसपास जमा होने लग गए। जहां-जहां से यात्रा गुजरी वहीं हर चौराहे और सड़कों पर राहुल गांधी और उनकी यात्रा को देखने के लिए भीड़ जमा थी। शहर में लोगों द्वारा जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं कोटा रोड स्थित केजीएन नर्सिंग कॉलेज के सामने कॉलेज संचालक सलीम खान ने राहुल गांधी और यात्रा का स्वागत किया, इस दौरान बाड़मेर से आए कलाकारों ने "केसरिया बालम आवो पधारो म्हारे देस" लोक गीत गाकर राहुल गांधी की यात्रा का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सलीम खान के अलावा राजेंद्र सिंह सलूजा शाहनवाज खान, सोहेल खान, कांग्रेस नेता अरबाज खान, फराज खान शामिल थे।

खेल संकुल से रवाना होकर यात्रा झालावाड़ में कोटा रोड पर स्थित भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह के कार्यालय के आगे से गुजरी तो सांसद दुष्यंत सिंह के कार्यालय की छत पर भाजपा कार्यकर्ता खड़े थे। इस दौरान राहुल गांधी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को फ्लाइंग किस दिया। जब यात्रा भाजपा कार्यालय के बाहर से यात्रा गुजरी तो राहुल गांधी ने पहले हाथ हिलाया और उसके बाद कार्यकर्ताओं की ओर फ्लाइंग किस दिया। राहुल गांधी ने अपने साथ चल रहे सचिन पायलट और राजस्व मंत्री रामलाल जाट को भी अभिवादन करने के लिए कहा, इसके बाद दोनों नेताओं भी हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

यात्रा में राहुल गांधी के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, खनिज मंत्री प्रमोद जैन भाया, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला वाला सहित प्रदेश के कई मंत्री और विधायक भी साथ चले।

# मंत्री विधायकों को राहुल गांधी की यात्रा से ज्यादा लगाव नहीं

## अधिकांश मंत्री- विधायक यात्रा की अगवानी करने के बाद अगले दिन ही वापस लौट गए, भीड़ के मामले में भी बहुत ज्यादा सफल नहीं दिखे शुरुआती 2 दिन

- **यात्रा के दौरान झालावाड़ में भाजपा कार्यालय से युवकों ने लगाए मोदी के नारे, तो राहुल गांधी ने फ्लांइग किस देकर किया अभिवादन।**
- **सचिन पायलट जहां यात्रा में लगातार पैदल चल रहे हैं, वहीं, मुख्यमंत्री गहलोत कुछ पैदल, तो कुछ काफिले के साथ कार में सफर कर रहे हैं।**
- **दूसरे दिन राहुल गांधी ने विधायक वेद सोलंकी को बुलाकर लंबी चर्चा की।**

जयपुर, 6 दिसम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में सबसे सफल यात्रा के तौर पर निकालने की बातें हो रही थी, लेकिन यात्रा के दूसरे दिन ही लगने लगा है कि यात्रा को लेकर राजस्थान के नेताओं में बहुत ज्यादा उत्साह नहीं है। राजस्थान के अधिकांश मंत्री और विधायक 2 दिन से यात्रा के दौरान नदारद दिख रहे हैं। जो मंत्री विधायक यात्रा की अगवानी के लिए आए थे,वे भी वापस लौट चुके हैं। कुछ एक मंत्री और विधायकों को छोड़ दें,तो अधिकांश मंत्री - विधायक नजर नहीं आ रहे हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत यात्रा में लगातार बने हुए हैं और कुछ दूर चलने के बाद वे अपने काफिले के आगे पहुंच जाते हैं। बताया जाता है कि इस कवायद के पीछे कारण यह है कि वह नहीं चाहते कि दूसरे पक्ष के विधायक या आम आदमी राहुल गांधी तक ज्यादा पहुंच बना पाए।

दूसरी ओर सचिन पायलट अधिकांश समय राहुल गांधी के साथ पैदल चल रहे हैं, मुख्यमंत्री कभी पैदल तो कभी काफिले के साथ आगे जाकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

यात्रा में पहले दिन कुछ विधायकों को तवज्जो मिली थी, तो कुछ को फटकार मिली थी। वहीं दूसरे दिन चाकसू विधायक वेद प्रकाश सोलंकी को बुलाकर राहुल गांधी ने चर्चा की। बताया जाता है कि वेद प्रकाश सोलंकी ने एससी - एसटी से जुड़े मुद्दों के साथ ही अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर बात की। इस दौरान राहुल गांधी और वेद प्रकाश सोलंकी करीब 6 - 7 मिनट तक लगातार बातचीत करते रहे। जिस समय सोलंकी बात कर रहे थे, उस दौरान राहुल गांधी के एक तरफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी चल रहे थे। वेद सोलंकी को सचिन पायलट कैंप का सबसे मुखर विधायक माना जाता है। अन्य विधायकों की बात करें, तो जोधपुर संभाग से जहां दिव्या मदेरणा मध्य प्रदेश से ही यात्रा के साथ बनी हुई है, वही संभाग के दूसरे विधायक मदन प्रजापत नंगे पांव लगातार यात्रा में चल रहे हैं।

इधर राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दूसरे दिन कोटा के हिरिया खेड़ी में पूरी हुई।

शाम करीब छह बजे 22.5 किलोमीटर का सफर पूरा हुआ। यहां से आगे राहुल गांधी गाड़ियों से दरा के मोरू कला पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है।

सुबह यात्रा की शुरुआत में झालावाड़ में राहुल गांधी मुख्य चौराहे से निकल कर जा रहे थे। उसके बाद भाजपा कार्यालय तथा सांसद दुष्यंत सिंह के निजी कार्यालय के सामने से निकले, उसी दौरान वहां छत पर खड़े कुछ युवकों ने मोदी - मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए, लेकिन राहुल गांधी इससे बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए और जो युवा नारे लगा रहे थे, उनकी तरफ फ्लाइंग किस करते हुए उनका अभिवादन भी किया।

यात्रा के दौरान एक छोटी सी दुर्घटना हुई और यात्रा का कवरेज करने के लिए उड़ाए गए ड्रोन कैमरा मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के कंधे पर गिर गया, जिससे उन्हें हल्की चोट लगी। इसके कारण खाचरियावास को यात्रा छोड़कर वापस लौटना पड़ा। खाचरियावास को यह चोट उसी कंधे पर आई है जिसका कुछ समय पूर्व उन्होंने ऑपरेशन कराया था। इससे पहले मंगलवार सुबह यात्रा के पहले फेज के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि गुजरात चुनाव में भाजपा ने सारी हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा कि वोटिंग के दिन पीएम मोदी ने रोड शो में भाजपा का प्रचार किया।

## कांग्रेस विधायकों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देकर 91 विधायकों के इस्तीफों पर निर्णय करने का आग्रह किया था। इसके बावजूद भी स्पीकर ने अब तक इन इस्तीफों को लेकर कोई निर्णय नहीं किया है। याचिका में कहा गया कि यदि कोई विधायक इस्तीफा स्वयं पेश करता है तो विधानसभा प्रक्रिया नियम 173 के तहत स्पीकर के पास इस्तीफा स्वीकार करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं होता। सिर्फ इसके लिए जांच की जा सकती है कि इस्तीफा स्वैच्छिक और जेन्युइन है या नहीं। याचिका में यह भी कहा गया कि यह असंभव है कि इतनी बडी संख्या में विधायकों से जबरन इस्तीफों पर हस्ताक्षर करवाए गए हों या उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हों।

विधायकों के इस्तीफे देने के चलते सरकार सदन में अपना विश्वास खो चुकी है। इसके बावजूद भी इस्तीफा देने वाले मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद सहित अन्य सरकारी बैठकों में शामिल हो रहे हैं। याचिका में गुहार की गई है कि इस्तीफा देने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं और बतौर विधायक इनका विधानसभा में प्रवेश से रोका जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि स्पीकर के समक्ष बसपा से दल बदल कर कांग्रेस में आए विधायकों का मामला लंबित है। ऐसे में उन्हें अंदेशा है कि इन विधायकों के इस्तीफों पर भी स्पीकर निर्णय नहीं करेंगे। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने स्पीकर और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

इस्तीफों पर निर्णय नहीं करने को चुनौती देने वाली इस याचिका की ड्राफ्टिंग अधिवक्ता हेमंत नाहटा की ओर से की गई। वहीं सुनवाई के दौरान भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड ने अपना पक्ष स्वयं रखा। एक अधिवक्ता की तरह पैरवी करने पर कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी और नियमित वकालत करने की बात कही।

## कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दशक में, भाषाई आधार पर हुये राज्यों के पुनर्गठन के दौरान, यह नगर कर्नाटक को दे दिया गया था। "कर्नाटक रक्षण वेदिके" से सम्बद्ध प्रदर्शनकारी एकाएक हिंसा पर उतर आये क्योंकि बेलागावी विवाद अन्दर ही अन्दर खदबदा रहा था। आग में घी डालने का काम करते हुये, कर्नाटक भी महाराष्ट्र के कुछ गाँवों पर अपना दावा प्रस्तुत कर रहा है।

प्रसंगवश बता दे कि महाराष्ट्र के विपक्षी दलों ने भाजपा पर हमला बोलते हुये कहा कि भाजपा ही इस विवाद को इस स्थिति तक लाई है क्योंकि दोनों ही राज्यों में, वह सत्ता पर काबिज है। वरिष्ठ एन.सी.पी. नेता शरद पवार ने भाजपा तथा महाराष्ट्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा, "अगर महाराष्ट्र की बसों और ट्रकों पर हमले नहीं रूके, तो उन्हें (एन.सी.पी.) को कोई अलग रूख अपनाना पड़ेगा। पूर्ववर्ती गठबन्धन सरकार अब तक संतुलित रूख अपनाती आ रही थी।" एक ट्वीट में, महाराष्ट्र के इस दिग्गज नेता ने कहा कि अगर आगे कुछ भी होता है तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई जिम्मेदार ठहराये जायेंगे। अगर हमले नहीं रूके तो वे स्वयं बेलगाँव जायेंगे। पवार ने दोनों मुख्यमन्त्रियों से अपील की कि वे साथ-साथ बैठकर, इस मुद्दे का समाधान तलाशे।

मंगलवार को, महाराष्ट्र ने एक कदम पीछे हटाते हुये, अपने उन दो मन्त्रियों को रोक लिया, जो विवादित स्थल पर जाने वाले थे क्योंकि कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने यह आशंका व्यक्त की थी कि मन्त्रियों के दौरे से कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। जहाँ व्यावसायिक स्तर पर ये सब कदम उठाये जा रहे हैं, वही दूसरी तरफ, सर्वोच्च न्यायालय भी इसी विषय से सम्बन्धित दायर की जा चुकी एक याचिका पर विचार कर रहा है।

वस्तुतः महाराष्ट्र के साथ चल रहे विवाद को लेकर, बेलागावी में हिंसा उस समय भड़की जब कन्नड़-झंडा लहरा रहे एक विद्यार्थी पर कुछ मराठी छात्रों ने हमला बोल दिया था।

## 16 दिसम्बर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बीसीआई के तीन अक्टूबर के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी थी। बीसीआई ने तीन अक्टूबर को आदेश जारी कर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सहित अन्य अधिवक्ता संगठनों के चुनावों को आगामी आदेश तक रोक दिया था। एकलपीठ ने बी.सी.आई. के इस आदेश की क्रियान्विति पर स्टे लगा दिया था। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अभिनव शर्मा ने कहा कि बीसीआई के समक्ष कोई वोटर लिस्ट ही नहीं थी। ऐसे में उनकी ओर से चुनाव पर रोक लगाने का आदेश देना गलत था। इसके बाद खंडपीठ ने दोनों अपीलों को खारिज कर दिया।

## ऐलन मस्क और वाइट हाउस के बीच जंग

- **वाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा कि, ट्विटर और वाइट हाउस के बीच जो कुछ भी चल रहा है वह अमेरिका के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।**

वाशिंगटन, 6 दिसंबर (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास तथा मुख्य कार्यस्थल 'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कराइन जीन-पियरे ने कहा है कि ट्विटर अधिकारियों और बाइडेन प्रशासन के बीच उच्च स्तरीय मिलीभगत दिखाने वाले खुलासे देश के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं।जीन-पियरे ने कहा, ट्विटर अधिकारियों और बाइडेन प्रशासन के बीच के जो कुछ भी चल रहा है वह देशवासियों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि ट्विटर अपने प्लेटफॉर्म पर रोष, घृणा और सामाजिक तनाव फैलानी वाली प्रतिबंधित पुरानी सामग्री को कैसे रख सकता है। दरअसल, ट्विटर कर्मचारियों के शुक्रवार को लीक हुए ईमेल से पता चला कि सोशल मीडिया अधिकारियों ने अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर यह झूठा दावा किया था कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के पुत्र हंटर बाइडेन के लैपटॉप से निकाली गई फाइलें एक रूसी विघटन अभियान की सामग्री थी। स्पूतनिक के पत्रकार जॉन किरियाकौ ने बताया कि खोजी पत्रकार मैट तैब्बी को लीक हुए ईमेल ट्विटर के नए मालिक ऐलन मस्क से प्राप्त हुए हैं।

## डॉ. पूनिया का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपराधों की आग में झुलस रहा है, आज 8 लाख 31 हजार मुकदमे इसकी बानगी है, महिलाओं के प्रति सर्वाधिक 37 प्रतिशत अपराध, 27 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 38 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के प्रति अपराध यह पराकाष्ठा है।प्रतिदिन प्रदेश में औसतन 17 बलात्कार और 7 हत्याएं होती है, यह राजस्थान की कांग्रेस पार्टी की सरकार पर सवाल खड़े करते हैं। उनकी बहन प्रियंका गांधी कहती हैं लड़की हूं लड़ सकती हूं, क्या वो प्रदेश की महिलाओं के लिए लड़ने के लिए आएंगी, 1 लाख 50 हजार से ज्यादा मुकदमे महिलाओं के अपराधों के प्रति दर्ज हुए हैं, बालिकाओं के साथ दुष्कर्म की 26 हजार से ज्यादा घटनाएं हुई हैं।

मेरा आज राहुल गांधी से दूसरा सवाल है, भले ही वह राजनीतिक पर्यटन के लिए यहां आए हैं, लेकिन कम से कम अपने कांग्रेस शासन की सरकार की सुध तो लेते, राजस्थान की जनता को अपराधों से मुक्ति कब दिलाएंगे, महिलाओं को, अनुसूचित जाति को, अनुसूचित जनजाति को और बच्चियों को न्याय कब दिलाएंगे।

## 'तू डाल-डाल मैं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चरमरा जाएगी।

यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाए थे, तथापि इन प्रतिबंधों का ज्यादा असर नहीं हुआ क्योंकि युद्ध के बाद तेल की कीमतों में और उछाल आ गया, यानी कि रूस ने तेल के प्रति यूनिट निर्यात से अधिक धन कमाया। रूस को कुल मिलकार आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचा।

प्रतिबंधों से रूस को घुटने टेकने पर मजबूर करने में विफल रहने से परेशान ई.यू. ने रूस के सैन्य अभियान को नियन्त्रित करने के नए तरीके लागू करने शुरू किए। उसने रूस के तेल की ब्रिकी की कीमत तय करने के बारे में सोचा, जिसे सम्बद्ध प्रतिबंधों के बिना लागू नहीं किया जा सकता था।

कीमत नियन्त्रण की प्रतिक्रिया में रूस ने अपने तेल निर्यातों को सीमित रखने के विचार को प्रसारित किया है। इससे तेल की वैश्विक कीमतें आसमान छू सकती हैं और समूची वैश्विक अर्थव्यवस्था में घबराहट पैदा हो सकती है। इससे वैश्विक वित्तीय बाजारों और उसकी लागतों पर विपरीत असर पड़ सकता है। तेल की कीमतों पर नई अनिश्चितता तब सामने आ रही है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की संभावनाओं को झेल रही है। यह स्थिति कुल मिलाकर सब कुछ अनिश्चित बनाती है।

तेल की कीमतों का कैसा भी उछाल वैश्विक मंदी के स्तर को और नीचे गिरा सकता है। खासतौर पर जब चीन गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है तो बड़ी पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की चर्चा हो ही है। रूस के तेल से मिलने वाला कोई अतिरिक्त झटका आर्थिक मंदी को और गहरा सकता है।

इस स्थिति को खराब होने से कुछ हद तक तभी रोका जा सकता है जबकि पश्चिम के अग्रणी देश, विशेषकर अमेरिका अन्य बड़े तेल उत्पादक देशों को अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए राजी करे ताकि रूस की तेल सप्लायी पर लगे प्रतिबंधों से ग्लोबल मार्केट्स से होने वाली कमी से निबटा जा सके।

ऑर्गनाइजेशन ऑफ पैट्रोलियम एक सपोर्टिंग कन्ट्रीज (ओ.पी.ई.सी. औवेक) परम्परागत रूस से तेल के बाजार में आने वाले किसी भी उछाल का लाभ लेती रही हैं। कीमत वृद्धि के कारण बाजार में और अधिक तेल बिकने के लिए आया।

हालांकि ओपैक देशों पर अपना दबदबा रखने वाला सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश सऊदी अरब के कूटनीतिक रिश्तों में आयी तलरवी के कारण सऊदी अरब ने रूस के साथ नए सम्पर्क स्थापित किए और ऐसा लगा जैसे कि वह तेल की कीमतें ऊंची रखने में रूस की कार्यवाही का समर्थन कर रहा है। अत: तेल की कीमतें स्थिर रहने की दूर-दूर तक संभावनाएं नहीं हैं क्यांकि मध्य पूर्व में अमेरिका के पूर्व सहयोगी सऊदी अरब ने ई.यू. द्वारा रूस के तेल की कीमत तय करने की प्रतिक्रिया में अपना तेल उत्पादन और सप्लायी बढ़ाने के अमेरिका के अनुरोध को मानने से इन्कार कर दिया है।

## राहुल गांधी की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चल रहे हैं, उनसे क्यों बात कर रहें हैं?

स्वरा बातचीत में, वे उन मुद्दों को उठाती रहीं, जिन्होंने दूसरी और तीसरी श्रणियों को बहुत आहत किया है।

वस्तुतः, ऐसा प्रतीत हुआ है, मानो स्वरा उस व्यापक भारतीय पुनर्जागरण को स्वर दे रही हों, जिसकी गति मंद भले ही हो, जो लगातार हो रहा है।

स्वरा भास्कर, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के खुले वातावरण में पली-बड़ी हैं, को उनकी फिल्म "माधोलाल कीप वॉकिंग" से प्रसिद्धि मिली। ज्ञातव्य है कि स्वरा की माँ जे.एन.यू. में शिक्षिका थीं।

लेकिन स्वरा अब भी उसी चीज को कह रही हैं: "चलते रहो"। अब माधोलाल "राहुल गांधी" में बदल गया है, और इस बात पर जोर देने के लिये, वे राहुल के साथ पैदल चलीं। और जैसा कि उन्होंने स्वयं स्वीकार किया है, उन्हें उनका "पारिश्रमिक" मिल गया है। उन्होंने कहा, "और जहाँ तक भाजपा का संबंध है, उसके अधिकांश लोग घोर झूठे हैं।"

## पायलट के उत्साही ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- **पर यह भी सच है कि, मंगलवार को यात्रा के दौरान ज्यादा भीड़ नहीं थी। क्या यह जानबूझकर किया गया था, तथा पायलट विरोधी साजिश में व्यस्त मु.मंत्री के खेमे को भीड़ जुटाने की फुर्सत नहीं मिली। क्योंकि, जहां से यात्रा गुजर रही है, उसके अगल-बगल के दो जिलों के प्रभारियों को भीड़ लाने की जिम्मेवारी दी गई थी।**

यह भी ज्ञातव्य है कि कोटा, शांति धारीवाल का निर्वाचन क्षेत्र है, जिनका अजय माकन द्वारा तैयार की गई अनुशासनहीनता की रिपोर्ट में नाम है और जिनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

शायद इसी को ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी ने निर्णय लिया है कि यात्रा ना तो कोटा में रूकेगी और ना ही लंच या किसी अन्य चीज़ के लिए इसका वहां ठहराव होगा। यात्रा कोटा में बिना किसी विश्राम के जारी रहेगी, यात्रा का पड़ाव कोटा के बाहर ही होगा। कार्यक्रम में यह बदलाव आज ही हुआ है।

सूत्र कहते है कि राहुल गांधी यात्रा के दौरान या चाय के लिए रूकने के वक्त भी गहलोत से बातचीत नहीं कर रहे हैं।

समझा जाता है कि वे (राहुल) साफ तौर पर उनकी (गहलोत) उपेक्षा कर रहे हैं।

किन्तु कल राहुल गांधी उस समय अशोक गहलोत पर भड़क गये, जब पूरे यात्रा स्थल पर खाकी यूनिफॉर्म में बड़ी संख्या में पुलिस दिखाई दी। गहलोत की तरफ मुड़कर, राहुल गांधी ने कहा कि इतनी सारी पुलिस को हटाओ, वरना मैं घर लौट जाऊँगा।

इसके बाद, वर्दीधारी पुलिस तो हटा दी गई लेकिन उसके स्थान पर सामान्य वस्त्र पहने पुलिस कर्मी आ गये।

आज की यात्रा इस अर्थ में निराशाजनक रही कि यात्रा स्थल पर आम लोग बहुत ही कम संख्यचा में थे तथा उनके स्थान सरकारी मशीनरी, कांग्रेस कार्यकर्ता, यात्री एवं पुलिस कर्मी दिखाई दे रहे थे। लेकिन यह भीड़ उस राज्य के अनुरूप नहीं कही जा सकती, जहां कांग्रेस का शासन हो।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि या तो अशोक गहलोत जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं ताकि राहुल गांधी का शो फीका रहे, या फिर उन्होंने भीड़ जुटाने के लिय कोई प्रयास ही नहीं किये हैं क्योंकि मूल योजना के अनुसार, यह सुनिश्चित किया गया था कि रोजाना की भीड़ को लाने की व्यवस्था दो पड़ोसी जिलों के नेता करेंगे।

एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर आप अपनी ऊर्जा सचिन पायलट को नीचे लाने में लगा देंगे, तो कुछ सकारात्मक करने का समय और गुंजाइश ही कहाँ रहेगी।

## सोनिया गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रंधावा पंजाब से हैं और उन्हें एक कठोर एवं सीधी बात करने वाले नेता के रूप में जाना जाता है। कैप्टन अमरिन्दर सिंह को पंजाब के मुख्यमंत्री पद से हटाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही थी।सूत्र कहते हैं कि रंधावा पार्टी हाईकमान के आदमी हैं। इसके साथ ही सूत्रों का कहना है कि सचिन पायलट का पक्ष लेने के कारण गहलोत ने अजय माकन को निशाना बनाया था। अब एक निष्पक्ष बात करने के लिए रंधावा को लाया गया है। राजस्थान में कांग्रेस के नए प्रभारी महासचिव आज शाम जयपुर आ रहे हैं, और उनके राहुल गांधी की यात्रा में कल शामिल होने की उम्मीद है। जब वे राहुल गांधी के साथ चल रहे होंगे तो राजस्थान पर अनिवार्य रूप से चर्चा हो सकती है। लम्बे समय से लम्बित यह निर्णय एक खुले घाव की भांति सड़ रहा है क्योंकि नेतृत्व राजस्थान के लिए कुछ तय नहीं कर पा रहा। लेकिन यात्रा के राजस्थान से गुजर जाने के बाद उम्मीद है कि राजस्थान को कोई समाधान पसन्द आएगा।

# सरकार, डिस्कॉम व विद्युत नियमन आयोग की मिलीभगत से सोलर एनर्जी प्रोड्यूसर्स को न्याय नहीं मिल रहा

## हाई कोर्ट में आर.ई.सी. मकैनिज़्म के तहत बने सोलर ऊर्जा उत्पादको के अधिवक्ता ने कहा कि, इस मिलीभगत का प्रमाण है कि, तीनों (सरकार, डिस्कॉम तथा आयोग) जवाब में एक ही भाषा में एक ही तर्क प्रस्तुत करते हैं

-यादवेंद्र शर्मा-

- **अधिवक्ता रवि चिनारिया का कहना है कि, 5 मार्च 2019 को आयोग ने यह तर्क दिया कि, आर.ई.सी मकैनिज़्म के तहत निर्मित प्लांट से मिल रही बिजली की दरें 3.14 रुपये प्रति यूनिट पर सीमित करी जाती है, जिस पर डिस्कॉम ने भी अपनी रजामंदी दिखाई थी और याचिकाकर्ताओं से अण्डरटेकिंग भी ली थी। परंतु लगभग चार साल बाद भी डिस्कॉम ने बिजली खरीदने के लिए पी.पी.ए. हस्ताक्षरित नहीं किया है और याचिकाकर्ताओं को बिजली उप्तादन के लिए भुगतान भी नहीं किया गया है।**

जयपुर, 6 दिसम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट में आज रिन्युबल एनर्जी सर्टिफिकेट (आर.ई.सी.) मकैनिज़्म के तहत सौर तथा पवन ऊर्जा में निवेश करने वाले निवेशकों की ओर से दायर करीब 108 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। जैसा कि विदित है कि इस मामले में 1 अप्रैल 2019 से याचिकाकर्ताओं द्वारा स्थापित सौर और पवन ऊर्जा के प्लांट से बिजली उत्पादित की जा रही है और राज्य सरकार के डिस्कॉम्स को भी दी जा रही है, परंतु इन्हें बिजली उत्पादन के लिये डिस्कॉम्स द्वारा कोई भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से कल भी अधिवक्ता संदीप तनेजा, सुकृति कासलीवाल और पुनीत सिंघवी बहस करेंगे।

इस मामले में लगभग डेढ़ महीने बाद पुनः सुनवाई शुरू की गई है क्योंकि न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव के परिवार में निधन होने के कारण वे मामले की सुनवाई नहीं कर सकते थे। आज सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रवि चिनारिया, जो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आई.ओ.सी.) और अन्य प्राइवेट पार्टी की ओर से पैरवी कर रहे थे, ने अपनी बहस पूर्ण की। सुनवाई के दौरान अदालत ने अधिवक्ता रवि चिनारिया से यह कहा कि सरकार के वकीलों का कहना है कि उन्हें ओपन मार्केट में बिजली सस्ते दामों में मिल रही है इसलिये वह आर.ई.सी. मकैनिज़्म के तहत बने सौर ऊर्जा के प्लांटों से बिजली नहीं खरीदना चाहती है। उन्होंने रवि चिनारिया से पूछा कि डिस्कॉम सस्ती दरों पर बिजली खरीदे और फिर सस्ते दामों पर ही उपभोक्ताओं को बिजली बेचे, यह जनहित में लिया हुआ फैसला है और अदालत सरकार के फैसले में कितना हस्तक्षेप कर सकती है? इस पर रवि चिनारिया ने अदालत को कहा कि सरकार का यह कहना कि इससे सस्ती दरों पर ही बिजली मिल रही है, इस वजह से यह लाभ उपभोक्ताओं को भी मिलेगा, यह मिथ्या है। डिस्कॉम कानूनी रुप से बाध्य है, इन बिजली उत्पादकों से बिजली खरीदने और प्रोत्साहन देने के लिए।

उन्होंने अदालत को बताया कि वर्ष 2003-04 में राज्य सरकार को थर्मल पावर प्लांट से 3.50-4 रुपये प्रति यूनिट बिजली मिलती थी, और यही बिजली राज्य सरकार 5-5.30 रुपये की दर पर रिहाइशी उपयोग के लिये उपभोक्ताओं को बेचती थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-15 तक राजस्थान एक "एनर्जी डेफिसिट" स्टेट था। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार का कहना है कि उसे ओपन मार्केट में वर्ष 2019 में करीब 2.85 रुपये प्रति यूनिट तक की दरें मिल रही हैं, परंतु आज की तारीख में रिहाईशी उपयोग के लिये दर 8-9 रुपये प्रति यूनिट है और व्यवसायिक उपयोग के लिये लगभग 15 रुपये प्रति यूनिट है। उन्होंने कहा कि बिजली की उपलब्धता तथा बिजली की दरें यह निर्धारित नहीं कर रही हैं कि उपभोक्ताओं को इसका कितना लाभ मिलेगा।

डिस्कॉम में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार ही महंगी दरों का कारण हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग चार वर्ष से डिस्कॉम्स ने इस मामले में याचिकाकर्ताओं को एक रुपये का भुगतान भी नहीं किया है और उन्हें आज भी बिजली मिल रही है जिसे वे अन्य प्रदेशों की सरकार को बेच रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में डिस्कॉम्स की मॉनोपॉली बनाने के लिये राज्य सरकार ने उद्योगपतियों के लिये "ओपन एक्सेस" की सुविधा को विफल करने के लिये कई नये नियम कायदे लागू किये हैं। पाठकों को बता दें कि उद्योगपति "ओपन एक्सेस" यानी सौर ऊर्जा का प्लांट बनाकर स्वयं के लिये बिजली का उत्पादन कर सकते हैं, परंतु राज्य सरकार ने इस नीति को विफल करने के लिये "ओपन एक्सेस" प्लांटों पर भारी "वीलिंग चार्ज" (यानी सरकार के ग्रिड का इस्तेमाल करने के लिये भारी फिक्स चार्ज) लगा दिये हैं। रवि चिनारिया ने कहा, फिक्स चार्ज की दरें बढ़ा दी हैं, जिससे प्रदेश में कोई भी केप्टिव पावर प्लांट लगाना नहीं चाहता और दिल्ली में स्थित पावर एक्सचेंज से बिजली भी नहीं खरीदना चाहता।

उन्होंने कहा कि अदालत के समक्ष इस मामले में कई तथ्य ऐसे हैं जिससे साबित होता है कि राज्य सरकार और उसकी डिस्कॉम और विद्युत विनियामक आयोग मिले हुए थे और इनकी मिलीभगत से ही 2019 से याचिकाकर्ताओं को उनके द्वारा उत्पादित बिजली का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अगस्त 2018 में सभी डिस्कॉम्स ने आयोग को पत्र लिखकर कहा था कि "पूल रेट" मकैनिज़्म के तहत तय की गई दरों पर आर.ई.सी. मकैनिज़्म के तहत बने प्लांटों से बिजली नहीं खरीदेंगे। डिस्कॉम्स का कहना था कि "पूल रेट" (जो पिछले वर्ष डिस्कॉम्स द्वारा सभी स्रोतों से खरीदी गई बिजली का औसत है) पर बिजली खरीदना उन्हें महंगा पड़ रहा है। रवि चिनारिया ने अदालत को आगे बताया कि 5 मार्च 2019 को नियामक आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए तय किया था कि वह आर.ई.सी. मकैनिज़्म के तहत निर्मित पावर प्लांटों के लिये बिजली की दर को 3.14 रुपये प्रति यूनिट पर सीमित कर रहे हैं और जो निवेशक आर.ई.सी. मकैनिज़्म से बाहर जाना चाहते हैं, उन निवेशकों के लिये दर 3.17 रुपये प्रति यूनिट पर सीमित रखी जाती है।

रवि चिनारिया ने अदालत को कहा कि उनके मुवक्किल ने आयोग के फैसले को मानते हुए सभी डिस्कॉम्स से "परचेज पावर एग्रीमेंट" (पी.पी.ए.) हस्ताक्षरित करने के लिये पत्र लिखा था और 29 मार्च 2019 को सभी डिस्कॉम्स को अंडर टेकिंग भी दे दी थी, परंतु जब नवम्बर 2019 तक डिस्कॉम्स ने याचिकाकर्ताओं के साथ पी.पी.ए. हस्ताक्षरित नहीं किये तब उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना ही पड़ा।

उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल ने आयोग के समक्ष भी याचिका पेश की थी परंतु तब डिस्कॉम की तरफ से यह तथ्य छुपाया गया था कि वह उनके मुवक्किलों के साथ पी.पी.ए.हस्ताक्षरित करना चाहते थे। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि आयोग ने दरें सीमित करने से पहले इससे संबंधित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। उन्होंने अदालत को इस तथ्य से भी अवगत कराया कि डिस्कॉम्स और सरकार की तरफ से एक ही जवाब पेश किया गया है, परंतु हैरानी की बात है कि आयोग द्वारा प्रस्तुत जवाब सरकार व डिस्कॉम के जवाब से हूबहू मेल खाता है, जबकि आयोग एक स्वतंत्र संस्था है जो बिजली की दरें तय करता है और डिस्कॉम को बिजली खरीदने पर बाध्य भी कर सकता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908